सूर्योदय 6:16 सूर्यास्त 6:36

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.6 न्यू | 24.4 अधि |
| धर्मशाला | 17.3 न्यू | 28.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77606.43 |
| निफ्टी | 23591.95 |

सोना 89,840 चांदी 1,03,728

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 28 मार्च 2025 | 15 चैत्र, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 88, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



एलिस की खूबसूरती के आगे एक्ट्रेस भी फेल

पृष्ठ 14 पर

### आज का मैच

चेन्नई सुपर किंग्स vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

समय: रात 7:30 बजे (चेन्नई)

## न्यूज शॉर्ट्स

### 4 राज्यों के हाईकोर्ट में 10 न्यायाधीश नियुक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने राजस्थान, पंजाब, और हरियाणा उच्च न्यायालयों में सात स्थायी न्यायाधीशों की नियुक्ति की है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के तीन अपर न्यायाधीशों को उसी न्यायालय में एक वर्ष के लिए पुनः अपर न्यायाधीश नियुक्त किए जाने का निर्णय किया है। विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार राजस्थान हाईकोर्ट में चार अधिवक्ता और पंजाब हाईकोर्ट के तीन अपर न्यायाधीश क्रमशः इन न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किए गए हैं।

### दिल्ली हाईकोर्ट का उपराज्यपाल को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर की याचिका पर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को नोटिस जारी किया है। पाटकर ने उक्त याचिका में सक्सेना के खिलाफ वर्ष 2000 के अपने मानहानि मामले में नए गवाह से जिरह करने की अनुमति मांगी है। नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता पाटकर ने सक्सेना के खिलाफ एक मामला दायर किया है। पाटकर ने सक्सेना के खिलाफ उक्त मामला एक मानहानिकारक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए दायर किया है।

### बंगाल में भाजपा नेता के घर के बाहर बमबारी, एक जख्मी

**पश्चिम बंगाल।** बंगाल के भाटपाड़ा में भाजपा नेता अर्जुन सिंह के घर के बाहर अज्ञात हमलावरों ने बम फेंके और फायरिंग की, जिसमें एक युवक घायल हो गया। अर्जुन सिंह ने टीएमसी पार्षद सुनीता सिंह के बेटे नमित सिंह पर हमले का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि बुधवार देर रात को दो गुटों के विवाद के बाद बमबारी हुई। मौके से कई कारतूस और जिंदा बम बरामद हुए। पुलिस और आरटीएफ के जवान तैनात किए हैं। घायल युवक को कोलकाता रेफर किया गया।

### पुलिस ने भेजा कॉमेडियन कुणाल कामरा को समन

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के पैरोडी सांग के बाद विवादों में घिरे कॉमेडियन कुणाल कामरा को पुलिस ने 31 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। पुलिस अब तक उन्हें दो समन जारी कर चुकी है। उधर, अपने वीडियो में मिस्टर इंडिया फिल्म के गाने पर पैराडी करने की वजह से कुणाल को टी-सीरीज ने कॉपीराइट नोटिस भेजा है। कुणाल ने 'एक्स' पर यह जानकारी दी।



## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- व्यवस्था परिवर्तन को लेकर भाजपा विधायकों का सदन से वॉकआउट -पेज 3
- पीएचसी कोटला में नहीं हो रहा उपचार -पेज 4
- कोठी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से प्रवासी मजदूर की मौत -पेज 6
- ट्रंप ने आयातित कारों पर लगाया 25 फीसदी टैरिफ -पेज 13
- अर्जेंटीना को मेस्सी के 2026 विश्व कप तक खेलने की उम्मीद -पेज 14


# हिमाचल में माइनिंग पॉलिसी में होगा बदलाव : सीएम सुक्खू

## कहा- सरकार करेगी तथ्यों और मामलों का अध्ययन, जनता से भी लिए जाएंगे सुझाव

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमाचल** विधानसभा के बजट सत्र में वीरवार को माइनिंग पॉलिसी का मुद्दा उठा। चंबा के विधायक नीरज नैयर के सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में माइनिंग पॉलिसी में बदलाव किया जाएगा।

सीएम ने कहा कि सरकार इस बदलाव के लिए सभी तथ्यों और मामलों का अध्ययन करेगी और जनता से सुझाव भी लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान माइनिंग रूल्स 1971 से लागू हैं, जिनमें 2015 में कुछ संशोधन किए गए थे। इससे पहले भरमौर के विधायक डॉक्टर जनकराज के सवाल के जवाब में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि माइनिंग पॉलिसी के तहत चंबा जिले की सलूणी तहसील में स्यूल खड्ड के किनारे तलोड़ी में एक खनन पट्टा व उसके आसपास कंडला और मोहड़ी में एक-एक खनन पट्टा मंजूर किया गया है। खनन पट्टों को प्रदान करते समय माइनिंग पॉलिसी व नियमों का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। (अनंत ज्ञान)



### धर्मशाला में बनेगा देश का सबसे बड़ा इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि धर्मशाला के तपोवन क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर बनेगा। इसके निर्माण के लिए जगह को चिन्हित कर लिया है और यह प्रोजेक्ट एडीबी (एशियाई विकास बैंक) की सहायता से पूरा होगा। यह जानकारी मुख्यमंत्री ने विधायक सुधीर शर्मा के सवाल का जवाब देते हुए दी। सुक्खू ने बताया कि पिछले दो साल में एडीबी के तहत सरकार की ओर से कुल 844.15 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की गई है। इसके अलावा एडीबी के पास दायर 709.90 करोड़ रुपए के प्रतिपूर्ति दावों के मुकाबले प्रदेश को 677.69 करोड़ रुपए की धनराशि प्राप्त हो चुकी है।

### विधायकों को एक्सपोजर विजिट पर विदेश भेजेगी प्रदेश सरकार

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार आने वाले समय में सभी विधायकों को एक्सपोजर विजिट पर विदेश भेजेगी। उन्होंने कहा कि जब विधायक विदेशों में एक्सपोजर विजिट पर जाते हैं, तो उनके मन में नई सोच और दृष्टिकोण विकसित होता है, जो राज्य के विकास के लिए बेहद आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने विधायक विपिन परमार के स्कूली बच्चों के शैक्षणिक भ्रमण से संबंधित सवाल के जवाब में बताया कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि आने वाले समय में सभी विधायकों को किसी न किसी प्रोजेक्ट से जोड़कर विदेश भेजा जाए। वहीं, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विपिन परमार के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि स्कूली बच्चों के विदेश शैक्षणिक भ्रमण पर 1 करोड़ 59 लाख 50 हजार 22 रुपए खर्च किए गए हैं। शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए सिंगापुर की सरकारी शैक्षणिक संस्था प्रिंसिपल एकेडमी की ओर से आयोजित प्रशिक्षण पर 2 करोड़ 13 लाख 32 हजार 360 रुपए खर्च किए गए।

# हमीरपुर की ताल कृषि सहकारी सभा में दो करोड़ का घोटाला

## ऑडिट रिपोर्ट से हुआ खुलासा, एफडी करवाने वालों में हड़कंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**हमीरपुर** जिले की ताल स्थित कृषि सहकारी सभा में लोगों की एफडीआर में तकरीबन दो करोड़ का गड़बड़झाला हुआ है। ऑडिट रिपोर्ट के सामने आने के बाद अब लोगों में हड़कंप मच गया है। इस गड़बड़झाले का खुलासा वर्ष 2023-24 की ऑडिट रिपोर्ट में हुआ है, जबकि ऐसा पिछले काफी समय से हो रहा था। पहले के ऑडिट में यह अनियमितताएं क्यों नहीं निकलीं? इस पर भी ऑडिट करने वालों पर संदेह की सुई खड़ी हुई है।

**एआर बोलीं; जांच होगी, एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश**

सहकारिता विभाग की एआर बीना भाटिया ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट में घोटाले का खुलासा हुआ है। घोटाले की जांच करवाई जाएगी। करीब दो करोड़ के आसपास का गड़बड़झाला निकला है। सभा की प्रबंध समिति को एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए गए हैं। सभा के सचिव अजय पटियाल ने इस गड़बड़झाले से अनभिज्ञता जाहिर की है।

उन्होंने कहा कि अभी ऑडिट पूरा नहीं हुआ है। ऐसा उनकी जानकारी में नहीं है। वहीं, प्रबंध समिति के अध्यक्ष उत्तम कटोच ने बताया कि जैसे ही पता चला है तो सचिव से साफ कह दिया है कि जो कैश शॉर्ट है, उसे जमा किया जाए। उन्होंने 80 फीसदी की रिकवरी होने का दावा किया। 1200 शेयर होल्डर हैं। इनमें डिपॉजिट और विड्राल ठीक है। जिनका पैसा जमा है, उन्हें मिलान के लिए बुलाया गया था। पंचायत के प्रधान विनोद मिश्रा का कहना है कि इस गड़बड़झाले की जांच होनी चाहिए और जिन्होंने ऐसा किया उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं, 31 तक का फिर से अप-टू-डेट ऑडिट होगा।




### रातों-रात कुछ पैसा भी जमा करवाया

**फिक्स्ड** डिपॉजिट रसीद के नाम पर करीब दो करोड़ रुपए से ज्यादा का घोटाला हुआ है। खास बात यह है कि जैसे ही यहां ऑडिट शुरू हुआ और घोटाले का खुलासा ऑडिट टीम करने लगी, तो रातों रात कुछ पैसा जमा भी किया गया है।

### अभी तक 35 से 40 लाख की रिकवरी

**सूत्रों** के मुताबिक, अभी तक 35 से 40 लाख की रिकवरी भी हो गई है। अब पैसा जमा करवाने वालों की चिंताएं बढ़ गई हैं, क्योंकि करीब दो करोड़ के आसपास का फिक्स डिपॉजिट यदि गड़बड़झाले की भेंट चढ़ जाए, तो फिर इलाके की इस सभा पर विश्वास कौन करेगा? जिले में ही नहीं प्रदेश की कई सहकारी सभाएं गड़बड़झाले की गिरफ्त में हैं। हमीरपुर जिले में ढाई दर्जन से ज्यादा सहकारी सभा में घोटाले हो चुके हैं। कई मामले पेंडिंग चल रहे हैं। कई ऐसी सभाएं राजनीति के हस्तक्षेप के कारण रिकवरी को लेकर अधर में फंसी हुई हैं।

# डमी एडमिशन वाले नहीं दे पाएंगे सीबीएसई परीक्षा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 'डमी स्कूलों' में प्रवेश लेने वाले छात्रों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो छात्र नियमित कक्षाओं में शामिल नहीं होंगे, उन्हें 12वीं की बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा कि 'डमी स्कूलों' में प्रवेश के दुष्परिणामों की जिम्मेदारी स्वयं विद्यार्थियों और अभिभावकों की होगी।

सीबीएसई 'डमी स्कूलों' के खिलाफ जारी कार्रवाई के तहत परीक्षा उपनियमों में बदलाव करने पर विचार कर रही है, ताकि ऐसे छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं में बैठने से रोका जा सके। इन्हें राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) की परीक्षा देनी होगी।

यह मुद्दा हाल ही में हुई शासकीय बोर्ड बैठक में उठाया था, जहां यह सिफारिश की गई थी कि इस निर्णय को शैक्षणिक सत्र 2025-2026 से लागू किया जाए। वहीं, परीक्षा समिति में इस मामले पर विस्तार से चर्चा की गई और यह निष्कर्ष निकला कि बोर्ड के नियमों के अनुसार, बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने के लिए छात्रों की न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।

### ईस्ट इंडिया होटल कंपनी के पास ही रहेगा वाइल्ड फ्लावर हॉल का संचालन

**शिमला।** होटल वाइल्ड फ्लावर हॉल का संचालन फिलहाल ईस्ट इंडिया होटल कंपनी के पास ही रहेगा। यह कंपनी तब तक इस होटल का संचालन कर सकेगी, जब तक उसके संचालन के लिए नई टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं कर ली जाती। प्रदेश सरकार की ओर से हाईकोर्ट को बताया कि वह मौजूदा समय में इस होटल का संचालन करने में असमर्थ है और टेंडर प्रक्रिया को पूरा करने में कुछ समय लगेगा। होटल के स्वामित्व से जुड़े मामले में कोर्ट को बताया गया कि 31 मार्च को होटल का स्वामित्व सरकार को सौंप दिया जाएगा और होटल से जुड़े शेयरों का स्वामित्व हाईकोर्ट के आगामी आदेशों पर निर्भर करेगा।

# रोहिंग्या-बांग्लादेशियों ने अशांति फैलाई तो सख्ती से निपटेंगे

## शाह बोले- हर विदेशी की रखेंगे जानकारी, लोकसभा में इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल पास

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** में इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पास हो गया। बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारे देश में कौन आता है, कितने समय तक आता है, किसलिए आता है, ये जानना जरूरी है। हरेक विदेशी नागरिक का अपडेट इस बिल के बाद होगा। सुरक्षा को जो खतरे में डालेंगे, उन पर हमारी कड़ी नजर होगी, निगरानी भी होगी।

उन्होंने कहा कि रोहिंग्या-बांग्लादेशी अशांति फैलाने आएंगे, तो कड़ाई से निपटारा होगा। उन्होंने कहा कि अंतराष्ट्रीय कन्वेंशन का सिग्नेटरी भारत को होने की जरूरत क्यों नहीं है, क्योंकि 5000 सालों से हमारे देश का रिकॉर्ड बेदाग रहा है। उन्होंने कहा कि शरणार्थियों के प्रति इतिहास रहा है। हमारी स्वागत की संस्कृति की वजह से इसलिए हमें कानून की जरूरत नहीं थी।



### आपदा प्रबंधन विधेयक से जुड़े संशोधनों को मंजूरी

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने राष्ट्रीय और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के कुशल कामकाज के लिए लाए गए 'आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024' में राज्यसभा की ओर से किए गए संशोधनों को मंजूरी दे दी। गृह मंत्री शाह ने निचले सदन में राज्यसभा के संशोधनों के अनुमोदन वाला प्रस्ताव रखा, जिसे लोकसभा ने ध्वनिमत से मंजूरी दी।

### शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस किया खारिज

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस वीरवार को खारिज कर दिया। शाह ने अपने बयान को प्रमाणित करने के लिए 1948 की एक सरकारी प्रेस विज्ञप्ति का हवाला दिया था कि कांग्रेस के एक नेता प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष के प्रबंधन का हिस्सा थे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी पर 'आक्षेप लगाने' का आरोप लगाते हुए शाह के खिलाफ नोटिस दिया था।

# बिल-वाउचर हो गए तैयार, ट्रेजरी से पेमेंट का इंतजार

## जलशक्ति विभाग और पीडब्ल्यूडी में 29 मार्च को ठेकेदारों की हो पाएगी पेमेंट!

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**पीडब्ल्यूडी** और जलशक्ति विभाग सहित सूबे के कई प्रमुख विभाग 29 मार्च के इंतजार में हैं, क्योंकि ठेकेदारों की पेंडिंग चल रही पेमेंट्स को लेकर निपटारा होना है।

इन दिनों राज्य के इन तमाम विभागों में बिल वाउचर बनाने का काम तेजी के साथ हो रहा है, लेकिन अब आखिरी उम्मीद इन पेमेंट्स को लेकर ट्रेजरी के खुलने की है। कारण यह है कि बजट की कमी के कारण लंबे समय से ज्यादातर ठेकेदारों को पेमेंट नहीं हो पाई है। राज्य के लगभग सभी जिलों में यही स्थिति है। इक्का-दुक्का जगहों पर कुछ पेमेंट्स होती रही हैं, लेकिन निर्माण कार्यों की ज्यादातर पेमेंट्स लटकी हुई हैं। पेमेंट्स न होने की वजह से लाखों के काम स्लोडाउन हो चुके हैं।

वहीं, हमीरपुर में इन दोनों सभी कार्यों में बिल वाउचर बनाने काम जोर-शोर से चल रहा है। ठेकेदारों को उम्मीद है कि इस बार उन्हें निराशा नहीं होगी। उम्मीद है कि फाइनेंशियल ईयर क्लोज इस बार 31 मार्च की बजाए 29 मार्च को हो जाएगा, क्योंकि 30 और 31 मार्च की छुट्टी है, इसीलिए 29 तारीख तक ही उम्मीदें टिकी हुई हैं। पेमेंट्स होनी होगी, तो 29 मार्च की रात तक ही यह स्थिति क्लीयर हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### कई माह से नहीं हुआ है भुगतान

**पीडब्ल्यूडी** में करोड़ों के निर्माण कार्य स्लोडाउन हैं, क्योंकि कई माह से पेमेंट नहीं हो पाई है। वहीं, जलशक्ति विभाग में वेंडर्स जो योजनाओं की मशीनरी को दुरुस्त करते हैं, उनकी पेमेंट्स भी करोड़ों में है। हमीरपुर में ही करीब आधा दर्जन ठेकेदार हैं, जिनकी पेमेंट्स 50 से 70 लाख के बीच में एक-एक ठेकेदार की पेंडिंग है। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन दीपक कपिल का कहना है कि बिल-वाउचर तैयार हो गए हैं। अब उम्मीद है कि इस बार पेमेंट्स हो जाएगी। जलशक्ति विभाग के एसई नीरज भोगल का कहना है कि विभाग की तरफ से कोई कमी नहीं है। बिल वाउचर सारे तैयार हो चुके हैं। अब इनके निपटारे के लिए ट्रेजरी में पर्याप्त फंड होंगे, तो क्लीयर हो जाएंगे। 30 और 31 मार्च की तो छुट्टी है और 29 तक ही यह क्लीयर होने हैं।

# कठुआ में मुठभेड़; दो आतंकी मार गिराए, पांच जवान जख्मी



**एजेंसी, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर के कठुआ में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर में 2 आतंकी मारे गए हैं। एनकाउंटर में पांच सुरक्षाकर्मी भी जख्मी हुए हैं।

सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच वीरवार सुबह से मुठभेड़ जारी है। डीएसपी धीरज सिंह समेत पांच सुरक्षाकर्मियों को गोली लगी है, जिन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और ऑपरेशन जारी है। जुठाना इलाके में 4-5 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान फायरिंग शुरू हो गई।

### बलूचिस्तान में बस पर हमला, छह की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में बंदूकधारियों ने एक यात्री बस पर हमला कर छह लोगों की हत्या कर दी। ग्वादर के डिप्टी कमिश्नर हमूदुर रहमान ने बताया कि यह हमला प्रांत के ग्वादर जिले में हुआ, जब हथियारबंद लोगों ने कलमत इलाके में कराची जाने वाली बस के यात्रियों की हत्या कर दी। इस हमले की किसी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन अतीत में जातीय बलूच आतंकवादी समूहों ने पंजाब के लोगों के खिलाफ इस तरह के लक्षित हमले किए हैं। वहीं, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की निंदा की है। वहीं, सोहबतपुर में एक घर में हमला कर परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी।

**कीर्तिमान** पिछले वर्ष हैपेटाइटिस बी; रेबीज, डिप्थीरिया समेत कई वैक्सीन के 7300 बैच किए जारी

# जीवनरक्षक वैक्सीन रिलीज करने में कसौली सीडीएल अव्वल

**आर मोहन चौहान, सोलन**

अनंत ज्ञान स्पैशल

**सेंट्रल** ड्रग्स लैबोरेटरी (सीडीएल) कसौली ने देश-विदेश में लोगों की जान बचाने की वैक्सीन रिलीज करने में नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है।

पिछले वर्ष यानी जनवरी, से दिसंबर, 2024 तक जीवन रक्षक विभिन्न वैक्सीन के 7300 बैच जारी किए हैं। इसमें हैपेटाइटिस बी, रेबीज, डिप्थीरिया समेत अन्य कई जीवन रक्षक वैक्सीन शामिल है। कोरोना वायरस से बचाने के लिए भी वैक्सीन बैच रिलीज किए हैं। हालांकि, बीसीजी रेबीज, स्नेक बाइट एंटीसीरम, टायफाइड, मलेरिया, हैपेटाइटिस, टेटनस समेत अन्य के बैच सबसे अधिक है। सभी बैच का परीक्षण कार्य सीडीएल कसौली में हुआ है। वैक्सीन की शुद्धता और गुणवत्ता जांचने के बाद कंपनी को बाजार में उतारने के लिए सर्टिफिकेट दिया। 2024 में बीसीजी, बीओपीवी, डिप्थीरिया एंटॉक्सिन, डीटीपी, डीटीपी+ एचईपीबी +एचआईबी, ह्यूमन पेपीलोमा वैक्सीन, हर्पिज जूस्टर वैक्सीन, आईपीवी, रोटा वायरस, टीडी वैक्सीन, वरिसिल्ला वैक्सीन, येलो फीवर वैक्सीन, इंफ्लूएंजा वैक्सीन, मिजल्स वैक्सीन, मिजल्स और रुबेला, मिजल्स-मूमप्स-रुबेला, मेनिगोकोकल वैक्सीन, एनओपीवी, ओएनसीओ-बीसीजी, पेन्यूमोकोकल वैक्सीन समेत अन्य वैक्सीन के हजारों बैच जारी किए हैं। (अनंत ज्ञान)




### कोरोनाकाल में हुआ सराहनीय कार्य

**कोरोनाकाल** के दौरान सीडीएल कसौली ने लोगों को बचाने के लिए तेजी से वैक्सीन का परीक्षण किया था। इस दौरान दिन व रात लैब में कोविशिल्ड, कोवैक्सीन, स्पूतनिक समेत कई वैक्सीन का परीक्षण किया था। यहीं नहीं सीडीएल कसौली से जांच के बाद लोगों को लगाई गई थी।

### मानकों से कोई समझौता नहीं

**सीडीएल** कसौली में वर्ष 2024 में वैक्सीन के आठ सैंपल फेल हुए थे। इनमें टीटी वैक्सीन के चार, रेबीज एंटीसीरम का एक और रेबीज वैक्सीन के तीन सैंपल मानकों पर खरे नहीं उतरे थे। इससे यह संदेश दिया गया कि प्रयोगशाला में नियमों के अनुसार ही कार्य हो रहा है, ताकि लोगों को बेहतर वैक्सीन ही उपलब्ध हो सके।

### पीएम 19 अप्रैल को दिखाएंगे कटरा से कश्मीर तक वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को कटरा से कश्मीर तक चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके साथ ही कश्मीर तक ट्रेन सेवा शुरू हो जाएगी। यह ट्रेन रियासी जिले के कटरा कस्बे से चलेगी और पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला को पार करते हुए श्रीनगर पहुंचेगी और फिर उत्तरी कश्मीर के बारामूला में अपने अंतिम गंतव्य तक पहुंचेगी। प्रधानमंत्री 19 अप्रैल को माता वैष्णो देवी बेस कैंप कटरा पहुंचेंगे और घाटी के लिए वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि जम्मू रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्मों की संख्या में वृद्धि सहित विस्तारकार्य पूरा होने के बाद उम्मीद है कि इस साल जुलाई-अगस्त तक घाटी के लिए ट्रेन जम्मू से परिचालन शुरू कर दी जाएगी।



## न्यूज ब्रीफ

### नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए 18 जनवरी को आयोजित चयन परीक्षा और नौवीं कक्षा में रिक्त सीटों को भरने के लिए 8 फरवरी को ली गई लेटरल एंट्री परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। विद्यालय के प्राचार्य विक्रम कुमार ने नौवीं कक्षा में लेटरल एंट्री वाले चयनित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों से संबंधित औपचारिकताएं को निर्धारित अवधि के भीतर पूरा कर लें तथा जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश की पुष्टि होने के बाद ही पिछले स्कूल का ट्रांसफर सर्टिफिकेट लें। अधिक जानकारी के लिए नवोदय विद्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### जनैहन स्कूल के कृष का नवोदय में चयन



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** राजकीय प्राइमरी स्कूल जनैहन का कृष नवोदय के लिए चयनित हुआ है। नवोदय में चयनित होने पर स्कूल हेड टीचर रमन बाला तथा स्कूल अध्यापक सुरेंद्र कुमार ने होनहार छात्र को शुभकामनाएं दी हैं। कृष के पिता जोगिंदर कुमार एक साधारण व्यक्ति हैं तथा माता गृहिणी हैं। अभिभावकों ने नवोदय में चयन होने पर स्कूल प्रबंधन के साथ-साथ स्कूल के अध्यापकों को इसका श्रेय दिया है।

### लक्ष्मी स्कूल भोटी का छात्र नवोदय के लिए सिलेक्ट



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** लक्ष्मी मैमोरियल पब्लिक स्कूल भोटी के छात्र अर्नव सिंह का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। अर्नव की यह सफलता उनके परिश्रम और लगन का नतीजा है। उनके इस उपलब्धि से विद्यालय का नाम रोशन हुआ है और वह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना है। स्कूल प्रबंधक करतार सिंह चौहान सहित विद्यालय परिवार ने अर्नव को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बनी स्कूल की छात्रा नवोदय के लिए चयनित



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उपमंडल बड़सर के अतर्गत पढ़ने वाला निजी शिक्षा संस्थान प्रदेश पब्लिक इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बनी की छात्रा यासना का चयन नवोदय के लिए हुआ है। सलोनी कस्बे में बड़ी पली यासना के पिता अमित कुमार आयुर्वेदिक विभाग में फार्मेसी के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता निशा देवी गृहिणी हैं। होनहार छात्रा के दादा एक बहुत बड़े समाजसेवी थे, जिनको इसका श्रेय जाता है।

### सनातन ट्यूटोरियल के 9 छात्र अब नवोदय में पढ़ेंगे

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उपमंडल बड़सर में स्थित सनातन ट्यूटोरियल अकादमी मैहरे के 9 विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय डूंगरी के लिए हुआ है। संस्थान के प्रबंधक अनिल शर्मा तथा रेनू ठाकुर ने बताया की तानिश, महानसा, रुद्रा, आरव शर्मा, पूर्वांश, राजवीर, आरविज शिवांशी एवं कनिष्क ने नवोदय विद्यालय की परीक्षा में सफल होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रबंधक मडल ने बताया कि संस्थान वर्ष 2013 से भी मैहरे में अपनी सेवाएं दे रहा है, अभी तक 150 से ज्यादा बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय सैनिक स्कूल तथा मिलिट्री स्कूल और आर्मी स्कूल के लिए हो चुका है। प्रबंधन ने बच्चों की इस उपलब्धि के लिए उनके अभिभावकों को भी शुभकामनाएं दी हैं।

### झन्यारी माता मंदिर में श्रीराम कथा 30 से

**सुनील कुमार, हमीरपुर।** चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर झन्यारी माता मंदिर में श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर कमेटी के प्रधान प्रवीण शर्मा ने बताया कि 30 मार्च से श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथा व्यास महंत राकेश दास महात्यागी श्री सत्यनारायण मंदिर हमीरपुर से श्रीराम कथा का गुणगान करेंगे। इस दौरान कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। रोज सुबह पूजा व संध्य आरती संकीर्तन भी किया जाएगा। 6 अप्रैल को सुबह से दोपहर तक भगवती संकीर्तन व दोपहर बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर उपप्रधान शशि शर्मा, अध्यक्ष नाथूराम, सचिव सुरेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रेमलाल, उपकोष अध्यक्ष धनीराम, लेखा निरीक्षक उत्तम चंद, सदस्य राजकुमार, पृथ्वी चंद, बिसन दत्त कालिया, अजय शर्मा व ललित शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### नादौन के कई क्षेत्रों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल नादौन के अंर्तगत नादौन बस स्टैंड व आसपास के क्षेत्रों की बिजली 29 मार्च को प्रातः 9 बजे से सांय 6 बजे तक बंद रहेगी। यह जानकारी देते हुए एसडीओ नादौन अक्षय कुमार ने यहां जारी प्रैस ब्यान में बताया कि 29 मार्च को 132 केवी/33/11 केवी सब स्टेशन गगाल के अंर्तगत11 केवी नादौन फीडर की विद्युत लाइनों की रिपेयर व उचित रख रखाव किया जाएगा। इस लिए नादौन बस स्टैंड के अलावा होशियारपुर रोड़, कोट,रेहन बसेरा और इसके आस पास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे सहयोग करें।

### मिनी सचिवालय में दुकान और कैंटीन की नीलामी 9 को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** मिनी सचिवालय परिसर भोरंज में दुकान नंबर 208 और कमरा नंबर 102 में एक कैंटीन को किराये पर दिया जाएगा। इनकी नीलामी प्रक्रिया 9 अप्रैल को सुबह 11 बजे मिनी सचिवालय परिसर में पूर्ण की जाएगी। एसडीएम शशिपाल शर्मा ने इच्छुक लोगों से इस नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है। नीलामी के नियमों एवं अन्य शर्तों की जानकारी के लिए एसडीएम कार्यालय में संपर्क करें।

### हेल्थ वेलनेस सेंटर में बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, भोटा।** पाहलू पंचायत में वीरवार को हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की ब्लॉक बिझड़ी की वार्षिक मीटिंग संपन्न हुई, जिसमें पंचायत के सभी स्त्री-पुरुषों ने भाग लिया। इस मीटिंग की अध्यक्षता रिटायर्ड कैप्टन बुद्धि सिंह द्वारा की गई। हेल्थ केंद्र ब्लॉक के किनारे पंचायत के कुछ गणमान्य व्यक्तियों द्वारा शुवेच्छा से दान स्वरूप बनाया गया टीन शैड व उसके अंदर लगाए स्टील के बेंच एवं वाटर कूलर उपलब्ध है, का अध्यक्ष ने रिबन काटकर उद्घाटन किया। सीएचओ पूनम शर्मा ने इस अवसर पर सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया एवं दानियों का आभार व्यक्त किया तथा इस केंद्र में पेश आ रही कठिनाइयों पर भी चर्चा की। कुछ छोटे-मोटे कार्यों को पूरा करने के लिए सदस्यों से अपने स्तर पर कार्य वित्त करने का आश्वासन दिया।

### नादौन कॉलेज में आवेदन प्रक्रिया की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन में राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसके संयोजक प्रो. रविकांत गर्ग हैं। इस अवसर पर एनएपीएस टीम से वीरेंद्र कुमार ग्रुप इंस्ट्रक्टर, राहुल शर्मा इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेनर और अभिषेक सिंघानिया डीईओ ने भाग लिया। उन्होंने प्रशिक्षुओं को एनएपीएस पोर्टल पर पंजीकरण और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को इस योजना के लाभों के प्रति जागरूक करना और उन्हें उद्योगों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना था।

# स्वास्थ्य विभाग ने दवाइयों के लिए सैंपल

## हमीरपुर और नादौन में बनी 32 दवाइयों को ड्रग टेस्टिंग लैब बद्दी में जांच के लिए भेजा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न हो, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग निजी मेडिकल स्टोर और सरकारी फार्मेसी में दवाइयों की गुणवत्ता को जांचने के समय-समय पर कार्रवाई करता रहता है। मार्च माह में भी स्वास्थ्य विभाग ने हमीरपुर और नादौन के निजी मेडिकल स्टोर की दुकानों में दबिश देकर दवाइयों कै सैंपल लिए। इसके अलावा सरकारी फार्मेसी में भी दवाइयों के सैंपल लिए गए हैं।

बता दें कि हमीरपुर में सरकारी फार्मेसी में 12 दवाइयों के और निजी मेडिकल स्टोर की दुकानों से 9 दवाइयों के सैंपल लिए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने इन सैंपलों को ड्रग टैस्टिंग लैब बद्दी में जांच के लिए भेज दिया है। लोगों को गुणवत्ता पूर्ण दवाइयां उपलब्ध हों, इसके स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। गुणवत्ता में कमी पाए जाने के उपरांत संबंधित दवाई कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग ने



**दवाइयां खराब पाई गईं तो होगी कड़ी कार्रवाई**

जगह-जगह दबिश देकर दवाइयों के सैंपल भरे हैं। माना जा रहा है कि जांच रिपोर्ट आगामी एक दो माह बाद आएगी। इसके बाद ही दवाइयों की गुणवत्ता का पता चलेगा। विभाग की मानें तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मेडिसिन स्टोर से 12 दवाइयों के सैंपल भरे गए हैं।

इनमें पैरासिटामोल, एमोक्सीक्लेब व मेटरीडाजोल, एंटीबायोटिक, बुखार, कफ सिरप, एंटी एलर्जिक, और बीपी की दवाइंयां शामिल हैं। निजी मेडिकल स्टोर से दवाइयों के नौ सैंपल लिए गए हैं। इसके अलावा नादौन में भी ड्रग इंस्पेक्टर आकांक्षा शर्मा ने ब्लॉक मेडिकल स्टोर में 11 दवाइयों के सैंपल भरे हैं। इनमें एंटीबायोटिक और कफ सिरप के साथ अन्य दवाओं के सैंपल लिए गए हैं।

हालांकि विभागीय टीम का सभी मेडिकल स्टोर मालिकों ने साथ दिया तथा दवाइयों के सैंपल भरवाए। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग निजी मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधित दवाइयों को दबिश देकर नशे के कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करता रहता है। इस दौरान मेडिकल स्टोर में बेची जाने वाली दवाइयों की जांच करने के लिए सैंपल लेकर जांच करवाता है। स्वास्थ्य विभाग के ड्रग इंस्पेक्टर दिनेश गौतम ने बताया कि हमीरपुर और नादौन में निजी मेडिकल स्टोर और सरकारी फार्मेसी में दी जाने वाली दवाइयों की गुणवत्ता जांचने के 32 दवाइयों के सैंपल लिए हैं।

उन्होंने बताया कि इन सैंपलों को ड्रग टैस्टिंग लैब बद्दी में जांच के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन सैंपलों की रिपोर्ट एक दो महीने में आएगी। उन्होंने बताया कि यदि दवाइयों के सैंपल फेल पाए जाते हैं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**नशे में प्रयोग होने वाली दवाइयों का रखा जा रहा रिकॉर्ड**

हमीरपुर में खांसी और कफ सिरप को नशे के तौर पर इस्तेमाल करते दो युवकों को लोगों ने पकड़ा था। युवकों ने पूछताछ के दौरान कई खुलासे किए थे। इस दौरान मेडिकल स्टोर और अन्य दवा विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की थी। स्वास्थ्य विभाग ने ऐसी दवाइयों का रिकॉर्ड रखने का निर्देश दिया था। स्वास्थ्य विभाग अब प्रत्येक माह इस रिकॉर्ड की जांच कर नजर रख रहा है।

## अब चुनाव आयोग को भी हाईजैक करने का केंद्र सरकार कर रही प्रयास: कौशल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



हिमाचल कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा है कि ईडी, सीबीआई चुनाव आयोग के उपरांत अब वर्तमान केंद्र सरकार लोकतंत्र के मंदिर संसद को भी हाइजैक करने का प्रयास कर रही है। कौशल ने कहा कि संसद के अंदर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रति माननीय लोकसभा अध्यक्ष का व्यवहार पक्षपातपूर्ण एवं अपमानित करने वाला है।

संसद के अंदर नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जाना लोकतांत्रिक परंपराओं का गला घोंटने जैसा है। कौशल ने कहा कि विपक्षी नेताओं विशेषकर राहुल गांधी के प्रति पक्षपात और उपेक्षापूर्ण रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ लोकतंत्र की हत्या करने जैसा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश हर से वर्ग की से सीधा संवाद कर कमजोर, मजदूर, मेहनतकश और उपेक्षित देशवासियों की आवाज बन सरकार के समक्ष संसद में उनके मुद्दे उठाने का प्रयास कर रहे हैं, मगर तानाशाह सरकार इस बुलंद आवाज को दबाने का षड्यंत्र कर रही है।

कौशल ने कहा कि राहुल गांधी को रोकने और दबाने के भाजपा सरकार के मनसूबे पूरे नहीं होंगे। कांग्रेस पार्टी मल्लिकार्जुन खडगे और राहुल गांधी के नेतृत्व में जनता के मुद्दों तथा लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा की लड़ाई सड़कों पर उतर कर लड़ेगी।

### सुजानपुर से खेरी वाया दुधला रोड 10 तक बंद रहेगा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर से खेरी वाया दुधला रोड सड़क निर्माण होने के चलते 10 अप्रैल तक बंद रहेगा। एसडीओ संसार चंद ने बताया कि इस रोड पर तारकोल बिछाने का कार्य चल रहा है, जिसको लेकर, दुधला स्थान पर सड़क संकरी होने के कारण यातायात और कार्य एक साथ करना संभव नहीं होगा।

ऊहल कक्कड़ की ओर से आने वाले यातायात को कक्कड़ बस स्टॉप से कक्कड़ बजरोल जंगलबेरी रोड पर डायवर्ट किया गया है। जंगलबेरी पुल पर सुजानपुर संधोल रोड से जोड़ा जाएगा। इसी तरह कक्कड़, भेरडा, खनौली की ओर से आने वाले सभी यातायात को कक्कड़ सचुही रोड महेशकवाल से डायवर्ट किया गया है और खेरी पुल पर सुजानपुर संधोल रोड से जोड़ा गया है। उन्होंने वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### लापता व्यक्ति का नाले में मिला शव

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर के दोसडका में एक नाले में एक व्यक्ति का शव मिला है। उक्त व्यक्ति की पहचान दाड़ला पंचायत के मिहाडपुर के निवासी शिवशरण के रूप में हुई है। उक्त शव गल-सड़ गया था। पंचायत प्रधान जगन कटोच ने बताया कि शिव सरन टोकरी आदि बनाने का कार्य करता था।

स्थानीय व्यक्ति ने नाले में शव को देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सुजानपुर के एसएचओ राकेश धीमान ने बताया कि शिव शरण निवासी मिहाडपुर 16 मार्च से लापता था, जिसकी रिपोर्ट स्थानीय थाना में 23 मार्च को दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया कि परिजनों ने किसी भी तरह का कोई शक जाहिर नहीं किया है।

## उपायुक्त कार्यालय में बड़ी स्क्रीन पर मिलेगी योजनाओं की जानकारी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपायुक्त कार्यालय परिसर में आगंतुकों की सुविधा के लिए बनाए गए एक बड़े हॉल एवं रेडक्रॉस कैंटीन में लोगों को विभिन्न विभागों की कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों, उपलब्धियों, सफलता की कहानियों और जागरूकता अभियानों की जानकारी भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

इसके लिए हॉल में 85 इंच की एक बड़ी एलईडी टीवी स्क्रीन लगाई गई है। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने वीरवार को इस एलईडी टीवी स्क्रीन का शुभारंभ किया। अभी इसमें मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना और प्रदेश सरकार की कुछ अन्य योजनाओं से संबंधित वीडियो एवं लघु वृत्तचित्र दिखाए जा रहे हैं।

उपायुक्त ने बताया कि आने वाले दिनों में इस स्क्रीन पर अधिक से अधिक विभागों की योजनाओं एवं उपलब्धियों के वीडियो दिखाए जाएंगे।

## भरेड़ी बाजार में तीन बार पानी के छिड़काव की मांग

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के तहत आजकल बस्सी से तताहर तक सड़क का कार्य चला हुआ है। भरेड़ी बाजार में मिट्टी व धूल उड़ने से दुकानों में रखा सामान खराब हो रहा है व राहगीरों को भी चलने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि पिछले 4 माह से सड़क का कार्य चल जो धीमे गति से चला है, जिससे क्षेत्रवासियों को परेशानी हो रही है।

मिट्टी व धूल से परेशान ग्रामीण समस्या को लेकर वीरवार को भोरंज एसडीएम शशिपाल से मिले व ज्ञापन देकर पूरी समस्या को बताया, साथ ही कंपनी को जो सड़क निर्माण कार्य कर रही है, उसे भरेड़ी बाजार में साढ़े 8 बजे, साढ़े 12 बजे व साढ़े 3 बजे पानी का छिड़काव करने के आदेश देने के लिए कहा। इस मौके पर प्रधान पपलाह अंकुश सैणी, टेक चंद कौशल, विपिन शर्मा, विजय शर्मा, प्रधान भुक्कड़ किशोर चंद, मनोहर लाल, प्रीतम चंद, कश्मीर सिंह, धर्म चंद, यशवंत भारद्वाज, वीरेंद्र कुमार, दीपक राज, निर्मल कुमार, अमित कुमार, शशी कुमार, सुरेश कुमार, कर्म कुमार, सौरव इत्यादि ने तीन बार भरेड़ी बाजार में पानी छिड़कने व शीघ्र सड़क को पक्का करने की मांग की।

उधर, इस बारे भोरंज के एसडीएम शशिपाल शर्मा ने आश्वासन दिया कि दो दिन बाद कंपनी के साथ बैठक है। कंपनी को तीन बार पानी छिड़कने व कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश देंगे।



**ग्रामीणों ने भोरंज के एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

## होली मेले में कारोबार करने आए दुकानदार मायूस

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

ऐतिहासिक चौगान में चल रहे राष्ट्रीय स्तरीय होली उत्सव को लेकर दुकानदारों की उम्मीद की तरह व्यापार नहीं चमक पा रहा है। मेले में आए दुकानदारों द्वारा बेचने के लिए रखे गए सामान में दिलचस्पी नहीं दिखा पा रहे हैं। खास तौर पर अवकाश के दिन रविवार को भारी भीड़ होने के बाद बाकी दिनों में मंदी देखने को मिल रही हैं। कारोबार में हर दिन कोई चमक नहीं दिख रही है

राष्ट्रीय स्तरीय होली उत्सव का 12 मार्च को शुभारंभ किया गया था, जो कि एक महीने तक चलेगा, लेकिन मेले में आगामी दिनों में ही कारोबार की उम्मीद दुकानदार लगा रहे हैं। एक और जहां विद्यार्थी की वार्षिक परीक्षाएं चली हुई हैं, तो वहीं दूसरी ओर भी महीने के अंतिम दिन भी कर्मचारियों के लिए धन की कमी आड़े आती है।

बाहर से आए हुए व्यापारी दुकानदारों ने मेले में अच्छे कारोबार को लेकर के सरकारी बोली से कई गुना अधिक बोली देकर के दुकानदारी के लिए तहवाजारी के रूप में प्लांट अपने नाम करवाए थे , जिससे अच्छे कारोबार होने की उम्मीद थी लेकिन अभी तक जिस तरह मेले में भीड़ उमड़ रही है, उस तरह से व्यापार न होने के कारण दुकानदारों के माथे पर परेशानी की लकीरें माथे पर दिख रही हैं।

दुकानदारों को अभी उम्मीद है कि आगामी दिनों में मेले में अच्छा कारोबार होगा तथा अच्छा व्यवसाय होने से उनके कारोबार की बंधी हुई उम्मीद पूरी होगी। मेले में बाहर से आए व्यापारियों का जहां उत्तर प्रदेश से विभिन्न विभिन्न प्रकार का फर्नीचर का बाजार देखने को मिल रहा है, वहीं लोहे के सामान की मार्केट भी है। इसके अलावा तरह-तरह खानपान की दुकान सेल का सामान अन्य व्यापार कारोबार के अलावा झूले डोम इत्यादि मेले की शोभा बढ़ा रहे हैं।

**एक-दो दिन को छोड़कर हर दिन काम में रह रही मंदी**

## एकनाथ शिंदे को बार-बार गद्दार कहना बेहद शर्मनाक : भरमौरिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



हिमाचल अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष प्रेम सिंह भरमौरिया ने कहा है कि बाला साहब ठाकरे के अति महत्वाकांक्षी सत्ता के भूखे पुत्र उद्धव ठाकरे द्वारा बाला साहब ठाकरे के कटर समर्थक एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को बार-बार गद्दार कहना गलत ही नहीं गाली देने के समान है।

उन्होंने कहा कि हिन्दू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे को गाली देने के बराबर है क्योंकि असली गद्दार तो उदव ठाकरे और संजय राउत हैं, जिन्होंने मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ा और बाला साहब की आत्मा को आहत कर के कांग्रेस पार्टी के साथ सरकार बना कर असली गद्दारी की थी और ठाकरे का अपमान किया था।

इसका बदला एकनाथ शिंदे ने उसे सता से बाहर कर के अपने गुरु ठाकरे साहब के अपमान का बदला लिया था और ठाकरे साहब का असली उत्तराधिकारी साबित किया था। उद्धव ठाकरे को गद्दार एवं कांग्रेस का पीठू साबित कर दिया था। उद्धव ठाकरे को अहंकार छोड़ कर शिव सैनिकों से माफी मांग कर बाला साहब ठाकरे की आत्मा को शांति प्रदान करनी चाहिए ताकि उन्हें प्रायश्चित करने का मौका मिले।

### वीरवार को चढ़ा 17.23 लाख का चढ़ावा

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में वीरवार को 20 हजार श्रद्धालुओं ने गुफा के दर्शन करके 17 लाख 23 हजार 494 रुपए बाबा जी की गुफा में अर्पित किए।

अध्यक्ष टेंपल एवं एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने नई जानकारी साझा करते हुए बताया कि दान के रूप में 50 लाख 79 हजार 494 रुपए गुफा में, 12 लाख 24 हजार 564 रु पए चढ़ावे के रूप में प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्ण 02 ग्राम 570 एमजी, सिल्वर 23 ग्राम 640 एमजी, इंग्लैंड पाउंड 150, यूएसए में डॉलर 120, यूरो 530, कनाडा डॉलर 70, यूएई 30, कतर रियाल 11 विदेशी मुद्रा के रूप में प्राप्त हुए हैं।

## सतत् जीवन शैली अपनाने की आवश्यकता पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद (हिमकोस्टे) व प्रारंभिक शिक्षा विभाग हमीरपुर के सहयोग से ग्रीन स्कूल कार्यक्रम पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन गवर्नमेंट ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर में किया गया।

इस कार्यशाला का शुभारंभ प्रारंभिक शिक्षा विभाग हमीरपुर के उपनिदेशक कमल किशोर ने किया। इस कार्यशाला में हमीरपुर जिले के 30 ईको क्लब प्रभारी शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्रों का नेतृत्व नई दिल्ली स्थित सेंटर फॉर साइंस एंड इंवायरनमेंट से विषय विशेषज्ञ नीरज कुमार ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि उपनिदेशक ने वर्तमान समाज में सतत् जीवन शैली अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यशाला में डिप्टी डीईओ वंदना धीमान, सुपरिंटेंडेंट ग्रेड वन कश्मीर सिंह, जिला विज्ञान पर्यवेक्षक हमीरपुर राजेश गौतम, प्रधानाचार्य मुश्ताक मोहम्मद, वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक रिशव राणा व विज्ञान संघ के जिला प्रधान विकेश कौशल शामिल रहे।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के दिए टिप्स

**एसके ठाकुर, बड़सर**

विकास खंड कार्यालय बिझड़ी में एनआरएलएम के सौजन्य से महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के अंतर्गत एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विकास खंड अधिकारी राजेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने विभागीय योजनाओं से महिला किसानों को अवगत करवाते हुए कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपना दमखम दिखा रही हैं।

कृषि, बागवानी और पशुधन को अपनाकर आर्थिक रूप से सुदृढ़ बन सकती है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न लाभकारी योजनाओं से अवगत करवाया। कार्यक्रम में उद्यान विकास अधिकारी मीनाक्षी राणा ने महिला किसान सशक्तिकरण के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए बताया कि विकास खंड की महारल, सठवीं, समैला पंचायतों के लिए कृषि के साथ-साथ बागवानी क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए आईएफएससी योजना शुरू की है, जिसके तहत महिला किसानों को कृषि के साथ पशुधन बागवानी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए ग्राउंड जीरो पर प्रदेश सरकार ने विभिन्न योजनाओं को आरंभ किया है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली महिलाएं आजीविका अर्जित कर आत्मनिर्भर बन सकें। जागरूकता शिविर में विकास खंड अधिकारी भारतीय जीवन बीमा निगम गौरव चौहान ने बीमा सखी योजना से अवगत करवाया। वेटरनरी डॉक्टर विश्वदीप राठौर ने पशुधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। महिला किसान सशक्तिकरण जागरूकता शिविर में लगभग 300 के करीब किसान महिलाओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर एनआरएमल परियोजना मिशन कार्यकारी अधिकारी अनूप कुमार, नेहा ठाकुर प्रधान किरण बाला, सचिव अरुणा शर्मा, अंजना, अनीता, किरण तथा रेशमी देवी आदि उपस्थित रहीं। (अनंत ज्ञान)



मीनाक्षी राणा किसान महिलाओं को संबोधित करती हुई।

## एनआईटी हमीरपुर में प्लेसमेंट ड्राइव में 80 प्रतिशत छात्र चयनित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एनआईटी हमीरपुर के भर्ती सूचकांक में कॉर्पोरेट क्षेत्र का विश्वास दिखाई देता है, जो सत्र 2024-25 के लिए अब तक 80 प्रतिशत पर पहुंच गया है। संस्थान का प्लेसमेंट परिदृश्य 2 करोड़ के उच्चतम पैकेज के साथ 90 प्रतिशत प्लेसमेंट के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग को सर्वोच्च उपलब्धि वाला विभाग दर्शाता है।

एनआईटी हमीरपुर के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी छात्र को इतना आकर्षक पारिश्रमिक दिया गया है। इस वर्ष के लिए कंप्यूटर विज्ञान, गणित और कंप्यूटिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल और केमिकल इंजीनियरिंग के छात्रों को भी आकर्षक पैकेज के साथ कंपनियों का प्राथमिक फोकस के रूप में रखा गया है। अस्थिर बाजार परिदृश्य के बावजूद कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों जैसे प्रसिद्ध ब्रांडों ने एनआईटी हमीरपुर से बड़ी संख्या में छात्रों की भर्ती की है और 62 लाख रुपए का दूसरा सबसे बड़ा पैकेज पेश किया है।

संस्थान के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने एनआईटी हमीरपुर में उनके विश्वास और भरोसे के लिए सभी कॉरपोरेट्स को धन्यवाद दिया।संस्थान की रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष नानोटी ने छात्रों को बधाई दी। प्रशिक्षण और प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. सोमेश कुमार शर्मा ने एक सराहनीय कुल प्लेसमेंट सूचकांक की आशा जताई, जो अंततः जून, 2025 के महीने में समाप्त हो जाएगा।

**उपलब्धि** हिमाचल वुशू खेल संघ के पदाधिकारियों व खिलाड़ियों ने जताई खुशी

## फेडरेशन कप में हिमाचल की दिव्य राणा ने जीता सिल्वर

**अनंत ज्ञान, जाहू**

हिमाचल प्रदेश की वुशू खेल की खिलाड़ी दिव्य राणा लगातार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एक के बाद एक मेडल जीत पर अपने खेल का लोहा मनवा रही है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में चल रहे राष्ट्रीय महिला वुशू फेडरेशन कप में सिल्वर मेडल जीत कर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। इससे प्रदेश वुशू खेल संघ के पदाधिकारियों व खिलाड़ियों का मेडल विजेता दिव्य राणा का बधाई दी है।

हिमाचल प्रदेश वुशू खेल संघ के महासचिव पीएन आजाद ने बताया कि दिव्य राणा कांगड़ा जिला के बैजनाथ की रहने वाली है। इसी माह 22 से 23 मार्च को भी खेलो इंडिया महिला सीनियर वुशू लीग प्रतियोगिता में भी दिव्य राणा ने सिल्वर मेडल के साथ 15 हजार रुपए पुरस्कार के रूप राशि प्राप्त की है। इसी तरह राष्ट्रीय खेलों में भी प्रदेश को कांस्य पदक दिलाया है और अब आठवें फेडरेशन कप में भी सिल्वर मेडल जीता है व ग्रुप इवेंट में पांचवा स्थान पाया है। उन्होंने कहा कि फेडरेशन कप में भी प्रदेश के अन्य खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है, जिसकी प्रशंसा अखिल भारतीय वुशू खेल संघ के सीओ सुहेल अहमद ने की है।

दिव्य राणा के फेडरेशन कप में सिल्वर मेडल जीतने पर प्रदेशाध्यक्ष शिवपाल मनहंस ने भी बधाई दी है और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मांग की है कि वुशू खेल की उपलब्धियों को देखते हुए इस खेल को ए ग्रेड में डाला जाए तथा प्रदेश में कोच की नियुक्ति प्राथमिकता से की जाए।



फेडरेशन कप में सिल्वर मेडल जीतने पर अखिल भारतीय वुशू खेल के सीओ सुहेल अहमद खिलाड़ी दिव्य राणा को बधाई देते हुए।

## स्कूल शिक्षा बोर्ड का सदस्य नामित होने पर जिला उपनिदेशक का सम्मान

**अनंत ज्ञान, नादौन**

डाइट हमीरपुर के स्टाफ ने जिला उपनिदेशक (गुणवत्ता) एवं जिला परियोजना अधिकारी नवीन कुमार को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का सदस्य नामित किए जाने के उपलक्ष्य में एक सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ और समग्र शिक्षा के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सभी ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर प्रवक्ता भवानी सिंह, सुनील कुमार ने कहा कि नवीन कुमार की यह उपलब्धि डाइट हमीरपुर के लिए गर्व की बात है। उनके नेतृत्व में शिक्षा गुणवत्ता में और अधिक सुधार होगा। इस अवसर पर नवीन कुमार ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी का क्षण है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके विश्वास और समर्थन के लिए मैं हृदय से धन्यवाद करता हूं।

मैं पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा और हिमाचल प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने का हरसंभव प्रयास करूंगा। समग्र शिक्षा के कर्मचारियों ने भी नवीन कुमार को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं व्यक्त कीं। पूरा डाइट स्टाफ एवं समग्र शिक्षा के अधिकारी एवं कर्मचारी उनके इस नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हैं और उनके सफल कार्यकाल की मंगलकामना करते हैं।

# माफियाराज–भ्रष्टाचार की गिरफ्त में हिमाचल : श्रीकांत

## कांग्रेस सरकार जनता की दुश्मन और भ्रष्टाचार में डूबी, अब जनता ने उखाड़ फेंकने की कर ली तैयारी

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने शिमला में भाजपा के विशाल प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि ढाई साल में कांग्रेस सरकार ने हिमाचल को अपराध, माफियाराज और कर्ज के दलदल में धकेल दिया है। जनता के बीच भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ आक्रोश चरम पर है और अब यह सरकार ज्यादा दिन टिकने वाली नहीं है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और अपराधियों को कांग्रेस सरकार का खुला संरक्षण प्राप्त है।





उन्होंने कहा कि हिमाचल में जंगलराज अपने चरम पर है। मंडी, बिलासपुर, ऊना, हमीरपुर और अन्य जिलों में गैंगवार और गोलीबारी आम बात हो गई है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि ईमानदार अधिकारियों को खुलेआम धमकाया और मारा जा रहा है। माफिया तंत्र ने प्रशासन और कानून को बंधक बना दिया है, लेकिन कांग्रेस सरकार इस पर मौन साधे बैठी है।

श्रीकांत ने कहा कि माफियाओं को सरकारी संरक्षण के बिना इतनी हिम्मत नहीं हो सकती। खनन माफिया, चिट्टा माफिया, शराब माफिया, कबाड़ माफिया और ट्रांसफर माफिया पूरे प्रदेश में बेलगाम होकर लूट मचा रहे हैं। जंगलों में अवैध कटान से लेकर खनन माफिया द्वारा अधिकारियों की पिटाई तक, हर जगह अराजकता का माहौल है। सवाल यह है कि सरकार इन अपराधियों पर चुप क्यों है? किसका संरक्षण इन्हें मिला हुआ है?

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का दूसरा नाम भ्रष्टाचार बन चुका है। हर विभाग में रिश्वतखोरी और घोटाले चरम पर हैं। खाद्य आपूर्ति से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य तक, हर जगह कांग्रेस के नेताओं और उनके करीबी ठेकेदारों की लूट मची हुई है। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार की वित्तीय बदहाली का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। हिमाचल पर 1 लाख करोड़ से अधिक का कर्ज लाद दिया गया है। सरकार जनता पर नए–नए टैक्स थोपकर और महंगाई बढ़ाकर अपनी नाकामी छुपाने में लगी हुई है। (अनंत ज्ञान)

### प्रदर्शन दौरान बैरिकेड्स हटाने की कोशिश

**प्रदेश** भाजपा ने शिमला के चौड़ा मैदान में कांग्रेस सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ विधानसभा परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में हजारों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। चौड़ा मैदान में प्रदर्शन के बाद जब भाजपा कार्यकताओं ने बैरिकेड्स को हटाने का प्रयास किया और विधानसभा की ओर बढ़ने का प्रयास करने लगे, तो पुलिस ने उन्हें आगे जाने से रोक दिया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया था। प्रदर्शन की अध्यक्षता भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल कर रहे थे, , जिसमें भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, संजय टंडन, जयराम ठाकुर, विधायकों सहित भाजपा के सैंकड़ों छोटे व बड़े नेता मौजूद रहे।

# व्यवस्था परिवर्तन को लेकर भाजपा विधायकों ने सदन से किया वॉक आउट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में सत्तापक्ष और विपक्ष ने व्यवस्था परिवर्तन को लेकर एक दूसरे पर खूब तंज कसे।

**सत्तापक्ष और विपक्ष में हुई खूब नोक झोंक**

सत्तापक्ष ने जहां सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष के पास कोई भी गंभीर मुद्दा नहीं है, इसलिए वह प्रदर्शनों का सहारा लेकर आम आदमी को अपनी तरफ आकर्षित करना चाह रहे हैं, जबकि विपक्ष ने भी सत्तापक्ष पर तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि उनके राज में पूरे प्रदेश की कानून व्यवस्था चौपट हो गई है और कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं बचा है, जहां पर कांग्रेस सरकार ने अपने छल का सहारा न लिया हो। उसके बाद विपक्ष ने प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर की अगुवाई में सदन से वाक आउट कर दिया।

प्रश्नकाल के बाद प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने सदन में व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि राज्य के कई क्षेत्रों से आ रहे भाजपा के सदस्यों को रोका जा रहा है। आलम यह है कि लोग आठ किलोमीटर सड़क नाप कर पैदल पहुंच रहे हैं।

उनके कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए हरियाणा से वॉटर कैनन मंगवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह लोकतांत्रिक व्यवस्था में सही परंपरा नहीं है। ऐसे में हम सदन से बाहर जा रहे हैं। इसके के प्रतिपक्ष के नेता जयराम के साथ विपक्ष के अन्य सदस्य भी सदन से बाहर चले गए और रैली स्थल की ओर निकल गए।

### विधायकों को रात्रि भोज का निमंत्रण

**वहीं,** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सदन में जानकारी दी कि राजभवन से आग्रह आया है कि राज्यपाल की ओर से गुरुवार को राजभवन में रात्रिभोज का आयोजन किया गया है, इसलिए सभी सदस्यों से अनुरोध है कि सभी इसमें पधारे और रात्रि भोज में शिरकत करें।

### कांग्रेस जनहितैषी के बजाय मित्र हितैषी की सरकार : जयराम

**प्रदेश** सरकार की अराजकता और माफियाराज के खिलाफ़ हल्ला बोल प्रदर्शन में शामिल हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि यह सरकार माफियाराज और भ्रष्टाचार के मकड़जाल में जकड़ गई है। प्रदेश में हर तरफ अराजकता और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सरकार के संरक्षण में प्रदेश में माफियाराज फल-फूल रहा है। आज तक भ्रष्टाचार को सरकार से इस तरह से संरक्षण नहीं मिला है। आज जो हो रहा है वह न प्रदेश में पहले कभी हुआ है और न ही देवभूमि की संस्कृति के अनुरूप है। प्रदेश में वन माफिया लाखों पेड़ो की कटान कर रहा है और सरकार उस पर कार्रवाई करने के बजाय संरक्षण दे रही है। साथ ही सरकार में मित्रों का जो बोलबाला है वह प्रदेश के हितों पर भारी पड़ रहा है। अब उसमें अफसरशाही भी शामिल हो गई है। जिसकी वजह से विमल नेगी जैसे ईमानदार, कर्मठ और सुलझे हुए अधिकारी आज हमारे बीच नहीं हैं। सुक्खू सरकार प्रदेश मित्र सरकार होने के बजाय मित्रमंडली हितैषी सरकार है। जो झूठ के भरोसे सत्ता में आई और झूठ और महा झूठ के भरोसे सत्ता में बनी रहना चाहती है।



### कांग्रेस के जंगलराज में बहन बेटियां असुरक्षित : टंडन

**हिमाचल** प्रदेश में कांग्रेस सरकार के कुशासन, माफियाराज और अराजकता के खिलाफ भाजपा का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन कांग्रेस के पतन की शुरुआत है। प्रदेश भाजपा सह प्रभारी संजय टंडन ने शिमला के चौड़ा मैदान में हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज हिमाचल में जंगलराज हावी हो चुका है, बहन-बेटियां असुरक्षित हैं, गैंगवार के कारण गोलियां चल रही हैं और चिट्टा माफिया युवाओं की जिंदगियां बर्बाद कर रहा है। कांग्रेस सरकार महिला विरोधी सरकार साबित हो चुकी है। देवभूमि की माताओं-बहनों से किए गए सभी वादे ठगे जा चुके हैं।

### कांग्रेस सरकार माफिया को दे रही संरक्षण : बिंदल

विशाल प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार के ढाई वर्षों के कुशासन ने प्रदेश को बर्बादी के कगार पर ला खड़ा किया है। सरकार ने मात्र दो साल चार महीने में प्रदेश को 32,000 करोड़ के नए कर्ज के बोझ तले दबा दिया, जिससे कुल कर्ज 1,03,000 करोड़ तक पहुंच गया है। सरकार की लूट और भ्रष्टाचार ने विकास को पूरी तरह से ठप कर दिया है, जिससे रोजगार के अवसर समाप्त हो गए और महंगाई चरम पर पहुंच गई। डॉ. बिंदल ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल चिट्टा माफिया, शराब माफिया, कबाड़ माफिया, खनन माफिया और वन माफिया के चंगुल में फंस चुका है। कांग्रेस सरकार इन माफियाओं को खुला संरक्षण दे रही है, जिससे प्रदेश की कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।



### चार गुटों में बंटी है भाजपा : सुक्खू

**भाजपा** विधायकों का विधानसभा के बजट सत्र में सदन छोड़कर जाने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इनके बाहर जाने का कोई कारण नहीं बनता। लोकतंत्र तब मजबूत होता है, जब विपक्ष को बोलने की आजादी होती है। हमने कहीं भी ऐसे कोई आदेश नहीं दिए हैं और न ही किसी को किसी भी तरह से रोका गया है। इनकी बसें खाली आ रही हैं। उसमें न मात्रा के कार्यकर्ता ही देख गए। ऐसे में उनकी सरकार का क्या कसूर है। यह भाजपा के एक गुट की रैली है, मौजूदा समय में भाजपा के अंदर कई गुट काम कर रहे हैं, अगर उसमें चार गुट नहीं आ रहे हैं, तो इसमें हमारा क्या कसूर है। यह उनकी अंदरुनी लड़ाई का नतीजा है, जिसमें वह कांग्रेस सरकार को दोष दे रही है।

## हिमाचल में बिना अनुमति चल रहे 27 उद्योग, 4 की काटी बिजली

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सोलन जिले के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी, बरोटीबाला और नालागढ़ (बीबीएन) में 27 औद्योगिक इकाइयां बिना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति के चल रही हैं। इनमें 11 स्टोन क्रशर इकाइयां भी शामिल हैं। यह खुलासा हाल ही में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निरीक्षण में हुआ। नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बाबा के एक सवाल के लिखित जवाब में मुख्यमंत्री सुक्खू ने वीरवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान जानकारी दी कि इन 27 इकाइयों ने अब तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनुमति प्राप्त करने के लिए कोई आवेदन नहीं किया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इनमें से 16 औद्योगिक इकाइयों को 30 नवंबर 2024 तक कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जबकि 7 स्टोन क्रशर इकाइयों को 3 जुलाई 2024 तक नोटिस दिए गए हैं। इसके अलावा 4 स्टोन क्रशर इकाइयों की बिजली काटने के आदेश भी जारी किए जा चुके हैं। बीबीएन क्षेत्र में कुल 380 रेड, 1404 ऑरेंज और 1135 ग्रीन श्रेणी की औद्योगिक इकाइयां पंजीकृत हैं। पिछले पांच वर्षों में कुल 2919 इकाइयों में से 87 इकाइयां प्रदूषण नियंत्रण के मापदंडों की अवहेलना करती हुई पाई गईं। इसके परिणामस्वरूप, एनजीटी के आदेशों के तहत इन पर कुल 3,20,55,126 रुपए का पर्यावरण मुआवजा वसूला गया है।

## हिमाचल में 267 गोशालाएं, एक साल में गो तस्करी के 10 मामले

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में वर्तमान में 267 गोशालाएं संचालित हैं, जिनमें 22,119 बेसहारा गोवंश को आश्रय दिया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा गोपाल योजना के तहत इन गोवंशों को 700 रुपए प्रतिमाह की मदद दी जा रही है। पिछले एक साल में राज्य में गो तस्करी के 10 मामले दर्ज हुए हैं। कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने विधायक दलीप ठाकुर और भुवनेश्वर गौड़ द्वारा पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में गुरुवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी दी।

मंत्री ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश गोसेवा आयोग ने 24 नए गोसदन स्थापित किए हैं और इसके लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की जा रही है। आयोग गोसदनों को सुदृढ़ करने के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 5 लाख रुपए तक की पूंजीगत मदद उपलब्ध करवाता है। नए गोसदन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए तक की सहायता दी जाती है। इसके अलावा गोसेवा आयोग के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने के लिए राज्य सरकार ने मंदिर न्यासों की कुल आय का 15 प्रतिशत और शराब पर प्रति बोतल डेढ़ रुपए गोवंश सेस के रूप में लगाया है।

मंत्री ने बताया कि गोसदनों के संचालन और रख-रखाव के लिए आयोग ने 40,04,65,523 रुपए वितरित किए हैं। वहीं, गोपाल योजना के तहत शराब सेस से अगस्त 2020 से जनवरी 2025 तक 58,23,42,84 रुपए खर्च किए गए हैं। मंत्री ने यह भी बताया कि मनाली विधानसभा क्षेत्र में छह गोसदन कार्यरत हैं, जिनमें 1082 बेसहारा गोवंश को आश्रय मिल रहा है।

## भाजपा ने हताशा में किया प्रदर्शन : प्रतिभा सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने वीरवार को विधानसभा के बाहर भाजपा द्वारा प्रदेश कांग्रेस सरकार के खिलाफ किये गए प्रदर्शन को भाजपा की हताशा करार दिया है।



उन्होंने कहा है कि भाजपा सदन के अंदर चर्चा से भागती रही है। उसके नेताओं को प्रदेश की नही केवल अपनी राजनीति की चिंता ज्यादा है।

उन्होंने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपने सभी दायित्व को सही ढंग से पूरा कर रही है और प्रदेश में कानून व्यवस्था भी पूरी तरह ठीक व मजबूत है। भाजपा के विधानसभा के बाहर किए गए प्रदर्शन को पूरी तरह फ्लॉप करार देते हुए प्रतिभा ने कहा कि भाजपा के पास सरकार के खिलाफ कोई मुद्दा नहीं है और वह झूठ बोल कर लोगों को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि असल मे भाजपा प्रदेश में अपने वर्चस्व की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने प्रदेश के लोगों का आह्वान किया है कि वह भाजपा के किसी भी झूठ से गुमराह न हो।

### विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू बोले–

## हिमाचल में 2 हजार एमबीबीएस डिग्रीधारक बेरोजगार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में एमबीबीएस डिग्री कर चुके करीब दो हजार डिग्रीधारक नौकरी की तलाश में हैं और आने वाले समय में इनकी संख्या और बढ़ेगी। यह बात मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कही। मुख्यमंत्री सुक्खू विधायक इंद्रदत लखनपाल के सवाल का जवाब दे रहे थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में एमबीबीएस डिग्री करने के बाद भी 2 हजार डॉक्टर बेरोजगार हैं और उनकी स्थिति आने वाले समय में डेंटल डिग्री करने वाले छात्रों जैसी हो सकती है, जिनकी संख्या भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के पांच मेडिकल कॉलेजों से हर साल एमबीबीएस पास होकर निकलते हैं, जिससे बेरोजगार डॉक्टरों की तादाद बढ़ती जा रही है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए सरकार ने डॉक्टरों के लिए बांड सिस्टम को जरूरी कर दिया है, ताकि वे प्रदेश में काम करने के लिए प्रतिबद्ध रहें।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के पांच मेडिकल कॉलेजों हमीरपुर, टांडा, नेरचौक, आईजीएमसी और चंबा में जितने भी पदों की आवश्यकता होगी, उन्हें भरा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में संकाय के 120 पद स्वीकृत हैं और यहां 28 डॉक्टर विभिन्न विभागों में डीएनबी प्रशिक्षण ले रहे हैं। हालांकि, 23 डीएनबी प्रशिक्षुओं ने सेवा बॉन्ड भरने से मना कर दिया है, जबकि यह उनकी विभागीय नीति के तहत जरूरी था।

मुख्यमंत्री ने वीरवार को यहां हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम (एचपीएसईडीसी) के निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने निगम को प्रदेश के युवाओं को विदेशों में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने निगम को विदेशों में रोजगार पाने वाले युवाओं के लिए ट्रैक एंड ट्रेस की व्यवस्था विकसित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में एमिग्रेशन एक्ट, 1983 के अनुसार भर्ती की प्रक्रिया करवाने तथा विदेशों में रोजगार के लिए श्रमिकों की भर्ती करने को मंजूरी दी गई।

## बंदोबस्त कार्य को फास्ट–ट्रैक पर लाएगी प्रदेश सरकार : नेगी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रदेश सरकार बंदोबस्त कार्य को फास्ट–ट्रैक पर लाने के लिए पूरी कोशिश कर रही है। वर्तमान में बंदोबस्त कार्य को पूरा करने में 10 से 15 साल का समय लग रहा है, लेकिन सरकार इसे शीघ्र पूरा करने के लिए नियमों में सुधार कर रही है।

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने वीरवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक केवल सिंह पठानिया के सवाल के जवाब में यह बात कही।

शाहपुर में बंदोबस्त रिकॉर्ड कक्ष स्थापित करने के विषय में मंत्री ने कहा कि वहां उचित रख–रखाव के लिए स्थान की आवश्यकता है और चार पदों की कमी है, लेकिन सरकार इस समस्या का समाधान जल्द ही करने का प्रयास कर रही है। मंत्री ने यह भी बताया कि भू–राजस्व अधिनियम 1954 के तहत वर्ष 2023–24 में 2 करोड़ 80 लाख 15 हजार 960 रुपए राजस्व प्राप्त हुआ है। प्रदेश सरकार भू–राजस्व अधिनियम में संशोधन करने का विचार कर रही है ताकि संसाधन जुटाए जा सकें।

नेगी ने यह जानकारी दी कि कांगड़ा जिले में बंदोबस्त कार्य 1970 से 2007 तक किया गया था, जबकि चंबा जिले में यह कार्य 1954 से 1958 तक हुआ था। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार चंबा जिले में बंदोबस्त कार्य फिर से शुरू करने का विचार कर रही है। इस समय चंबा जिले की चंबा तहसील, सलूणी तहसील और उपतहसील पुखरी व तेलका के नौ राजस्व गांवों में आधुनिक तकनीक से बंदोबस्त कार्य चल रहा है।



## क्रिसेंट व बहारा विवि के बच्चों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

क्रिसेंट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टुटू तथा बहारा विश्वविद्यालय के करीब 103 बच्चों ने विधान सभा सचिवालय पहुंचकर सदन के अंदर बजट सत्र के 14वें दिन की कार्यवाही को देखा। कार्यवाही देखने से पूर्व इन छात्रों ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया से कौंसिल चैंबर के बाहर मुलाकात की।

इस अवसर पर बच्चों से संवाद करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आज के युवाओं में संसदीय प्रणाली तथा संवैधानिक व्यवस्था के प्रति जिस तरह से उत्साह बढ़ रहा है वह काबिले तारिफ है। उन्होने कहा कि हर दिन 100 से ज्यादा बच्चे विधानसभा की कार्यवाही देखने आ रहे हैं और सदन की कार्यवाही में गहरी रुचि ले रहे हैं, यह आने वाले समय के लिए प्रजातांत्रिक प्रणाली की मजबूती का सबब है। पठानिया ने कहा कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका सरकार के तीन अंग हैं। ये तीनों मिलकर शासन का कार्य करते हैं तथा कानून–व्यवस्था बनाए रखने और जनता का कल्याण करने में योगदान देते हैं।

संविधान यह सुनिश्चित करता है कि ये सभी एक–दूसरे से तालमेल बनाकर काम करें और आपस में संतुलन बनाए रखें। संसदीय व्यवस्था में कार्यपालिका और विधायिका एक–दूसरे पर आश्रित हैं, विधायिका कार्यपालिका को ने केवल नियंत्रित करती है बल्कि उससे नियंत्रित भी होती है।

## पिंजौर–बद्दी–नालागढ़ फोर लेन का 42 प्रतिशत हो चुका है पूरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सांसद सुरेश कश्यप को पत्र लिख बताया कि लोकसभा में उनके द्वारा नियम 377 के अंतर्गत 13 मार्च 2025 को उठाए गए मामले का संदर्भ ग्रहण करें, जिसमे पिंजौर–बद्दी–नालागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग को फोर लेन में बदलने के कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता के संबंध में अनुरोध किया गया था।



**सुरेश कश्यप के उठाए मसले का गडकरी ने दिया जवाब**

इस संबंध में आपको अवगत कराना चाहता हूं कि पिंजौर–बद्दी–नालागढ़ खंड की कुल लंबाई 31.195 किमी है, जिसमे से 13.3 किमी भाग हरियाणा में और 17.895 किमी भाग हिमाचल प्रदेश में आता है। इस परियोजना का 42 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है तथा हिमाचल में 3.5 किमी 4 लेन सड़क एवं हरियाणा में 5.44 किमी 4 लेन सड़क का निर्माण हो चुका है। परियोजना के प्रारंभ में हिमाचल प्रदेश में भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा में देरी, पेड़ कटान एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग में देरी इत्यादी का सामना करना पड़ा तथा इनका निवारण भी देरी से हो सका। हरियाणा में खनन विभाग द्वारा ठेकेदार को मिट्टी उठाने की अनुमति तकरीबन 1 साल बाद प्रदान की गई।

इसके अलावा ट्रैफिक जाम का एक मुख्य कारण बद्दी क्षेत्र में स्थानीय निवासियों द्वारा अवैध पार्किंग और एनएच के आरओडब्ल्यू में आसपास के कारखानों से औद्योगिक सामान ले जाने वाले वाहनों की पार्किंग से उत्पन्न होता है। इसके अतिरिक्त भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा ठेकेदार को समय समय पर कार्य में तीव्रता लाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## चुनाव आयोग को भी हईजैक करने का सरकार कर रही प्रयास : प्रेम कौशल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा है कि ईडी–सीबीआई चुनाव आयोग के उपरांत अब वर्तमान भाजपा सरकार लोकतंत्र के मंदिर संसद को भी हाइजैक करने का प्रयास कर रही है।



**लोकतंत्र के मंदिर संसद को अपने हाल पर छोड़े सरकार**

कौशल ने यहां जारी ब्यान में कहा कि संसद के अंदर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रति माननीय लोकसभा अध्यक्ष का व्यवहार पक्षपातपूर्ण एवं अपमानित करने वाला है। संसद के अंदर राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जाना लोकतांत्रिक परंपराओं का गला घोंटने जैसा है। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं विशेषकर राहुल गांधी के प्रति पक्षपात और उपेक्षापूर्ण रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ लोकतंत्र की हत्या करने जैसा है। राहुल गांधी देश हर से वर्ग से सीधा संवाद कर कमजोर, मजदूर और उपेक्षित देशवासियों की आवाज बन सरकार के समक्ष संसद में उनके मुद्दे उठाने का प्रयास कर रहे हैं। मगर तानाशाह सरकार इस बुलंद आवाज को दबाने का षड्यंत्र कर रही है।

कौशल ने कहा कि राहुल गांधी को रोकने और दबाने के भाजपा सरकार के मनसूबे पूरे नहीं होंगे। कांग्रेस पार्टी मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के नेतृत्व में जनता के मुद्दों तथा लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा की लड़ाई सड़कों पर उतर कर लड़ेगी।

**जानकारी** | सिकंदर बोले–एम्स बिलासपुर में कई विभाग शुरू, कैंसर के लिए उपयुक्त अस्पताल खुले

# मोदी के प्रयासों से हिमाचल में खुल रहे चार मेडिकल कॉलेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने सदन में हिमाचल प्रदेश के लिए डेडिकेटेड कैंसर हॉस्पिटल देने का विषय रखा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के पहले और दूसरे कार्यकाल के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आए और वर्तमान कार्यकाल में भी मोदी सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में लगातार सुधार और लोगों को बेहतर एवं सस्ती स्वास्थ्य सुविधाए मुहैया करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने 2014 से पहले की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि देश में मोदी सरकार से पहले मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 थी और 2014 के बाद 112 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2024 तक मेडिकल कॉलेजों की संख्या 780 पहुंच गई। डॉ. सिकंदर ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में व वर्तमान कार्यकाल में स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के प्रयासों से हिमाचल प्रदेश को भी 4 मेडिकल कॉलेज चंबा, नाहन, हमीरपुर व मंडी व एक एम्स (बिलासपुर) की सौगात मिली।



उन्होंने सदन को बताया कि हिमाचल प्रदेश के चारों मेडिकल कॉलेज अभी निर्माणाधीन है और एम्स बिलासपुर में बहुत से विभाग शुरू हो चुके हैं, जो हिमाचल वासियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

डॉ. सिकंदर ने कैंसर जैसे भयानक रोग के बढ़ते मरीजों की संख्या की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि यह रोग दिनों दिन अपनी जड़े मजबूत करता जा रहा है। पहले यह मर्ज चुनिंदा लोगों में ही देखने को मिलता था, परंतु आज इस बीमारी के मरीजों की तादाद लगातार बढ़ती जा रही है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में कैंसर के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है और हिमाचल प्रदेश में इस बीमारी के इलाज के लिए कोई उपयुक्त अस्पताल भी नहीं है। हालांकि, मंत्री नड्डा ने 7 मार्च, 2025 को एम्स में पैट स्कैन मशीन का शुभारंभ किया, जिससे कैंसर रोग का आसानी से पता लगाया जा सकेगा और यह हिमाचल का पहला अस्पताल है जहां इस तरह की सुविधा जनता को समर्पित की गई है।

### आईसीएमसी में सुविधाओं का अभाव

**सिकंदर ने** कहा कि हिमाचल प्रदेश का इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसी) शिमला राज्य का शीर्ष और सबसे पुराना अस्पताल होने के नाते क्षेत्रीय कैंसर केन्द्र के रूप में अधिसूचित किया गया है। वर्तमान में आईजीएमसी शिमला में जनरल सर्जरी विभाग में बनाए गए सर्जिकल ओंकोलोजी विभाग में एकमात्र सर्जन (सहायक प्रोफेसर) है और सुविधाओं का भी अभाव है जिसके कारण नियमित रूप से सर्जरियां नहीं हो पाती है। उन्होंने सदन के माध्यम से केंद्र सरकार से हिमाचल प्रदेश में एक डेडिकेटेड कैंसर अस्पताल स्थापित करने का आग्रह किया, ताकि हिमाचल में इस गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को यथासमय इलाज मिल सके और इस बीमारी की समय रहते रोकथाम व उपचार किया जा सके।

# न्यूज ब्रीफ

## बटूही के अर्णव ने उत्तीर्ण की नवोदय परीक्षा



**अनंत ज्ञान, कोटला।** लहरों से डरकर नोका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती, यह बात साबित होती है। विधानसभा क्षेत्र जवाली के अंतर्गत आती ग्राम पंचायत कोठीवड़ा के गांव बटूही के निवासी अर्णव सिंह बधोपाल ने नवोदय विद्यायल की परीक्षा पास की है। अर्णव सिंह पांचवीं कक्षा में डीएवी स्कूल बागनी में पढ़ता था और अब छठी की पढ़ाई पपरोला जवाहर नवोदय विद्यालय में करेगा। नवोदय विद्यालय की परीक्षा में पास होने पर अर्णव सिंह बधोपाल के पिता जसवीर सिंह बधोपाल ने इसका श्रेय स्कूल के अध्यापकों एवं उसके दादा को दिया है।

## सघोल के अक्षित का नवोदय स्कूल में चयन



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** नवोदय विद्यालय में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए फरवरी माह में जिला कांगड़ा ली गई परीक्षा में लंबागांव खंड की प्राथमिक पाठशाला सघोल के अक्षित के चयन पर स्कूल व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अक्षित एक निर्धन परिवार से संबंध रखता है। अक्षित के पिता बलवीर सिंह दिहाड़ी मजदूरी करते हैं, जबकि माता सपना गृहिणी है। वह अपने बेटे की इस सफलता का श्रेय स्कूल के मुख्य शिक्षक संजय जग्गी को देते हैं। उनका कहना है कि संजय जग्गी के मार्गदर्शन के कारण ही ऐसा हुआ है।

## लुधियाड़ की जानवी ने पास की नवोदय परीक्षा



**अनंत ज्ञान, जवाली।** शिशु पब्लिक स्कूल टियूकरी की छात्रा जानवी पुत्री अश्विनी कुमार निवासी लुधियाड़ ने जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण करके अपना, अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल में खुशी का माहौल है। जानवी के पिता अश्विनी कुमार दिहाड़ी मजदूरी करते हैं, जबकि माता वंदना कुमारी गृहिणी है। जानवी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व स्कूल स्टाफ सहित अपनी कड़ी मेहनत को दिया है। वहीं, स्कूल की मुख्याध्यापिका उर्मिला गुलेरिया ने कहा कि जानवी ने जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा पास की है, जोकि गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि जानवी पढ़ने-लिखने में काफी होशियार है। उन्होंने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मृतका के पति को सौंपा बीमा राशि का चेक

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की धीरा शाखा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत उपभोक्त ा की मौत होने पर उसके पति राजेंद्र कुमार को दो लाख रुपए की बीमा राशि का चेक प्रदान किया गया। इस मौके पर शाखा प्रबंधक लवीश कपूर ने बताया कि कोटा निवासी स्वर्गीय चंपा देवी का वचत खाता उनकी शाखा में है, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा करवाया था। इस दौरान चम्पा देवी की कुछ माह पूर्व मौत हो गई थी। गत दिवस शाखा प्रबंधक लवीश कपूर ने मृतक चम्पा देवी के पति राजेन्द्र कुमार को दो लाख रुपए की राशि का चैक सौंपा।इस अवसर पर बैंक के सहायक प्रबंधक अभिनंदन, सीनियर कस्टमर सर्विस एसोसिएट विशाल सिंह मिन्हास और कस्टमर सर्विस एसोसिएट विनय कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने सभी खाता धारकों से अनुरोध किया कि वे इन सरकारी योजनाओं से जुड़े।

# पीएचसी कोटला में नहीं हो रहा उपचार

### पीएचसी के एकमात्र डॉक्टर को भी डेपुटेशन पर भेजा, अब हफ्ते में सिर्फ दो दिन दे रहे सेवाएं

**अनंत ज्ञान, कोटला**



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटला को सामुदायिक स्वास्थ्य बनाने की कोटलावासियों की वर्षों पुरानी मांग तो पूरी हुई नहीं, अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जो डॉक्टर आता था, उसे भी डेपुटेशन पर भेज दिया गया। सूरत-ए-हाल यह है कि कोटला में अब सप्ताह में केवल 2 दिन ही डॉक्टर मिल पाता है। इससे स्थानीय लोगों व मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि कोटला क्षेत्र की 13 पंचायतों डोल, दुराना, कोटला, बेही, पठियार, नंदोली, सिंयूणी, बल्लाह, त्रिलोकपुर, जोल व सोलदा के लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटला पर निर्भर है। लेकिन कोटला में डॉक्टर न मिल पाने से अब लोगों को शाहपुर या नूरपुर जाना पड़ता है।

उधर, सीएमओ डॉ. राजेश गुलेरी से बात हुई तो उन्होंने बताया कि पीएचसी कोटला में रेगुलर डॉक्टर है, लेकिन नगरोटा सूरियां में डॉक्टर नहीं हैं। इसलिए डेपुटेशन के लिए भेजा गया है। जब इस बारे में पूर्व विधायक अर्जून ठाकुर से बात हुई तो उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में पीएचसी कोटला सीएचसी का दर्जा दिया था और जब से कांग्रेस सरकार सत्ता में आई हैं जब से स्वास्थ्य सुविधा के लिए लोगों को ठग रही है। वहीं, जब कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार से बात हुई तो उन्होंने कहा कि डाक्टरों के कमी के चले डेपुटेशन के लिए नगरोटा सूरियां और जवाली भेजा जा रहा है। जैसे ही डॉक्टर आते हैं तो उन्हें वापस कोटला भेज दिया जाएगा।

### पीएचसी को सीएचसी का दर्जा देने की मांग

**उपतहसील** कोटला के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की कोटलवासियों की चिर लंबित मांग है। कोटला में 1961 में डिस्पेंसरी खोली गई थी, जिसको बाद में हिमाचल सरकार ने स्तरोन्नत कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तो बना दिया, लेकिन अब इसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाना समय व क्षेत्रवासियों की मांग है। लोगों की माने तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटला नेशनल हाई-वे किनारे स्थित है तथा अकसर ही नेशनल हाई-वे पर दुर्घटनाएं होती है, जिस पर लोग घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटला में उपचार हेतु ले आते हैं, परंतु अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद मरीज की रैफर कर दिया जाता है। स्थानीय निवासी प्रदीप शर्मा ने बताया कि कोटला पीएचसी में प्रतिदिन 150 के करीब ओपीडी रहती है। कोटला में सीएचसी समय व क्षेत्र की मांग है। कांग्रेस राज में स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गई हैं। सरकार को स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने की आवश्यकता है। वहीं, - योगराज मेहरा ने कहा कि जयराम सरकार ने सीएचसी का दर्जा दिया। बाबजूद इसके सीएचसी नहीं बन पाई। पीएचसी में जो प्रतिदिन डॉक्टर था उसे भी डेपुटेशन पर भेज दिया गया। 13 पंचायतों के लोग प्रतिदिन पीएचसी में आते हैं, लेकिन डॉक्टर न मिलने से लोग मायूस हो जाते है।

## ओवरलोडेड वाहनों को रोकने के लिए पुलिस से लगाई गुहार

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** फतेहपुर के अंतर्गत मंड क्षेत्र के किसानों ने नूरपुर के एएसपी धर्म चंद वर्मा से मिलकर उनके क्षेत्र से गुजरने वाले ओवरलोडेड वाहनों पर अंकुश लगाने की अपील करते हुए शिकायत पत्र सौंपा है। जानकारी देते हुए किसान सभा के अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि उनकी क्षेत्र की घनी आबादी के बीचोंबीच क्रशर से लदे ओवरलोडेड वाहन दिन-रात गुजरते रहते हैं। इस वजह से जहां एक तरफ सड़क टूटती है तो वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि नियमों के तहत एक्स एल वाहन उक्त मार्ग पर नही चलाए जा सकते, लेकिन फिर भी ऐसे वाहन दिन रात दनादन दौड़ रहे हैं। विजय कुमार ने बताया कि हमारे क्षेत्र की औरतें भी विकराल समस्या से परेशान होकर पिछले कई दिनों से धरना भी दे रही हैं, लेकिन कहीं भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। लोगों ने एएसपी से समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई है। एएसपी धर्म चंद वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि फतेहपुर मडं से कुछ लोग उपरोक्त समस्या लेकर आए थे। नूरपुर पुलिस किसी भी प्रकार की गैर कानूनी रूप से किए गए कार्यों पर लगाम लगाने के लिए सक्षम है। लोगों को उचित कार्रवाई करने के लिए आश्वस्त किया गया है।

## सैनिक विश्राम गृह की दुकानें किराये पर देने के लिए 15 तक मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपनिदेशक सैनिक कल्याण कर्नल जीएस गुलेरिया ने जारी प्रेस नोट के माध्यम से जानकारी दी कि सैनिक कल्याण विभाग कांगड़ा स्थित धर्मशाला की दुकानें सैनिक विश्राम गृह कांगड़ा और पालमपुर में किराये पर दी जानी हैं। दुकानों के आवंटन में पूर्व सैनिकों तथा पूर्व सैनिकों की विधवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। अगर इसके बाद भी दुकानें बचती हैं तो इन्हें आम नागरिकों को भी आबंटित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पात्र उम्मीदवार 15 अप्रैल तक दुकानों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए सादे कागज पर आवेदन पत्र उपनिदेशक जिला सैनिक कल्याण कांगड़ा स्थित धर्मशाला को पंजीकृत डाक के माध्यम से 15 अप्रैल तक भेज सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ डिस्चार्ज बुक, जिला सैनिक कल्याण विभाग से जारी किया गया पहचान पत्र (सभी वर्ग के सैनिकों के लिए), हिमाचली स्थायी निवासी होने का प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को रद्द माना जाएगा। दुकानों के वितरण के लिए विभाग का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

## तिब्बती पहचान को संरक्षित करने के लिए बनी सहमति

### ऑल पार्टी इंडियन पार्लियामेंट्री फोरम फॉर तिब्बत व कोर ग्रुप फॉर तिब्बतन कॉज ने कई मुद्दों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत-तिब्बत समन्वय कार्यालय (आईटीसीओ) की मदद से ऑल पार्टी इंडियन पार्लियामेंट्री फोरम फॉर तिब्बत (एपीआईपीएफटी) और कोर ग्रुप फॉर तिब्बतन कॉज-इंडिया (सीजीटीसी-आई) की प्रारंभिक बैठक दिल्ली में भारत के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में हुई, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ सांसद भर्तृहरि महताब ने की। बैठक में तिब्बत के लिए संसदीय वकालत को मजबूत करने और भारत में तिब्बती समुदाय के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करते हुए भारत के लोगों के बीच जन जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में कई सम्मानित संसद सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें सुपोंगमेरेन जमीर (सांसद नागालैंड, अमरसिंह तिस्सो सांसद असम, इंद्र हंग सुब्बा सांसद सिक्किम, गौरव गोगोई सांसद असम, भर्तृहरि महताब वरिष्ठ सांसद ओडिशा, तापिर गाओ सांसद अरुणाचल प्रदेश, कामख्या प्रसाद सांसद असम, जून मालिया सांसद, पश्चिम बंगाल, अल्फ्रेड कान-नगाम आर्थर सांसद, मणिपुर और जोयंत बसुमतारी सांसद असम भी उपस्थित थे। खीमी, कोर ग्रुप फॉर तिब्बतन कॉज-इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक, और जिग्मी जुंगने दलाई लामा ब्यूरो ने तिब्बत से संबंधित मुख्य चर्चाओं और भारत में तिब्बती मुद्दे के लिए समर्थन को मजबूत करने की पहल पर ध्यान केंद्रित किया गया।

चर्चाओं में भारत में तिब्बती पहचान को संरक्षित करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया, विशेष रूप से चीन की आत्मसात नीतियों के मद्देनजर। इसमें सांसदों पर अपसी सहमती भी बनी। चर्चा के विषय में संसद और राज्य विधानसभाओं में तिब्बत मुद्दे को उठाना शामिल था, ताकि विधायी समर्थन हासिल किया जा सके, साथ ही भारत में तिब्बत और तिब्बतियों के बारे में जन जागरूकता पैदा की जा सके। इसके अतिरिक्त, तिब्बतियों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान नीतिगत चर्चाओं और हस्तक्षेपों के माध्यम से किया जा रहा है। आव्रजन अधिकारियों द्वारा तिब्बती पहचान प्रमाण पत्र की मान्यता की कमी के बारे में चिंता व्यक्त की गई, जिससे तिब्बतियों के लिए यात्रा कठिनाइयां पैदा हो रही हैं। बैठक तिब्बत से संबंधित वकालत और जागरूकता कार्यक्रमों के लिए कार्य योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए अनुवर्ती सत्र आयोजित करने के प्रस्ताव पेश किया गया।



## न्यूज ब्रीफ

### एडीएम ने आपदा प्रबंधन योजना बनाने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** एडीएम नेत्रा मेती की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन पर सब डीविशनल इंटर एजेंसी ग्रुप निर्माण को लेकर महत्त्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। वीरवार को मिनी सचिवालय में आयोजित बैठक में सब डीविशनल इंटर एजेंसी ग्रुप और आपदा प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का संचालन जिला इंटर एजेंसी ग्रुप के संयोजक हरजीत भुल्लर ने किया। बैठक में उपमंडल के सभी विभागों अधिकारी उपस्थित रहे। एडीएम ने आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने और इसमें स्वयं पंचायती राज संस्थाओं तथा स्थानीय नागरिकों की सहभागिता भी सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में आपदा प्रबंधन समन्वय तंत्र के रूप में एसडी-आईएजी का गठन और एसडी-आईएजी सदस्यों की भूमिका-जिम्मेदारियों को परिभाषित करने। इंटर एजेंसी ग्रुप के लिए स्थान, स्टाफिंग और संसाधन आवंटन पर चर्चा की गई।

### सुनील उपाध्याय की जयंती पर करवाई संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश की शोध समिति द्वारा स्व. सुनील उपाध्याय की जयंती के अवसर पर 'पूर्ण विकसित भारत का अधिष्ठान पंच परिवर्तन' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्य म के विशिष्ट अतिथि प्रो. प्रदीप कुमार रहे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में स्व. सुनील उपाध्याय के कार्यों और समाज में उनके योगदान पर विशेष जोर दिया। मुख्य वक्त ा डॉ. उदय भान सिंह ने 'पंच परिवर्तन' विषय पर व्याख्यान दिया और इसके महत्व को स्पष्ट किया। इस अवसर पर सुनील उपाध्याय के जीवन पर आधारित एक वृत्तचित्र भी प्रदर्शित किया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों को उनके विचारों और योगदान से अवगत कराया।कार्य म में प्रांत शोध प्रमुख डॉ. हरीश गौतम, प्रो. सूर्य रश्मि रावत, प्रो. सुनील, डॉ. ललित मोहन, डॉ. प्रिया शर्मा, डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. मलकीयत सिंह एवं डॉ. चंद्रकांत भी उपस्थित रहे। सेमिनार में विश्वविद्यालय के छात्र, शोधार्थी एवं शिक्षकों ने स ि य रूप से भाग लिया और विचार-विमर्श किया।

### कंठ कलेर ने मां के चरणों में नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री मां ज्वालामुखी के दरबार में पंजाबी गायक कंठ कलेर ने पहले शीश नवाया। मंदिर के कुलपुरोहित कपिल शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना करवाई।



कंठ कलेर ने कहा कि मां ज्वालाजी 30अप्रैल से चैत्र नवरात्र शुरू हो रहे हैं। नवरात्रों में भारी भीड़ के चलते उन्होंने मंदिर में हाजिरी लगाई है। सभी भक्त ों पर मां का आशीर्वाद हमेशा बना रहे, ऐसी उन्होंने कामना की है और गायकी के क्षेत्र में लोगों से मिले प्यार व मां ज्वालादेवी की असीम कृपा की बदौलत ही उन्हें भरपूर सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि मां ज्वाला जी साक्षात ज्योति रूप में विराजमान अपने आप में अद्भुत हैं। उनके साथ डायरेक्टर मनदीप रंधावा, रिकी मक्ष, कमल कलेर अन्य अन्य साथी मौजूद रहे। मंदिर प्रशासन की तरफ उन्हें मां ज्वालादेवी का चित्र व चुनरी स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की गई।

### पेंशनर्स को हर महीने पहली को मिले पेंशन

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** कांगड़ा पेंशन संघ की बैठक गुरुवार को परागपुर में हुई। इसमें 75 के करीब पेंशनर्स एवं परिवारिक पेंशनर्स ने भाग लिया। इस बैठक में सर्वसमिति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि पेंनशरों का जनवरी 2016 से जनवरी 2022 तक का संशोधित वेतनमान तथा जनवरी 2022 से संशोधित पेंशन बकाया है, सरकार के पास लंबित पड़ा है। इससे पेंशनरों को प्रति माह हजारों रुपए ब्याज का नुकसान हो रहा है। साथ ही यह भी प्रस्ताव पास किया गया कि जिला कार्याकारिणी प्रधान पेंनशन संघ कांगड़ा उपरोक्त बकाय हेतु राज्य प्रधान से इस संदर्भ में बात करे, ताकि सरकार को इसके बारे में कर्मचारियों का रोष का पता चल सके। वहीं, मासिक पेंशन प्रति माह पहली तारीख को हो दो जाए।

# लिदबड़ मेला पुरातन संस्कृति का संवाहक : बाली

## नगरोटा बगवां में राज्य स्तरीय मेले में माता की ज्योतियों के साथ शोभायात्रा में उमड़ा हुजूम

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**





राज्य स्तरीय लिदबड़ मेले के उपलक्ष्य पर वीरवार को पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली की अगुवाई में ठारू से नगरोटा बस स्टैंड तक चामुंडा तथा बज्रेश्वरी माता तथा नारदा शारदा मंदिर की ज्योतियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई तथा बस स्टैंड पर ज्योतियों की स्थापना की गई। इस दौरान आकर्षक झांकियां भी निकाली गईं।

इस अवसर पर पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के लिए राज्य स्तरीय लिदबड़ मेले का राज्य स्तरीय होना गौरवान्वित पल है। उन्होंने कहा कि लिदबड़ मेले के साथ भावनात्मक संबंध है तथा इसी को मजबूती प्रदान करने के लिए मेले को भव्य रूप दिया गया है। उन्होंने कहा कि मेले हमारी पुरातन संस्कृति के संवाहक रहे हैं। लिदबड़ मेले ऐतिहासिक स्वरूप को संरक्षित करने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस मेले में स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का भरपूर अवसर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों के मनोरंजन के लिए झूलों इत्यादि की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही लोगों के लिए पेयजल तथा यातायात की उचित व्यवस्था के साथ साथ सुरक्षा को लेकर भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मेले में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें।

उन्होंने मेला कमेटी को राज्य स्तरीय उत्सव के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इससे पहले नगरोटा बगवां के एसडीएम मुनीष कुमार तथा सचिव सुभाष कुमार ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मेला कमेटी के सदस्यों सहित मानसिंह, प्रताप रियाड़, अरुण कटोच, अरुण कुमार सहित विभिन्न गणमान्य लोग शामिल रहे।

### मेले की सांस्कृतिक संध्याओं में धमाल मचा रहे कलाकार

**नगरोटा** बगवां के गांधी मैदान में सजे मेले में कारोबारियों द्वारा भी सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जहां नामी कलाकार लोगों का मनोरंजन करने के लिए अपनी कला का जादू बिखेर रहे हैं। कारोबारी नवीन सैणी का कहना है कि मेला चार अप्रैल तक चलेगा तथा लोग पहली अप्रैल तक नामी गायकों की आवाज का लुत्फ ले सकेंगे। मेला अध्यक्ष ने बताया कि गत दिवस 26 मार्च को नगरोटा बगवां क्षेत्र की महिलाओं ने कई प्रतियोगितात्मक गतिविधियों में अपने जौहर दिखाएं। नगरोटा क्वीन प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें नगरोटा की लड़कियों और महिलाओं ने भाग लिया। इसमें । उन्होंने कहा कि मेले में 28 मार्च को देशभर के नामी पहलवान 51 हजार की कुश्ती के लिए भिड़ेंगे।

# सुक्खू सरकार के पाप का घड़ा भर चुका: संजय शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा ने शिमला में भाजपा द्वारा किए गए प्रदर्शन को लेकर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन स्थल से कई किलो मीटर पीछे ही गाड़ियों से उतारे जाने व सरकार द्वारा विपक्ष की आवाज को दवाए जाने पर सुक्खू सरकार पर हमला बालते हुए कहा कि सरकार लोकतंत्र को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की नाकामियां जनता के समक्ष आ चुकी हैं, बाबजूद उसके सुक्खू हिटलर बनकर विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई है प्रदेश में नशा माफिया, गुंडा माफिया, हत्याएं, बलात्कार की घटनाएं बढ़ी हैं। पंजाब में हिमाचल के लोगों को गुंडातत्वों द्वारा डरायया धमकाया जा रहा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत यह हो चुकी है कि नशा माफिया व गुंडा माफिया को कानून का कोई डर नही रह गया है। सुक्खू सरकार खामोशी से तमाशीन बनी हुई है। संजय शर्मा ने कहा कि सरकार जीतना भी जोर लगा ले सच्चाई को दवाया नहीं जा सकता। पिछले अढ़ाई सालों में सरकार ने जनता को विकास के नाम पर, गारंटियों के नाम पर आर्थिकी स्थिति के नाम पर, केंद्र द्वारा दी जारी रही राहत राशि के नाम पर गलत बयानबाजी कर लोगों को मूर्ख बनाया है। उन्होंने कहा कि सुक्खू की सरकार अपने चहेतों को खुश करने में लगी हुई है। उन पर पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार के पाप का घड़ा भर चुका है, जो कभी भी फूट सकता है।



**विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही सरकार**

### शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी चीज पर नहीं लगाया कोई नया टैक्स

# एमसी पालमपुर ने पास किया 36 .80 करोड़ का बजट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, पालमपुर**

नगर निगम पालमपुर द्वारा वीरवार को वर्ष 2025-26 का पारित किया गया। नगर निगम पालमपुर ने इस बार 36 करोड़ 80 लाख चार हजार का बजट पारित किया, जो नगर निगम पालमपुर के विकास व अन्य कार्यों पर खर्च किया जाएगा। निगम को चार करोड़ 53 लाख तीस हजार केंद्रीय वित्त आयोग और निगम की विभिन्न योजनाओं के तहत 28 करोड़ 35 लाख 47 हजार आय का अनुमान है। नगर निगम का इस बार पेश किया गया बजट पिछले साल 2024-25 के बजट से करीब सात करोड़ कम बजट पास किया गया। नगर निगम पालमपुर के महापौर गोपाल नाग की अध्यक्षता में बजट बैठक हुई। इसमें नगर निगम के आयुक्त डॉ. आशीष शर्मा व अतिरिक्त आयुक्त विकास शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। नगर निगम के आयुक्त आशीष शर्मा ने इस बीच निगम का पुराना लेखा जोखा भी रखा। उसके बाद महापौर गोपाल नाग ने नगर निगम का बजट पेश किया। नगर निगम के पेश हुए बजट में यह साफ किया गया है कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी चीज पर नया कोई टैक्स नहीं लगाया जाएगा। बजट में शहर में निगम के सभी वार्डों में सड़कों, पुलों व अन्य विकास कार्यों पर पैसे खर्च किए जाएंगे, जबकि रास्तों, अन्य पुरानी व नई पार्किंगों को विकसित करने पर फोक्स रखा गया है, जबकि निगम में बने शौचालयों को भी सही तरीके से चलाने पर बात हुई है। गोपाल नाग ने कहा कि प्रयासों से हम जनमानस की अधिकतर मांगों, सुझावों और समस्याओं का समयबद्ध व चरणबद्ध रूप से निवारण करने में कामयाब हो सके। इसी प्रकार इन सभी के कुशल नेतृत्व के कारण आज हम हर वार्ड में विकास कार्य करवाने व शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने में सफल हो सके हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हमारा मुख्य ध्येय नगर निगम पालमपुर में सम्मिलित ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों का भी विकास करवाना है तथा पालमपुर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनवाना है।

### तीन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाए जाने का भी प्रावधान

**नगर** निगम पालमपुर द्वारा 2024-25 में शहरवासियों की सुविधा के लिए करवाए जा रहे विकासात्मक कार्य, जिनमें राधा-कृष्ण मंदिर के पास स्थित पार्किंग का निर्माण हेतु सरकार द्वारा लगभग एक करोड़ दस लाख की धनराशि उपलब्ध कराई गई है, जिससे नागरिकों और पर्यटकों को वाहन पार्किंग की सुविधा मिलेगी। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बारे हिमाचल सरकार द्वारा वार्ड 1 लोहना में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के निर्माण हेतु लगभग सत्तर लाख की अनुदान राशी प्रदान की गई है, जिसमें से लगभग बीस लाख रुपए की राशि का कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त नगर निगम क्षेत्र में तीन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाये जाने का भी प्रावधान किया गया है। जिसमें प्रत्येक वैलनेस सेंटर में एक डॉक्टर, नर्स एवं फार्मास्सिट की नियुक्ति सरकार द्वारा की जाएगी।

# अमरोह स्वां खड्ड में खनन कर रहे ट्रैक्टर मालिकों पर ठोंका जुर्माना

## विभाग की कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में मचा हड़कंप

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**



प्रदेश में अवैध खनन की समस्या लगातार बढ़ रही है, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। इसी कड़ी में पुलिस चौकी संसारपुर टैरेस के अंतर्गत अमरोह स्वां खड्ड में खनन विभाग की एक बड़ी कार्रवाई सामने आई है। माइनिंग विभाग की टीम ने इस क्षेत्र में छापा मारा और मौके पर अवैध खनन करते हुए कई वाहन पकड़े। खनन विभाग की टीम ने अमरोह स्वां खड्ड में वाहनों का निरीक्षण किया। इस दौरान दो ट्रक और तीन ट्रैक्टर अवैध खनन में लिप्त पाए गए। विभाग की कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया और कई वाहन चालक मौके से भाग गए। वहीं दूसरी और अवैध खनन को लेकर स्थानीय लोग भी चिंतित हैं। कई बार उन्होंने प्रशासन को इसकी जानकारी दी, लेकिन माफिया के प्रभाव के कारण कार्रवाई सीमित रहती थी। लेकिन इस बार खनन विभाग की टीम ने सख्ती दिखाते हुए मौके पर ही दोषियों को पकड़कर जुर्माना लगाया, जिससे स्थानीय लोगों में संतोष देखा गया। अमरोह स्वां खड्ड में हुई इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि सरकार और प्रशासन अवैध खनन को रोकने के लिए गंभीर हैं। हालांकि, जब तक स्थानीय लोग भी इस अभियान में सहयोग नहीं करेंगे, तब तक इस समस्या का पूर्ण समाधान संभव नहीं होगा। ऐसे में आवश्यक है कि प्रशासन, खनन विभाग और जनता मिलकर इस समस्या के खिलाफ एकजुट हों, ताकि प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा की जा सके और पर्यावरण संतुलन बना रहे। देहरा माइनिंग विभाग के इंस्पेक्टर अश्विनी कौंडल ने बताया कि अवैध खनन करने वालों पर कुल 35 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग लगातार ऐसे मामलों पर नजर रख रहा है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

खनन विभाग की इस मुहिम का उद्देश्य अवैध खनन को रोकना और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा करना है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग की टीमें लगातार गश्त करेंगी और जहां भी अवैध खनन पाया जाएगा, वहां सख्त कार्रवाई होगी। स्थानीय प्रशासन भी इस मामले में सहयोग कर रहा है, ताकि खनन माफिया पर पूरी तरह से शिकंजा कसा जा सके।

# पीएचसी भरमाड़ को दर्जा बढ़ने का इंतजार

## लोग बोले, 2014 में हुई सरकारी घोषणाएं कब होंगी पूरी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

जवाली विधानसभा के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) भरमाड़ का आज तक न तो दर्जा बढ़ा, न ही शिलान्यास के बाद ओपीडी भवन और आवासीय परिसर का निर्माण हो पाया है। इस स्वास्थ्य केंद्र के सहारे 15 हजार की आबादी है, परंतु लोगों का कहना है कि झूठी घोषणाओं कर उनके साथ छल किया गया है। नए आवासीय परिसर में ओपीडी भवन के साथ स्टाफ के क्वार्टर भी शामिल थे। इससे अस्पताल में ड्यूटी देने वाले चिकित्सकों और स्टाफ को आवासीय सुविधा मिलनी थी। क्वार्टरों का निर्माण न होने पाने के कारण डाक्टरों में भी रोष देखा जा रहा है। इस स्वास्थ्य केंद्र के भवन का शिलान्यास वर्ष 2014 में तत्कालीन विधायक एवं मुख्य संसदीय सचिव नीरज भारती ने किया था। इसके लिए बजट का भी प्रावधान किया था, लेकिन आज तक इसके भवन का निर्माण अधर में लटका है। स्वास्थ्य केंद्र अभी पुराने भवन में ही चल रहा है। इसमें पर्याप्त स्थान नहीं है और अस्पताल में अभी एक ही चिकित्सक कार्यरत है। इनके छुट्टी पर जाने से ओपीडी ठप हो जाती है। इससे क्षेत्र के मरीजों को चिकित्सा सुविधा के लिए जवाली या रैहन जाना पड़ता है। स्वास्थ्य केंद्र में आवासीय सुविधा न होने से चिकित्सकों को बाहर किराये के कमरों में रहना पड़ता है। इससे मरीजों को आपातकालीन और रात्रि में चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाती है। पीएचसी हजारों लोगों की चिकित्सा सुविधा से जुड़ा है। रात्रि में कोई चिकित्सक नहीं होता है। यहां दो चिकित्सकों की नियुक्ति होनी चाहिए। भरमाड़ स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा बढ़ना चाहिए। साथ ही इसमें इसमें लेबोरेटरी की सुविधा भी शुरू की जाए। पंचायत प्रधान भरमाड़ के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र नए भवन का निर्माण किया जाए, साथ ही इसका दर्जा बढ़ाकर कम से कम दो चिकित्सकों की नियुक्ति करने के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं।

### सीएम के समक्ष रखेंगे मामला : चंद्र कुमार



**इस** संबंध में जब स्थानीय विधायक एवं कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनके ध्यान में यह बता है तथा इस स्वास्थ्य केंद्र के भवन के निर्माण के लिए पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के समक्ष इस मसले को रखा जाएगा, ताकि स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा बढ़ाने के साथ यहां रुके कार्यों को भी शीघ्र शुरू करवाया जा सके।

### अभिमान भक्ति मार्ग का सबसे बड़ा शत्रु

**अनंत ज्ञान, जवाली।** अभिमान ही भक्तिमार्ग का शत्रु है। यह बात पंडित सुमित शास्त्री ने ढन में चल रही भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर कहे। शास्त्री ने गजेंद्र मोक्ष का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि त्रिकूट नामक पर्वत पर रहने वाले गजराज को अपने बल व परिवार का बड़ा अभिमान था। एक दिन जब वो सरोवर में स्नान के लिए अपने परिवार के साथ गया तो वहां उसका पैर एक ग्राह ने पकड़ लिया। गजराज व उसका परिवार छुड़ाने में असमर्थ रहे तब तब गजराज को वैराग्य हो गया और पूर्व जन्म की स्मृति के कारण उसने भगवान नारायण की स्तुति की। प्रभु ने आकर सुदर्शन से ग्राह का मुख फाड़कर गजराज को मुक्त करवा दिया। उन्होंने कहा कि विषय सुख इंद्रियों का तर्पण है, इसमें आत्मा तो अतृप्त रह जाती है।

### हाईकोर्ट ने कृषि विवि के कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया को किया खारिज

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** हिमाचल हाईकोर्ट ने कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने इस नियुक्ति के लिए राज्यपाल द्वारा तैयार की गई चयन समिति को खारिज करते हुए इस चयन समिति की सभी गतिविधियों को निरस्त कर दिया। राज्यपाल ने इस चयन समिति का गठन किया था। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता अजयदीप बिंद्रा द्वारा दायर याचिका को स्वीकारते हुए यह फैसला सुनाया। प्रार्थी चौधरी श्रवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में कृषि विज्ञान विभाग में प्रोफेसर/प्रधान वैज्ञानिक हैं।

### मजदूरों से मनमर्जी से काम करवा रहीं कंपनियां : मदन

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

संसारपुर टैरस मे भारतीय मजदूर संघ की बैठक स्थानीय विश्राम गृह में प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में औद्योगिक क्षेत्र संसारपुर टैरस में कंपनियों द्वारा मजदूरों के शोषण का मुद्दा उठा। बैठक में मजदूरो ने कंपनियों में हो रहे शोषण के बारे अपनी समस्याओं को रखा। भामस के प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के राज में फैक्टरियों में लगे मजदूरों का शोषण बढ़ गया है। कंपनियां मनमर्जी से मजदूरों से काम ले रही हैं और श्रम विभाग की नियमों की धज्जियां उठाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि कई ऐसे मजदूर हैं, जिन्हें कंपनी में लगे हुए 15 साल हो गए हैं, मगर उनको अचानक निकाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि कंपनियों द्वारा निकाले गए ये मजदूर पिछले तीन-तीन सालों से लेबर विभाग के कार्यलय के चक्कर काट रहे हैं, मगर इन्हें कहीं भी इंसाफ नहीं मिल रहा है। श्रम विभाग इनकी सुनवाई नहीं कर रहा है, आखिर इनका क्या कसूर है। उन्होंने कहा कि एक तरफ यह लोग कंपनी का शोषण सहन कर रहे हैं, इन्हें बाहर निकाला गया है तो दूसरी तरफ इन्हें श्रम विभाग के पास भी इंसाफ नहीं मिल रहा है।

# शाहपुर की टीबी मुक्त 26 पंचायतें सम्मानित

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में वीरवार को टीबीमुक्त पंचायत का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सब डिविजनल मजिस्ट्रेट करतार चंद ने की। इसमें हंड्रेड डेट टीबी कैंपेन के बारे में चर्चा की गई और टीबी अभियान को सफल बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों आशा कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर काम करने पर बल दिया गया।

जानकारी देते हुए स्वास्थ्य शिक्षक अजमेर ठाकुर ने बताया कि अगले वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले पहले सब प्रखंड के सभी पंचायतों को टीबी मुक्त किया जा सके इसमें सभी की जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया है। अजमेर ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम में टीबी मुक्त हो चुकी क्षेत्र की 26 पंचायतों को सम्मानित किया गया। वहीं, सभी आशा कार्यकर्ताओं को भी प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

खंड चिकित्सा अधिकारी कविता ठाकुर ने इस बीमारी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने एडॉप्शन पॉलिसी पर भी विस्तारपूर्वक समझाया और पोषण किट के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर अमित स्वास्थ्य शिक्षक अजमेर ठाकुर विभिन्न पंचायतों से आए हुए प्रधान उपप्रधान व आशा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

### हरोट में आठ लोगों में मिले टीबी के लक्षण

**अनंत ज्ञान, थुरल।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से खंड थुरल के तहत हरोट में बुधवार को टीबी जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने पोर्टेबल एक्सरे मशीन से 72 लोगों की टीबी जांच की। आठ लोगों में टीबी के लक्षण पाए गए। अब इन लोगों के टीबी की पुष्टि के लिए आगामी टेस्ट किए जाएंगे। अगर किसी में टीबी पाया जाता है, तो उसका इलाज शुरू किया जाएगा। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश सूद ने बताया कि 100 दिवसीय टीबी अभियान के तहत जोखिमपूर्ण आबादी वाले लोगों की टीबी जांच की जा रही है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से जगह-जगह टीबी जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही लोगों को टीबी के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

**परेशानी** सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट-काटकर थक चुका पालमपुर की पंचायत बंडविहार का परिवार

# आशा के पति चलने में असमर्थ, मदद की लगाई गुहार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पालमपुर के अंतगर्त आने वाली पंचायत बंडविहार के वार्ड नंबर-5 में आशा का परिवार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। आशा के पति घनश्याम 24 वर्ष पहले एक हादसे का शिकार हो गए थे, वहीं बीमारी की वजह से ग्रस्त होकर चलने-फिरने में असमर्थ हो गए हैं। वह 80 प्रतिशत दिव्यांग हैं।

परिवार सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट-काटकर थक चुका है, लेकिन आज तक दिव्यांग पेंशन का लाभ भी नहीं मिला है। आशा ने आंखों में आंसू भरते हुए कहा कि पहले परिवार की स्थिति ठीक थी, लेकिन पति की इस हालत के बाद सारी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। 2 बच्चों के भविष्य की चिंता और घर की जरूरतों को पूरा करने के लिए वह लगभग 9 किलोमीटर दूर लोगों के घरों में बर्तन धोने का काम करने जाती हैं। अब उनकी उम्र और स्वास्थ्य दोनों ही जवाब देने लगे हैं। उनका घर भी जर्जर हालत में पहुंच गया है।

पंचायत ने भी परिवार को अनदेखा किया है। परिवार को सरकार द्वारा चलाई गई योजना के तहत पंचायत के माध्यम से शौचायल का लाभ तक हीं दिलवाया गया। कुछ वर्ष पहले वहां के स्थानीय विधायक ने भी परिवार से मिलकर आश्वासन दिया कि घर बनवाने में मदद करेंगे तथा पंचायत या अन्य विभाग से आवास योजना का लाभ पहुंचाएंगे, लेकिन वह भी पूरा नहीं हुआ। हैरानी की बात यह भी है कि प्रधानमंत्री अवास योजना के तहत प्रदेश को हजारों मकान मिले, लेकिन आज तक इस परिवार का सर्वे तक नहीं हुआ है। अब परिवार को दो वक्त की रोटी जुटाने में भी परेशानी हो रही है। वहीं आशा की बेटी पूजा की शादी जुलाई माह के अंत में तय हुई है, लेकिन परिवार के पास शादी का खर्च उठाने के लिए साधन नहीं हैं। उक्त परिवार ने समाजसेवियों और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।



**आज तक दिव्यांग पेंशन का लाभ भी नहीं मिला**

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को तकनीकी कौशल से करवाया रू-ब-रू



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झड़ग-नकराड़ी में नवाचार एवं व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य लोकिंद्र शर्मा के मार्गदर्शन एवं समन्वयक डॉ. इंद्र शर्मा और विकास रामटा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा एवं नवीनतम तकनीकों से अवगत करवाना था, जिससे वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। इस दौरान छात्रों को तकनीकी कौशल, डिजिटल शिक्षा, स्टार्टअप संस्कृति, उद्यमिता, कौशल विकास एवं अन्य व्यावसायिक पहलुओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. सतनाम खागटा ने विशेष रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य लोकिंदर शर्मा एवं समन्वयक डॉ. इंदर शर्मा को इस सार्थक पहल के लिए बधाई दी।

### प्रशिक्षुओं को वितरित किए प्रमाण पत्र

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** सुन्नी स्थित ग्लोबल स्किल डेवलपमेंट संस्थान द्वारा संचालित होटल मैनेजमेंट की हाउसकीपिंग के प्रशिक्षुओं को गुरुवार को प्रमाण पत्र वितरित लिए गए। कार्यकम में अध्यक्ष नगर परिषद सुन्नी प्रदीप शर्मा बतौर मुख्यातिथि शिरकत की । उन्होंने संस्थान के संचालक और उनके सहयोगियों को भी युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए प्रोत्साहित किया । सेंट्यूम फाउंडेशन सुन्नी द्वारा संचालित इस पाठ्यक्रम में लगभग 130 प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। संस्थान के संचालक सोहना लाल ने बताया कि संस्थान द्वारा युवाओं को रोजगार मुहैया करने के उद्देश्य से विभिन्न पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया जाता है ।(अनंत ज्ञान)

### लोगों ने समाधान शिविर में रखी समस्याएं

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** नगर परिषद सुन्नी द्वारा स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान के तहत वार्ड संख्या 7 के बाशिंदों की समस्या को लेकर समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता नगर परिषद सुन्नी के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा द्वारा की गई। इस दौरान नगर परिषद के पार्षदों सहित वार्ड नंबर 7 के गणमान्य व्यक्तियों ने वार्ड की समस्याएं रखी। इस दौरान 7 नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहे अभियान व कचरा प्रबंधन बारे जानकारी दी गई तथा लोगों से गीला व सुखा कूड़ा अलग-अलग इकट्ठा करने की अपील की गई। इस दौरान पार्षद रूप लाल, कपिल गुप्ता, आशा कंवर, उमावती, कार्यकारी अधिकारी हिमेश पाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे ।

### हिमालयन स्कूल रोहड़ू में पीटीएम और नई पीटीए का गठन



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** हिमालयन पब्लिक स्कूल रोहड़ू में 27 मार्च को एक महत्वपूर्ण पैरेंट-टीचर मीटिंग (पीटीएम) का आयोजन किया गया! जिसमें स्कूल के छात्रों के अभिभावक और शिक्षकों ने हिस्सा लिया। यह बैठक न केवल बच्चों की शैक्षणिक प्रगति और व्यवहार पर चर्चा करने का मंच बनी! बल्कि इस अवसर पर नई पैरेंट-टीचर एसोसिएशन (पीटीए) का गठन भी किया गया। यह आयोजन स्कूल प्रशासन द्वारा अभिभावकों व शिक्षकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए एक ठोस कदम के रूप में देखा जा रहा है। स्कूल की प्रधानाचार्य रंजू शर्मा और चेयरमैन दिनेश शर्मा, एडमिन नगेंद्र लूटा, जगदेव चौहान, दिनेश शर्मा, पवन सुर्यान, बलवंत शर्मा, पृथ्वीराज नेगी आदि मौजूद रहे।

### अनुसूचित जाति आयोग ने प्राप्त शिकायत की शुरू की जांच

# अधिकारों का संरक्षण करना आयोग की प्राथमिकता : कुलदीप

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**



हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान तथा आयोग के सदस्यों ने गुरुवार को आदर्श केंद्रीय कारागार कंडा का दौरा किया।

आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने केंद्रीय कारागार में विचाराधीन बंदी अभिमन्यु के द्वारा की गई शिकायत की जांच की। अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने कहा कि आयोग अनुसूचित जाति से संबंधित लोगों के अधिकारों का संरक्षण करने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय कारागार में विचाराधीन बंद कैदी द्वारा की गई शिकायत के आधार पर आज जांच की गई है जिसमें शिकायतकर्ता एवं संतरी के ब्यान दर्ज किए जा चुके है।

अनुसूचित जाती के विरुद्ध अन्याय के संबंध में जहां भी शिकायत आयोग के संज्ञान में आती है आयोग द्वारा जांच की जाएगी। आयोग अनुसूचित जाति से संबंधित लोगों के अधिकारों के प्रति पूरी तरह सजग है।

#### अधिकारों का हनन होने पर आयोग करेगा कार्रवाई

**यदि** कहीं पर भी अधिकारों का हनन होता है तो आयोग स्वत: संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्ति को न्याय एवं पुनर्वास प्रदान करने के लिए अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार प्रतिषेध अधिनियम 1989 के तहत आगामी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

#### दौरे में कई प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद

**इस** अवसर पर हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित आयोग के सदस्य अधिवक्ता दिग्विजय मल्होत्रा, अधिवक्ता विजय डोगरा, उपनिदेशक ईसोमसा सुरेश शर्मा, कार्यकारी जिला कल्याण अधिकारी शिमला सतीश शर्मा, नायब तहसीलदार शिमला (ग्रामीण) चांद राम कश्यप, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### प्रताप चौहान बने हिमाचल होटल यूनियन के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल होटल मजदूर लाल झंडा यूनियन संबंधित सीटू का 31वां सम्मेलन कालीबाड़ी हॉल शिमला में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में प्रताप चौहान को अध्यक्ष, कपिल नेगी को महासचिव, चेत राम को कोषाध्यक्ष, विक्रम शर्मा, रत्ती राम, विकास को उपाध्यक्ष, सुभाष, श्याम दीपटा, इंद्र सिंह को सचिव एवं पूर्ण चंद, विनोद बिरसांटा, रामलाल, शिशुपाल, धर्मपाल, मुकेश, महेंद्र, मनोहर शर्मा, राजेंद्र, प्रकाश, पवन, संतराम, शंकर लाल, विरेंद्र, नीलकंठ, ईश्वर, अश्विनी, भीम प्रकाश, भीम सिंह को कमेटी सदस्य सहित तेंतीस सदस्यीय कमेटी का चयन किया गया। सम्मेलन में निर्णय लिया गया कि केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश सरकार की मजदूर, किसान, कर्मचारी व जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के तहत शिमला शहर के होटलों में मजदूर काम बंद करके हड़ताल करेंगे।

सम्मेलन में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, उपाध्यक्ष जगत राम, जिलाध्यक्ष कुलदीप डोगरा, बालक राम, रमाकांत मिश्रा, हिमी देवी, विवेक कश्यप, रंजीव कुठियाला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 34 कलाकारों ने दूसरे दिन गेयटी में ग्रेडिंग के लिए दिया ऑडिशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला शिमला द्वारा गेयटी थिएटर में कलाकारों की ग्रेडिंग के लिए ऑडिशन संपन्न।

ऑडिशन के दूसरे दिवस आज विभाग में पंजीकृत 34 कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति गायन, नृत्य, वादन आदि विधाओं में दी।

यह जानकारी देते हुए जिला भाषा अधिकारी अनिल हारटा ने बताया कि ज़िला शिमला में कलाकारों के ऑडिशन के माध्यम से ग्रेडिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रेडिंग के माध्यम से गायन, वादन, नृत्य आदि कलाओं से संबंध रखने वाले जिला शिमला के कलाकारों को श्रेणीबद्ध करने के लिए ग्रेडिंग की प्रक्रिया 26 और 27 मार्च, 2025 को गेयटी थियेटर में आयोजित की गई।

#### इन अधिकारियों ने की मदद

निर्णायक मंडली में संगीत विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ महेंद्र राठौर, आकाशवाणी के वरिष्ठ उद्घोषक डॉ हुकम शर्मा, जिला लोक संपर्क अधिकारी शिमला सिम्पल सकलानी शामिल रहे।

#### कार्यक्रमों में भाग लेने का मिलेगा अवसर

**इस** चयन प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य कलाकारों को मंच प्रदान करना है तथा ग्रेडिंग के माध्यम से पारदर्शिता लाना है। अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य व जिला स्तरीय मेलो व उत्सवों में भाग लेने वाले कलाकारों के उचित वर्गीकरण और उन्हें श्रेणीबद्ध करने के लिए यह चयन प्रक्रिया आयोजित की गई है। चयनित कलाकारों को उनके प्रदर्शन के आधार पर श्रेणीबद्ध किया जाएगा और उन्हें विभिन्न मेलों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

## बलदेव सिंटियाण ने शिक्षा मंत्री से की शिष्टाचार भेंट

**दशमी रावत, रोहड़ू**



प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव व जुब्बल-कोटखाई एवं चौपाल विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी बलदेव सिंटियाण ने जुब्बल कोटखाई व चौपाल विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त होने पर पहली बार प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से युवा कांग्रेस के साथियों के साथ शिष्टाचार भेंट की।

युवा कांग्रेस के सचिव बलदेव सिंटियाण ने बताया कि यह उनके लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। यह जिम्मेदारी केवल एक पद नहीं, बल्कि एक मिशन है। उन्होंने बताया कि इस जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा व संघर्ष के साथ पूरा करेगें, ताकि जुब्बल कोटखाई विधानसभा का प्रत्येक कार्यकर्ता सशक्त हो।

इस दौरान जुब्बल कोटखाई युवा कांग्रेस के नेता रोहित शर्मा, प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व सोशल मीडिया समन्वयक जीवन माक्टा, ब्लॉक युवा कांग्रेस छौहारा के अध्यक्ष हरीश कायथ, ब्लॉक युवा कांग्रेस रोहडू के उपाध्यक्ष प्रवीन शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।(अनंत ज्ञान)

### कुपवी में 29 को लगेगा किसान मेला

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** कुपवी में 29 मार्च को किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें किसानों को खेती के उन्नत तरीकों, नई तकनीकों और फसल प्रबंधन के बारे में बताया जाएगा। इस मेले में जहां किसानों को उन्नत खेती, नई तकनीक और फसल प्रबंधन की जानकारी दी जाएगी वहीं वैज्ञानिक समस्याओं का समाधान बताएंगे।

किसानों को बताया कि कौन-सी फसल कब और किस विधि से उगानी चाहिए, जिससे उनकी पैदावार अच्छी हो और वे खेती से ज्यादा लाभ कमा सकें। रजनीश कीमटा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और किसानों को कृषि विभाग सम्मानित करेगा।

## प्रयोगशाला कर्मचारियों को मिला प्रमोशन का आश्वासन

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

प्रयोगशाला सहायकों की याचिका पर उच्च न्यायलय में सुनवाई की गई,जिसमे शिक्षा सचिव ने विभाग की तरफ से न्यायलय द्वारा मांगा गया शपथ पत्र सादे कागज पर पेश किया, जिसे न्यायलय ने खारिज कर दिया। सुनवाई के दौरान माननीय न्यायधीश सत्येंद्र वैद्य ने शिक्षा विभाग को 28 मार्च तक एफेडेविट पर पे-कमीशन इंडेक्स बारे सूचना उपलब्ध करवाने के निर्देश जारी किए।

न्यायलय में सुनवाई के बाद प्रदेश प्रयोगशाला कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कंवर सिंह तंगड़ाईक एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य घनश्याम शर्मा विधानसभा में शिक्षा मंत्री रोहित से मिले । शिक्षा मंत्री से भेंट कर उन्होंने प्रयोगशाला कर्मचारियों की मांगों से सम्बंधित डिमांड चार्ट शिक्षा मंत्री को सौंपा। कंवर सिंह ने बताया कि शिक्षा मंत्री ने प्रयोगशाला कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से पद्दोन्नति दी जाएगी तथा इनका कॉलेज का समय भी पहले की तरह दस बजे से चार बजे तक रहेगा।

शिक्षा मंत्री ने इससे संबंधित निर्देश शिक्षा निदेशक को जारी कर दिए है । शिक्षा मंत्री ने यह भी आश्वासन दिया है कि प्रयोगशाला कर्मचारियों को पद्दोन्नति के बाद विभाग की तरफ से प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ।

### सड़क किनारे डंपरों में लगे कूड़े के ढेर

**शिमला।** नगर निगम शिमला द्वारा शहर के 34 वार्डों में शिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में शहरवासियों ने नगर निगम को कई शिकायतें दी। लेकिन हैरत इस बात की है कि शहर में सफाई को लेकर किसी भी व्यक्ति ने शिकायत नहीं की। लेकिन शहर की कुछक सड़कों के किनारे गंदगी का आलम बना हुआ है। बुधवार को मल्याणा भट्ठाकुफर वार्ड की सड़कों के किनारे भारी गंदगी पड़ी रही। इस गंदगी पर कुत्तों का तांता लगा रहा। यहां तक की कुत्तों के जमघट के कारण लोगों को भी खतरा महसूस हो रहा है। क्योंकि गंदगी में अकसर कुत्ते खाना ढुंढते हैं और ऐसे समय में कुत्ते अकरामक हो जाते हैं ।

### बिलासपुर कॉलेज में बी-वॉक रिटेल मैनेजमेंट के छात्रों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

# युवाओं को सैलरी के अलावा मिलेगा आकर्षक इंसेंटिव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में बी-वॉक रिटेल मैनेजमेंट के छात्रों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने की तथा कॉलेज की एडवाइजरी कमेटी इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रही।

इस प्लेसमेंट ड्राइव में प्रतिष्ठित आरबीएल कंपनी ने भाग लिया, जो अपने 50 से अधिक ब्रांड्स के साथ मौके पर मौजूद रही। इस अवसर पर आरबीएल कंपनी के एचआर मिस भूमिका, कंपनी के रीजनल मैनेजर दिनेश, तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इनके साथ एडवाइजर कमेटी के सदस्य प्रोफेसर प्रेमजीत, प्रोफेसर रंजीत कौशल एवं विभाग के नोडल अधिकारी डॉ सुरजीत चंदेल और बी-वॉक विभाग के एचओडी अमित चंदेल समेत सभी फैकल्टी सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

आरबीएल कंपनी के एचआर ने प्लेसमेंट अभियान के तहत छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को कंपनी के उज्ज्वल भविष्य और करियर विकास के अवसरों के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य ने छात्रों को प्लेसमेंट प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें कंपनी की कार्य संस्कृति व संभावित करियर ग्रोथ के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यह अवसर छात्रों को अपने कौशल को प्रदर्शित करने और व्यावसायिक दुनिया में अपनी पहचान बनाने में मदद करेगा।

प्लेसमेंट ड्राइव की शुरुआत में आरबीएल कंपनी के प्रतिनिधियों ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्रों को कंपनी की कार्यप्रणाली, उपलब्ध करियर अवसरों और उसके फायदों की जानकारी दी। इस सत्र में लगभग 120 छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मंडी, नाहन, सोलन और घुमारवीं के कुछ छात्रों ने भी हिस्सा लिया, जिनके साथ उनके प्रोफेसर भी उपस्थित रहे।

आरबीएल कंपनी के अधिकारियों ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की और भविष्य में भी इसी तरह के अवसर प्रदान करने की बात कही। यह प्लेसमेंट ड्राइव न केवल छात्रों के करियर को नई दिशा देने का मंच साबित हुआ, बल्कि उन्हें कॉर्पोरेट जगत की आवश्यकताओं और चुनौतियों को समझने का भी अवसर मिला। मिस भूमिका ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को सैलरी के अलावा आकर्षक इंसेंटिव, मेडिकल इंश्योरेंस, पीएफ, ग्रेच्यूटी के अलावा ड्रेस के लिए 60,000 रुपए प्रदान किए जाएंगे।

## कोठी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से प्रवासी मजदूर की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर कोठी के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक प्रवासी मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे यातायात पुलिस थाना भगेड़ की टीम ने उपचार के लिए एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए एम्स पहुंचाया, जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार यातायात पुलिस थाना भगेड़ की टीम वीरवार सुबह क्षेत्र में गश्त कर रही थी। जब पुलिस कोठी के पास पहुंची तो वहां पर एक व्यक्ति को फोरलेन पर गिरा हुआ देखा तथा संबंधित प्रवासी के सिर, पैर व मुंह पर चोटें लगी थीं। पुलिस ने उसे उपचार के लिए एंबुलेंस के माध्यम से एम्स पहुंचाया। जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 35 वर्षीय जसवंत कुमार निवासी बलदेव पुरी डाकघर पीतल नगरी थाना कटघर जिला मुरादाबाद-उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। मृतक क्षेत्र में मजदूरी का काम करता था तथा कोठी के पास ही किराए के मकान में रहता था। संभावना जताई जा रही है कि प्रवासी मजदूर को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी होगी। एएसपी बिलासपुर शिव चौधरी ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि यातायात थाना भगेड़ में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### गोबिंदसागर झील में मिला अज्ञात शव

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** पुलिस चौकी नयनादेवी के तहत आने वाले नकराणा में गोबिंदसागर झील से पुलिस ने एक अज्ञात शव बरामद किया है। स्थानीय लोगों ने किसी व्यक्ति का शव झील में तैरता हुआ देखा तथा इसकी सूचना नयनादेवी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद नयनादेवी पुलिस मौके पर पहुंचे तथा स्थानीय लोगों की सहायता से शव को झील से बाहर निकाला। नयनादेवी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल भेज दिया है। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि शव किसी व्यक्ति का है। जिसकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। शव को क्षेत्रीय अस्पताल के शव गृह में रखा गया है।

### सुमन चंदेल को 'एजुकेशन रॉकस्टार' अवार्ड



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर स्थित जुखाला में भारतीय एयरटेल फाउंडेशन के तत्वावधान में जिला स्तरीय इन्नोवेटिव मॉडल कंपटीशन करवाया गया। यह प्रतियोगिता प्राथमिक स्तर एवं प्रारंभिक शिक्षा छठी से आठवीं तक के अध्यापकों का मॉडल कंप्टीशन हुआ। इसमें अलग-अलग विषयों हिंदी, अंग्रेजी, गणित, साइंस व संस्कृत के अध्यापकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा उपनिदेशक क्वालिटी कंट्रोल बिलासपुर निशा गुप्ता ने की। इस प्रतिस्पर्धा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार की प्रशिक्षित स्नातक अध्यापिका आर्ट्स सुमन चंदेल को एजुकेशनल रॉकस्टार अवार्ड 2024-25 से नवाजा गया। यह पुरस्कार भारतीय एयरटेल फाउंडेशन की ओर से दिया गया। उन्होंने इंग्लिश ग्रामर को चैप्टर के साथ कैसे पढ़ाया जाए पर आधारित इनोवेटिव मॉडल पेश किया, जिसके लिए उन्हें यह पुरस्कार मिला। पाठशाला प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब सुमन चंदेल का राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए भी चयनित किया गया है।

### अंजलि और भूमन्यू ने पास की नवोदय परीक्षा

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** अल्फा पब्लिक हाई स्कूल झंडूता के दो होनहार विद्यार्थियों, अंजलि और भूमन्यू ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से स्कूल में हर्षोल्लास का माहौल है। विद्यालय में आयोजित एक सम्मान समारोह में दोनों विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह ठाकुर ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी अंजलि और भूमन्यू को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इनकी सफलता यह दर्शाती है कि लगन और परिश्रम से हर विद्यार्थी अपने सपने साकार कर सकता है।

## ग्रीष्मोत्सव की संध्याओं के लिए 350 कलाकारों ने दिया ऑडिशन



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं में 5 से 9 अप्रैल तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेले के सांस्कृतिक संध्याओं के कार्यक्रमों के लिए 25, 26 और 27 मार्च को ऑडिशन आयोजित किए गए, जिसमें करीब 350 कलाकारों ने भाग लिया और अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दीं। ऑडिशन में महिला मंडलों द्वारा प्रस्तुत पहाड़ी गीत लोकगीत लोकनृत्य संस्कार गीत डांस और योग जैसी विविध कलात्मक प्रस्तुतियों ने माहौल को सांस्कृतिक रंग में रंग दिया। निर्णायक मंडली ने सभी प्रस्तुतियों का मूल्यांकन करते हुए ग्रेडिंग के आधार पर चयन किया। निर्णायक मंडली में सुभाष गुप्ता, डॉ. राजेश चौहान, फूलां चंदेल आशा शर्मा, डॉ. सुरेश शर्मा और मदन पटियाल जैसे अनुभवी निर्णायक उपस्थित रहे, जिन्होंने निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ सभी कलाकारों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। उपमंडलाधिकारी गौरव चौधरी ने बताया कि ये ऑडिशन हिमाचली लोक संस्कृति को प्रोत्साहित करने और नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में सहायक होते हैं।

ऑडिशन में चयनित प्रतिभागियों को व्यक्तिगत रूप से सूचित किया जाएगा और उन्हें ग्रीष्मोत्सव मेले की सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा। घुमारवीं का यह राज्य स्तरीय मेला स्थानीय लोककला को बढ़ावा देने के साथ-साथ कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच प्रदान करता है। इस आयोजन से स्थानीय कलाकारों को अपनी संस्कृति से जुड़ने और उसे आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा, जिससे प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को नई पहचान मिलेगी।

### समोह सभा ने किया 35 करोड़ का कारोबार

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** दी समोह कृषि सेवा सहकारी सभा समिति समोह का साधारण अधिवेशन सभा प्रधान ब्रह्मू राम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में 100 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। सभा सचिव सुरेश कुमार ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्ष 2023-24 में सभा ने लगभग 35 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। उन्होंने जानकारी दी कि सभा की कार्यशील पूंजी 21 करोड़ रुपए है और यह अपने सदस्यों को ऋण, बचत, खाद-बीज, नियंत्रित व अनियंत्रित वस्तुओं की सुविधाएं प्रदान करती है। इसके अलावा, सभा ने सहकारी बैंक की डी एम ए स्कीम को भी अपनाया है, जिससे सहकारी बैंक की सुविधाएं सीधे सभा के माध्यम से सदस्यों को उपलब्ध करवाई जा रही हैं। सभा ने 2024 में 9 लाख का शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

**चिंतनीय** | डॉ. भीम राव अंबेडकर भवन समिति घुमारवीं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप जताई चिंता

# खनन से अंबेडकर भवन के शौचालयों को खतरा

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



घुमारवीं में सीर खड्ड के बाएं छोर पर बने अंबेडकर भवन के साथ हो रहे खनन के कारण वहां पर बने शौचालयों के गिरने का खतरा मंडराने लगा है। यही नहीं यदि इस खनन को न रोका गया तो अंबेडकर भवन भी इसकी चपेट में आ सकता है। इसी आशय को लेकर डॉ. भीम राव अंबेडकर भवन एससी समिति घुमारवीं ने एसडीएम घुमारवीं को बाकायदा ज्ञापन सौंप पर शीघ्र न्याय की मांग की है। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि समिति ने जिला कल्याण अधिकारी व अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग को भी प्रेषित की है। वहीं, प्रेस को जारी बयान में समिति के महासचिव कश्मीर सिंह ने बताया कि पता चला है कि यह खनन जल शक्ति विभाग द्वारा किया जा रहा है। लेकिन जब इस पर आपत्ति जताई गई तो इस खनन के बारे में कई अधिकारियों को पता नही नहीं था। उन्होंने कहा कि यह खनन अंबेडकर भवन के शौचालय के ठीक नीचे से हो रहा है, जिससे हल्की सी बारिश से यह शौचालय गिर सकते हैं जबकि अंबेडकर भवन के प्रांगण को भी खतरा उत्पन्न हो गया है।

यही नहीं इसी के साथ अंबेडकर भवन को भी खतरा पैदा हो सकता है। इस अवैध कटान से अंबेडकर भवन का प्रांगण सिंकुड़ गया है। इससे आने वाले समय में असुविधा होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि इस भवन को 30 मई 2023 को सरकार द्वारा एससी समिति घुमारवीं बिलासपुर को देखरेख के लिए सौंपा गया है। समिति ने अपने प्रयासों से इस भवन के जीर्णोद्वार पर काफी धनराशि व्यय कर इसे बैठने व अन्य कार्यक्रमों के योग्य बनाया है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा किए जा रहे इस प्रकार के खनन से निकट भविष्य में समस्या पैदा हो सकती है। इसलिए समय रहते इस खनन को तुरंत बद करवाया जाए तथा शौचालय के नीचे डंगा दिया जाए, ताकि सरकार की संपति को कोई नुकसान न पहुंचे। (अनंत ज्ञान)

#### प्रशासन लगाए डंगा

**हिमाचल** प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी तथा अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा के जिला प्रधान एवं सेवानिवृत्त डीएसपी सीता राम कौंडल तथा महासचिव नंद लाल आचार्य ने भी जिला प्रशासन से इस संवेदनशील मसले पर उपायुक्त बिलासपुर से हस्तक्षेप कर काम रुकवाने तथा डंगा देने की गुहार लगाई है। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रधान मनसा राम, कोषाध्यक्ष बुद्धि सिंह, महासचिव कश्मीर सिंह, राजकुमार, ज्ञाना राम, शेर सिंह, मनमोहन भट्टी, तेग सिंह आदि मौजूद थे।

### कोटधार नलवाड़ मेले का आज होगा आगाज

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के कलोल क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक लग दयो मंदिर में कोटधार नलवाड़ मेले का शुभारंभ आज से होगा। इस मेले का शुभारम्भ झंडूता के लोकप्रिय अधिवक्त ा सर्वजीत सिंह के द्वारा किया जाएगा। 30 मार्च तक चलने वाले इस मेले में सांस्कृतिक कार्य मों, स्टार नाइट और विशाल दंगल का आयोजन किया जाएगा। मुख्यातिथि सर्वजीत सिंह झंडूता क्षेत्र के प्रतिष्ठित अधिवक्त ा हैं और समाज सेवा में भी उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। उनके मार्गदर्शन में कई सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला है। क्षेत्र के लोग उन्हें न्यायप्रियता, सामाजिक सरोकार और जागरूकता अभियानों के लिए जानते हैं। नलवाड़ मेले में मुख्य अतिथि के रूप में उनका आगमन क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है। मेले में 28 और 29 मार्च को स्टार नाइट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पहले दिन गौरव कौंडल और दूसरे दिन धीरज शर्मा अपनी प्रस्तुतियां देंगे। 30 मार्च को होने वाले विशाल दंगल में प्रदेश के नामी पहलवान अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन करेंगे। मेले के संस्थापक अमरनाथ धीमान ने बताया कि ऐसे आयोजन हमारी परंपराओं को जीवंत रखते हैं। उन्होंने कहा कि सर्वजीत सिंह जैसे सम्माननीय व्यक्ति का मेले में आना आयोजन की गरिमा को और बढ़ाएगा।

### ठाकुरद्वारा मंदिर झंडूता में भागवत कथा 30 से

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के झंडूता बाजार के साथ स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर में 30 मार्च से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर कमेटी के उपप्रधान रमेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रूप से कथा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भागवत कथा का श्रवण करें और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें।

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग को घर में अकेली देख किया दुष्कर्म

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा में नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है, जिससे पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है। यह घटना चुराह में हुई, जहां एक व्यक्ति ने नाबालिग लड़की को घर में अकेली देखकर उसके साथ दुराचार किया। पुलिस को मिली शिकायत के अनुसार, आरोपी ने लड़की के घर में घुसकर कमरे का दरवाजा बंद किया और उसके साथ दुष्कर्म किया। लड़की के परिजनों को इस घटना की जानकारी तब मिली जब वे घर पहुंचे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। यह घटना पूरे क्षेत्र में शर्मसार करने वाली है और लोगों में आक्रोश फैला हुआ है। पुलिस इस मामले में आगामी जांच कर रही है।

### भव्य जलेब के साथ कुश्ती प्रतियोगिता शुरू



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर के छठे दिन कुश्ती प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ नागौण मैदान में एसपी मंडी साक्षी वर्मा की अध्यक्षता में वीरवार को किया गया। इससे पूर्व एसपी साक्षी वर्मा की अगुवाई में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सुंदरनगर से नागौण मैदान तक भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। नलवाड़ मेले के दौरान आयोजित होने वाली इस दो दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रदेश सहित अन्य राज्यों के पहलवान भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आज राज्यस्तरीय नलवाड़ मेले के समापन अवसर पर नागौण मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी, डीएसपी भारत भूषण, बीडीओ विवेक चौहान, तहसीलदार अंकित शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### शिक्षकों की तैनाती को लेकर कमेटी का गठन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुसार सिरमौर जिला में जेबीटी शिक्षकों को मुख्य शिक्षक बनाने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत 100 मुख्य शिक्षकों की तैनाती की जानी है। अब इन पदोन्नत मुख्य शिक्षकों की तैनाती को लेकर उपनिदेशक प्राथमिक शिक्षा राजीव ठाकुर ने एक कमेटी का गठन किया है, जोकि जिले में रिक्त पड़े स्कूलों की सूची बनाकर देगी, ताकि वहां पर इन शिक्षकों को तैनाती दी जा सके। उपनिदेशक प्राथमिक राजीव ठाकुर ने बताया कि सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार पदोन्नत 100 शिक्षकों की तैनाती को कमेटी गठित की गई है, जो जल्द ही अपणु रिपोर्ट पेश करेगी।

### सिरमौर में सोसायटी ने शुरू की एंबुलेंस सेवा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में समाज सेवा के क्षेत्र में दशमेश सेवा सोसायटी और दशमेश रोटी बैंक ने एक और सराहनीय कदम उठाया है। सोसायटी ने गुरु गोबिंद सिंह महाराज की कृपा से रोगियों और अन्य लोगों को अस्पतालों तक पहुंचाने के लिए एक अत्याधुनिक एंबुलेंस सेवा शुरू की है, जिसमें ऑक्सीजन और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस सेवा का शुभारंभ वीरवार को एडीसी सिरमौर एलआर वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। एडीसी सिरमौर एलआर वर्मा ने इस सेवा को सराहते हुए कहा कि यह पहल जिला सिरमौर के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण साबित होगी। अब उन्हें अस्पताल तक पहुंचने में कोई समस्या नहीं होगी और वे समय पर इलाज के लिए अस्पतालों तक पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि दशमेश रोटी बैंक का यह कदम जिले के लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम है।

# आर्थिक व शैक्षिक प्रगति से जुड़े मुद्दों को सरकार के समक्ष रखा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम द्वारा आयोजित जागरूकता शिविर में विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों ने अपनी सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक प्रगति से जुड़े मुद्दों को प्रभावी रूप से सरकार के समक्ष रखा।

यह महत्वपूर्ण बैठक चंबा के बचत भवन के सभागार में आयोजित की गई। इसमें निगम के प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। डिप्टी जनरल मैनेजर चिरंजी लाल शर्मा और अल्पसंख्यक समुदायों के प्रतिनिधियों ने इस मौके पर अपनी चिंताओं को प्रकट किया। उन्होंने बताया कि पिछली बैठक 2008 में आयोजित हुई थी और उसके बाद 2025 में यह पहली बार हो रही है। इस लंबे अंतराल को देखते हुए समुदायों ने सरकार से अनुरोध किया कि ऐसी बैठकों को नियमित रूप से आयोजित किया जाए, ताकि उनकी समस्याओं और मांगों पर गंभीरता से विचार हो सके। बैठक के दौरान बौद्ध समुदाय के प्रतिनिधियों ने चिंता व्यक्त की कि उन्हें अन्य नामों से पुकारा जाता है, जो कि अनुचित और असम्मानजनक है।

उन्होंने सरकार से मांग की कि इस भेदभाव को समाप्त किया जाए और उनके अधिकारों की रक्षा की जाए अन्य समुदायों ने भी सरकारी योजनाओं और सुविधाओं तक पहुंच में आ रही बाधाओं पर अपनी बातें रखीं। बैठक में चंबा के डीसी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने सभी समुदायों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन मुद्दों को गंभीरता से लिया जाएगा और सरकार तक प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाया जाएगा, ताकि नीति निर्माण में समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इस जागरूकता शिविर ने अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों, सरकारी योजनाओं की प्रभावशीलता और उनके समावेशी विकास पर एक सार्थक संवाद का अवसर प्रदान किया। सभी समुदायों ने इस पहल का स्वागत किया और सरकार से अनुरोध किया कि ऐसे संवाद को समय-समय पर आयोजित किया जाए, ताकि उनकी आवाज सुनी जा सके और उनकी आवश्यकताओं को उचित समाधान मिल सके।

## जेसीबी चालक को पीटा, मशीन में की तोड़फोड़

**अनंत ज्ञान, चंबा।** तीसा उपमंडल के कल्हेल-बंजली मार्ग की बहाली और सड़क कटिंग के दौरान हंगामा हो गया। स्थानीय लोगों ने न केवल जेसीबी चालक की पिटाई की, बल्कि मशीन में भी तोड़फोड़ कर दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे प्रशासन पर भी सवाल उठने लगे हैं।

**तीसा में सड़क बहाली के दौरान हंगामा**

जानकारी के अनुसार, सड़क निर्माण और कटिंग का कार्य जारी था, लेकिन इसी दौरान स्थानीय लोगों में आक्रोश भड़क उठा। विवाद इतना बढ़ गया कि लोगों ने जेसीबी चालक पर हमला कर दिया और मशीन को भी नुकसान पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। कल्हेल-बंजली मार्ग की बहाली को लेकर हुए इस विवाद ने क्षेत्र में तनाव पैदा कर दिया है।

## व्यावसायिक संपत्तियों की सूची की जाए तैयार: मुकेश रेपसवाल



**अनंत ज्ञान, चंबा**

डीसी एवं अध्यक्ष विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) मुकेश रेपसवाल ने खज्जियार के अंतर्गत सभी वाणिज्यिक संपत्तियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं। डीसी ने यह निर्देश विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) खज्जियार के तहत आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) खज्जियार के अंतर्गत सभी वाणिज्यिक संपत्तियों-होटल, रेस्टोरेंट होमस्टे आदि की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। साथ में उन्होंने नगर एवं ग्राम योजना विभाग के स्थानीय अधिकारियों को राजस्व विभाग के सहयोग से इस क्षेत्र में प्राधिकरण की आय से संबंधित संसाधन जुटाने के लिए संभावनाएं तलाशने को कहा। मुकेश रेपसवाल ने सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग को खज्जियार मुख्य संपर्क सड़क में जल निकासी नालियों की आवश्यक मरम्मत तथा रखरखाव कार्य को सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए।

मुकेश रेपसवाल ने बैठक में विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण खज्जियार के सदस्य सचिव को बदलने के लिए विस्तृत समीक्षा के पश्चात मामले को प्रदेश सरकार को प्रेषित करने को कहा। बैठक में वन मंडल अधिकारी वन्य प्राणी एवं सदस्य सचिव डॉ. कुलदीप जमवाल ने साडा-खज्जियार से संबंधित विभिन्न जानकारियों का ब्यौरा रखा।

# चंबा में भेड़पालकों के लिए राहत

## 1 अप्रैल से 31 मई तक लगेगा विशेष पशु चिकित्सा शिविर

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिले के घुमंतू भेड़-बकरी पालकों के लिए खुशखबरी है। पशुपालन विभाग चंबा 1 अप्रैल से 31 मई तक जिले के 15 चिन्हित स्थानों पर वृहद बहु-उद्देशीय पशु चिकित्सा सहायता शिविरों का आयोजन करने जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य पलायन करने वाले भेड़ पालकों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और उनके पशुधन को स्वस्थ बनाए रखना है। यह शिविर बलाना, डुघ (समोट), लाहड़ू, तुनुहट्टी, घटासनी, जोत, व्रंगाल, नकरोड़, बग्गा, लूना, होली, लाखे वाली माता, देओल, घरेड़ और वैरागढ़ में लगाए जाएंगे।

इस शिविर में पशुपालकों को आधुनिक पशु चिकित्सा जानकारी प्रदान की जाएगी। बलाना, डुघ, घरेड़, देओल और होली में



कीटनाशक स्नान की विशेष सुविधा उपलब्ध रहेगी। चार वेटरनरी मोबाइल यूनिट वैन भी इन शिविरों में सेवा देंगी। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. मुंशी कपूर ने जिले के सभी घुमंतू भेड़-बकरी पालकों से अनुरोध किया कि वे इन शिविरों का अधिक लाभ उठाएं और अपने पशुधन को सुरक्षित रखें क्योंकि आने वाले 3-4 महीने वे ऊंची पहाड़ियों की ओर पलायन करेंगे। यह शिविर पशुपालकों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जहां वे अपने पशुओं की स्वास्थ्य देखभाल कराकर आर्थिक नुकसान से बच सकते हैं।

## स्टाफ की भारी कमी को लेकर विधायक ने विधानसभा में जोरदार आवाज उठाई

# चंबा के युवाओं को रोजगार के अवसर कम मिल रहे

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा जिले में पटवारी सर्कलों और जिला प्रशासन में स्टाफ की भारी कमी को लेकर सदर विधायक नीरज नय्यर ने विधानसभा में जोरदार आवाज उठाई।

उन्होंने सरकार से अपील की कि इस गंभीर समस्या पर तुरंत ध्यान दिया जाए और आवश्यक पदों को जल्द भरा जाए, ताकि जनता को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं मिल सकें। विधायक नीरज नय्यर ने सदन में कहा कि राज्य कैडर घोषित होने के बाद कई कर्मचारियों के ट्रांसफर कर दिए गए हैं। साथ ही, जो संविदा कर्मचारी वर्षों से सेवाएं दे रहे थे,



उनका कार्यकाल भी समाप्त होने वाला है। इससे चंबा जिले में प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबसे चिंताजनक बात यह है कि चंबा के स्थानीय लोग बहुत कम संख्या में इन प्रशासनिक पदों पर कार्यरत हैं। अधिकतर कर्मचारी दूसरे जिलों से स्थानांतरित होकर आए हैं, जिससे चंबा के युवाओं को रोजगार के अवसर कम मिल रहे हैं। खासकर, डीसी ऑफिस चंबा में स्टाफ की इतनी कमी हो गई है कि पूरा कार्यालय खाली-सा नजर आता है। सरकार को इस पर तुरंत ध्यान देना चाहिए और जरूरी भर्तियां जल्द से जल्द करनी चाहिए। पटवारी सर्कलों में कर्मचारियों की कमी से नामांतरण, भूमि रिकॉर्ड और अन्य प्रशासनिक कार्यों में देरी हो रही है। डीसी ऑफिस में स्टाफ की भारी कमी के कारण फाइलों का निपटारा धीमा पड़ रहा है। चंबा के युवाओं को सरकारी नौकरी के कम अवसर मिल रहे हैं, जिससे स्थानीय बेरोजगारी बढ़ रही है। विधायक नय्यर द्वारा यह मुद्दा उठाए जाने के बाद अब सवाल उठता है कि क्या सरकार चंबा के स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देते हुए भर्ती प्रक्रिया तेज करेगी? क्या संविदा कर्मचारियों के कार्यकाल को बढ़ाने पर विचार होगा? क्या डीसी ऑफिस और अन्य प्रशासनिक कार्यालयों में स्टाफ की कमी जल्द पूरी होगी? अब देखना यह होगा कि सरकार इस मांग पर कितनी जल्द कार्रवाई करती है। विधायक नीरज नय्यर की इस पहल से चंबा के लोगों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही प्रशासनिक दफ्तरों में स्टाफ बढ़ेगा और सरकारी कामकाज की रफ्तार तेज होगी।

# नेरचौक में लुटेरी महिलाओं को पकड़ा

**विनोद जसवाल, नेरचौक**

**वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर उठे सवाल**

नेरचौक में एक स्थानीय महिला वनिता देवी के पर्स से चोरी करते हुए प्रवासी महिलाओं के गिरोह को रंगे हाथों पकड़ा गया, जिन्हें पुलिस के सुपुर्द किया गया है। महिलाओं ने अपनी पहचान नंगल निवासी के रूप में बताई। वीरवार सुबह नौ बजे पीपली से महिला वनिता नेरचौक के लिए बस में बैठी थी। महिला की गोद में छोटा बच्चा भी था, जिसे नींद आ गई।

बस में ग्रामीणों के साथ-साथ कुछ प्रवासी महिलाएं भी चढ़ गईं। बस में भीड़ के कारण चार-पांच प्रवासी महिलाएं चोरी की ताक में थीं। भीड़ का लाभ उठाकर महिलाओं ने पीपली निवासी वनिता देवी के पर्स में हाथ डाल कर उसमें रखे नकदी निकालने की कोशिश की, जिसकी भनक वनिता देवी को लग गई। पर्स में झटका महसूस होने पर महिला ने जल्द से प्रवासी महिला का हाथ पकड़ लिया। उसके बाद उन्हें गाड़ी से उतारा, जिस महिला ने नकदी निकाली थी, वह नकदी वापस कर कहने लगी कि यह लो अपने पैसे और शोर न करो, लेकिन महिला ने अपने पैसे लिए और उन महिलाओं की धुनाई भी की। इसके बाद पुलिस के हवाले किया गया।

वनिता देवी ने बताया कि उसकी बहु बीमार है और पिछले बारह दिनों से मेडिकल कॉलेज में दाखिल है। उपचार और अन्य खर्च हेतु पैंतीस हजार रुपए ले जा रही थी, लेकिन ये महिलाएं कहां से बस में चढ़ीं, मुझे नहीं मालूम जब मुझे पर्स में खिंचाव महसूस हुआ तो देख तो महिला मेरे पर्स से हाथ निकाल रही है।

चोरी की घटना में शिकायतकर्ता के शिकायत न करने पर पुलिस की कार्रवई से हाथ पीछे हटाने पर लोगों में चर्चा है कि इस प्रकार की संदिग्ध गतिविधि में संलिप्त महिलाओं को पुलिस द्वारा इस तरह छोड़ा जाना कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, जबकि महिलाओं ने वायरल वीडियो में यह बात स्वीकारी है और शिकायतकर्ता द्वारा वायरल वीडियो में पूरी घटनाक्रम को क्रमबद्ध ढंग से सुनाया जा रहा है, बावजूद इसके पुलिस द्वारा आरोपी महिलाओं पर कार्रवाई न करना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। (अनंत ज्ञान)

# बीएसएल परियोजना सलापड़ सड़क की हालत खराब

**भीम बसेड़ू, महादेव**

**सड़क के कम समय के बाद ही खराब होने से उठे कई सवाल**

बीएसएल परियोजना सलापड़ इरीगेशन विंग की सड़क जिसे तीन माह पहले पक्का किया गया था बुरी तरह उखड़ना शुरू हो गई है और जिसका एक बड़ा भाग गड्ढों में तब्दील हो गया है।

राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं 21से संपर्क करती इस सड़क का इतने कम समय में खराब होना ठीक न की गई प्लानिंग और उच्च गुणवत्ता के न होने को ही दर्शाता है। यानि सड़क की हालत सुधारने की ओर बहुत अधिक ध्यान न देकर बीबीएमबी प्रशासन के इस विंग पर सीधे सीधे आरोप लग रहे हैं कि सड़क की इस फटेहाल दशा को देखकर लगता है कि इस परियोजना को भ्रष्टाचारी खुराक दी गई होगी, तभी यह व्यस्त सड़क इतने कम समय में तख्ती की स्याही की तरह धुल रही है। लोगों का कहना है कि बीबीएमबी सड़क का काम इतना स्तरहीन होगा, यह उन्होंने कभी सोचा न था।

इस संबंध में एक्सईएन राजेश गुप्ता से बात की तो उन्होंने बताया कि दो चार गड्ढे पड़े होंगे, उनकी मुरम्मत करवा देंगे। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस नेता की पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज सोलन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र सेठी के आवास पहुंचकर उनकी पत्नी के निधन पर संवेदनाएं प्रकट कीं और दिवंगत आत्मा को श्रद्धाजंलि अर्पित की। 68 वर्षीय रेणु सेठी का गत 21 मार्च को लंबी बीमारी के उपरांत निधन हो गया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रेणु सेठी जीवनपर्यन्त समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के प्रति समर्पित रही और उन्होंने सभी को इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात, उन्होंने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोलन में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय अस्पताल के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह निर्माणाधीन



बहुउद्देश्य अस्पताल सोलन जिले के साथ-साथ सिरमौर और शिमला जिला के निवासियों एवं पर्यटकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी जिला मुख्यालयों सहित अन्य स्थानों पर स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ कर रही है और यह सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि लोगों को समय पर गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी, नगर निगम सोलन की महापौर ऊषा शर्मा, जोगिंद्रा सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, प्रदेश खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम निदेशक मण्डल के सदस्य जतिन साहनी, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता दयाल प्यारी, कांग्रेस नेता रमेश ठाकुर, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### सूडोकु नवताल- 7383

***** मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7382 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

**अनंत ज्ञान**

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

28 मार्च, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : चैत्र, **तिथि** चतुर्दशी (07:57): **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपद (10:10), **पक्षः** कृष्ण, **योग** : शुक्ल (02:06) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (12:01-12:51), **राहुकाल** (10:54-12:26)।

### विशेष दिन

- 28 मार्च - एकलिंगजी का पाटोत्सव आज।
- 29 मार्च 2025 : सूर्यग्रहण कल।

**मेषः** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। परिश्रम आज लाभ देगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृषभः** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**मिथुनः** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**कर्कः** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर होगी। कोशिश लाभ देगी। आलस्य का त्याग करे।

**सिंह :** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**कन्या :** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

**तुलाः** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृश्चिकः** समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा ।

**धनुः** कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**मकर :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कुंभ :** सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा।

**मीन :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा।

# बिजली उपभोक्ताओं को बताए उनके अधिकार

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

वीरवार को विद्युत मंडल डलहौजी ने बकलोह उपमंडल में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक करना था। इसके अलावा, बिजली बोर्ड द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, बिजली बचत के उपायों और सुरक्षित बिजली उपयोग की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम में विद्युत मंडल डलहौजी के वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता पंकज राठौर और विभिन्न उपमंडलों से आए सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता, विभिन्न ग्राम पंचायतों से पंचायत प्रधान, घाटासनी महिला मंडल और चलामा महिला मंडल उपस्थित रहे। इस दौरान उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति, बिलिंग प्रक्रिया और बिजली बिल के समय पर भुगतान के महत्व के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई गई। उपभोक्ताओं को उनके अधिकार और कर्तव्य समझाए गए।

**तैयारी** मेला समिति तैयारियां मुकम्मल करने में जुटीं

# राज्यस्तरीय लघु शिवरात्रि मेला एक से

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

**बड़ा देव हुरंग नारायण व पहाड़ी बजीर देव पशाकोट की अगुवाई में निकलेगी देवताओं की भव्य जलेब**

राज्यस्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर का शुभारंभ एक अप्रैल को देवताओं की भव्य जलेब के साथ होगा। चौहार घाटी के आराध्य बड़ा देव श्री हुरंग नारायण व पहाड़ी बजीर देव श्री पशाकोट की अगुवाई में देवी देवताओं की भव्य जलेब निकलेगी। मेला समिति ने इस बार लगभग एक सौ से अधिक देवी देवताओं को मेला में भाग लेने का निमंत्रण दिया है।

मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला के शुभारंभ के लिए मेला समिति द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर पहुंचने पर देव श्री हुरंग नारायण व देव श्री पशाकोट सहित अन्य सभी देवी देवताओं का भव्य स्वागत किया जाएगा। बड़ा देव श्री हुरंग नारायण व देव श्री पशाकोट की अगुवाई में देवी-देवताओं की भव्य जलेब निकाली जाएगी। ऐतिहासिक लघु शिवरात्रि मेले को लेकर जोगिंद्रनगर में तैयारियां जोरों पर हैं। दुकानदार अपनी दुकानें सजा रहे हैं। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले लगाने का काम भी शुरू हो गया है। विभिन्न विभागों द्वारा मेले के लिए प्रवेश द्वार (गेट) लगाने का कार्य तेज कर दिया गया है, जिससे मेले में आने वाले लोगों को सुव्यवस्थित प्रवेश मिल सके।

जोगिंद्रनगर प्रशासन ने मेले को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। सफाई व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा प्रबंधन को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। अधिकारियों ने बताया कि मेले के दौरान किसी भी अव्यवस्था से बचने के लिए पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। नगर परिषद को सफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए गए हैं।

मेले में बच्चों और युवा वर्ग के लिए विशेष आकर्षण झूले लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। झूला कारीगर भी मेले के लिए अपनी तैयारियां कर रहे हैं। इस बार मेला मैदान में और अधिक झूले लगाए जाने की उम्मीद है। मेले में उमड़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने बताया कि मेले के दौरान सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी और मेले में अस्थायी पुलिस चौकियां भी स्थापित की जाएंगी। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए मुख्य मार्गों पर विशेष इंतजाम किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

**कार्यालय ग्राम पंचायत पनालथ**
विकास खण्ड नगरोटा सूरियां, जिला कांगड़ा (हि. प्र.)

**निविदा सूचना**

बैठक में प्रधान ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव रखा और समस्त उपस्थित सदस्यों को इस बारे अवगत करवाया गया कि पंचायत में मनरेगा व अन्य मदों के अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्य करवाए जाने है अतः इनके लिए मैटीरियल क्रय करने के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जाएँ। कोटेशनर के पास GST नंबर व बिलिंग भुगतान के समय HP Mineral Rules 2015 के अंतर्गत फार्म X व Y फार्म प्रस्तुत करना अनिवार्य है। कोटेशनें दिनांक 07/04/2025 तक सीलबंद लिफाफे में डाक द्वारा अथवा कोटेशनर द्वारा स्वयं पंचायत कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए, सामग्री का विवरण निम्नलिखित है ।

| क्रं. सं. | सामग्री का विवरण | इकाई जिसमें निविदा चाही है |
|---|---|---|
| 1. | क्रेशर रेत | प्रति घन मीटर |
| 2. | क्रेशर बजरी 10/20/40 एमएम | प्रति घन मीटर |
| 3. | क्रेशर 63/90 एमएम | प्रति घन मीटर |
| 4. | पत्थर (बोल्डर) ढुल्वायी पहुंच सहित | प्रति घन मीटर |
| 5. | सीमेंट बैग ढुल्वायी पहुंच सहित सिविल सप्लाई नगरोटा सूरियां से लेकर कार्यस्थल तक (लोडिंग व अनलोडिंग सहित) | प्रति बैग |
| 6. | शटरिंग किराया (स्टील) | प्रति वर्ग मीटर |
| 7. | शटरिंग किराया (लकड़ी) | प्रति वर्ग मीटर |
| 8. | कंक्रीट मिक्सचर किराया | प्रति दिन |
| 9. | पानी के टैंकर का किराया | प्रति टैंकर |
| 10. | ढुल्वायी जी0 आई0 वायर व स्टील 10एमएम, 12 एमएम जसूर एग्रो (Govt. Firm) से ग्राम पंचायत पनालथ तक (लोडिंग व अनलोडिंग सहित | प्रति फेवर |
| 11. | कंक्रीट का बैंच | प्रति यूनिट |
| 12. | लोहे का बैंच | प्रति यूनिट |
| 13. | खेल सामग्री व व्यायाम हेतू इक्विपमेंट | प्रति यूनिट |
| 14. | जे0 सी0 बी0 मशीन किराया | प्रति घंटा |
| 15. | कार्य स्थल बोर्ड लिखवाई | प्रति यूनिट |
| 16. | पक्की ईंट ढुल्वायी पहुंच सहित ग्रेड A,B,C | प्रति यूनिट |
| 17. | आर0 सी0 सी0 हयूम पाइप व्यास 250, 300, 400, 600 mm (पहुंच सहित) | प्रति यूनिट |
| 18. | स्थापना वाटर कूलर 15/40, 20/40, 40/80 लीटर क्षमता आयरन फ्रेम, टंकी व प्लंबिंग सहित (पहुंच सहित) | प्रति यूनिट |
| 19. | स्थापना वाटर टैंक आयरन MS कैप 2000, 1000 लीटर क्षमता व स्टैंड (पहुंच सहित) | प्रति यूनिट |

निविदाएँ इसके लिए गठित कमेटी के समक्ष दिनांक 10/04/2025 को खोली जाएंगी न्यूनतम रेट वाले निविदादाता की कोटेशन स्वीकृत की जाएंगी। निविदाएँ वर्ष 2025-26 के लिए मान्य होंगी । मेटीरिअल सप्लाई ना करने की दशा में, घटिया मटेरियल सप्लाई करने की दशा, विलम्ब से सप्लाई करने की दशा, कोटेशन प्रस्तुत करने वाली फर्म की अनुपस्थिति में (कोटेशन खोलने के समय) अन्य किसी कारण से पंचायत के पास निविदाएँ रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत पनालथ
विकास खण्ड नगरोटा सूरियां, जिला कांगड़ा (हि. प्र.)

**विज्ञान** मानवता के लिए एक खूबसूरत तोहफा है, हमें इसे बिगाड़ना नहीं चाहिए। -डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

## संपादकीय

# बस संचालन पर संकट

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के बयान के बाद निजी बस ऑपरेटरों का गुस्सा सरकार के खिलाफ बढ़ गया है। मुकेश ने विधानसभा में स्पष्ट रूप से कहा था कि जो बस ऑपरेटर रविवार को बसें नहीं चलाएंगे, उनके रूट परमिट रद्द कर दिए जाएंगे। यानी ऐसे डिफॉल्टर बस ऑपरेटर बसें नहीं चला पाएंगे। इसके बाद से बस ऑपरेटरों ने बसों को खड़ा करने की चेतावनी दी है। इस पूरे मुद्दे ने हिमाचल प्रदेश में बस सेवा के भविष्य को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। निजी बस ऑपरेटरों का आरोप है कि उनके साथ सरकार भेदभावपूर्ण रवैया अपना रही है। वह तर्क दे रहे हैं टैक्स जमा न करने पर उनकी बसों को इम्पाउंड किया जा रहा है, जबकि राज्य परिवहन निगम, यानी एचआरटीसी पर इस तरह की कोई कार्रवाई नहीं हो रही। एचआरटीसी को अक्सर सरकार से सहूलियत मिलती है, जैसे कि रूट परमिट की छूट या सरकार की ओर से डीजल की कीमतों में राहत, लेकिन निजी बस ऑपरेटरों के लिए यह सब कुछ महंगा और मुश्किल साबित हो रहा है। निजी बस ऑपरेटरों के लिए स्थिति यह है कि डीजल की कीमत 100 रुपए के आसपास पहुंच गई है, जबकि बस किराया वहीं का वहीं है, जो कई सालों से नहीं बढ़ाया गया है।

इसका असर उनके मुनाफे पर हो रहा है। इन सब समस्याओं के बीच, अगर सरकार निजी बसों को रूट परमिट रद्द करने की चेतावनी देती है, तो यह ऑपरेटरों के लिए बर्दाश्त करना और भी कठिन हो जाता है। अगर निजी बस ऑपरेटर अपनी चेतावनी के अनुसार बसों को खड़ा कर देते हैं, तो इससे सबसे ज्यादा नुकसान आम जनता को होगा। हिमाचल प्रदेश में यात्रा के लिए निजी बसों पर निर्भरता काफी अधिक है, खासकर ग्रामीण इलाकों में। एचआरटीसी की बसें भी उपलब्ध हैं, लेकिन इनकी संख्या कम है और ये ज्यादा भीड़-भाड़ वाली होती हैं। ऐसे में निजी बसों के बंद होने से लोगों का आना-जाना बहुत ही मुश्किल हो जाएगा। खासकर उन लोगों को परेशानी होगी, जो दैनिक आधार पर छोटे शहरों या कस्बों से बड़े शहरों में काम करने जाते हैं। इसके अलावा, पर्यटन उद्योग को भी नुकसान हो सकता है। हिमाचल प्रदेश एक प्रमुख पर्यटन स्थल है और यहां आने वाले पर्यटकों के लिए निजी बसें एक महत्वपूर्ण परिवहन साधन हैं। अगर निजी बसें बंद हो जाती हैं, तो पर्यटकों के लिए परिवहन के विकल्प सीमित हो सकते हैं, जिससे पर्यटन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

निजी बस ऑपरेटरों के लिए दूसरा बड़ा मुद्दा किराया बढ़ाने का है। उनका कहना है कि डीजल की कीमत 100 रुपए के आसपास पहुंचने के बावजूद उनका किराया नहीं बढ़ाया गया है। इससे उनके पास संचालन के लिए पर्याप्त मुनाफा नहीं बचता है। यदि डीजल की कीमतों में वृद्धि जारी रहती है और किराया नहीं बढ़ता, तो ऑपरेटरों के लिए व्यवसाय चलाना और भी कठिन हो जाएगा। सरकार की ओर से इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने के कारण ऑपरेटरों का गुस्सा बढ़ रहा है। उनका कहना है कि सरकार को किराया बढ़ाने के लिए त्वरित कदम उठाने चाहिए, ताकि वे अपनी लागतें कवर कर सकें और व्यापार को जारी रख सकें। एक और महत्वपूर्ण मुद्दा एचआरटीसी और निजी बस ऑपरेटरों के बीच असमानता का है। सरकारी परिवहन निगम, एचआरटीसी को सरकार की ओर से कई तरह की सुविधाएं मिलती हैं, जैसे कि डीजल पर सब्सिडी, रूट परमिट में लचीलापन और टैक्स में राहत, जबकि निजी बस ऑपरेटरों को इन सुविधाओं से वंचित रखा गया है। इसके अलावा, निजी बस ऑपरेटरों पर टैक्स और अन्य शुल्क अधिक लगाए जाते हैं, जो उनके लिए अतिरिक्त वित्तीय बोझ का कारण बनते हैं। निजी बस ऑपरेटरों का कहना है कि अगर सरकारी परिवहन निगम को इन सुविधाओं का लाभ मिल सकता है, तो उन्हें भी वही सुविधाएं मिलनी चाहिए, ताकि वे भी प्रतिस्पर्धा में बने रह सकें। वह यह तर्क भी देते हैं कि जब तक सरकार दोनों के बीच इस असमानता को समाप्त नहीं करती, तब तक उनका व्यवसाय जारी रखना और भी मुश्किल हो जाएगा।

इस विवाद में सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। सरकार को चाहिए कि वह निजी बस ऑपरेटरों की समस्याओं को समझे और समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए। एक तरफ, सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि सार्वजनिक परिवहन, खासकर एचआरटीसी, सही तरीके से कार्य करे और दूसरी तरफ, निजी बस ऑपरेटरों के लिए भी सहायक नीतियां बनाई जाएं, ताकि वे भी अपने व्यापार को स्थिर रख सकें। सरकार को किराए की दरों में वृद्धि पर विचार करना होगा, ताकि निजी बस ऑपरेटर अपनी बढ़ी हुई लागतों को कवर कर सकें। साथ ही, एचआरटीसी और निजी बस ऑपरेटरों के बीच समानता सुनिश्चित करने के लिए नीति बनानी होगी, ताकि दोनों के बीच प्रतिस्पर्धा का माहौल बने और किसी भी पक्ष को असमान स्थिति का सामना न करना पड़े। चाहे कुछ भी हो सरकार को इस संभावित संकट का हल निकालना ही चाहिए, ताकि आमजन को आवागमन में कोई दिक्कत न हो। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय अभिनेत्री

**सोनिया** अग्रवाल एक भारतीय अभिनेत्री हैं जो मुख्य रूप से तमिल सिनेमा और कुछ तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। उन्हें कादल कोंडेइन, 7जी रेनबो कॉलोनी और पुधुपेट्टई फिल्मों में उनके अभिनय के लिए जाना जाता है। चंडीगढ़ में जन्मी सोनिया की मातृभाषा पंजाबी है। सोनिया ने दिसंबर 2006 में तमिल सिनेमा के निर्देशक सेल्वाराघवन से शादी की। उन्होंने शादी के बाद अभिनय छोड़ दिया और 2010 में तलाक के बाद अपना करियर फिर से शुरू किया। अपने स्कूल के दिनों में सोनिया को जी टीवी पर एक धारावाहिक में अभिनय करने का प्रस्ताव मिला। इसके बाद उन्होंने 2002 की तेलुगु फिल्म नी प्रेमकाई से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की, जिसमें उनकी एक छोटी सी भूमिका थी, जिसके बाद उन्होंने सुदीप के साथ कन्नड़ फिल्म चंदू में अभिनय किया। अपने पूर्व बहनोई धनुष के साथ, कादल कोंडेइन एक बड़ी सफलता बन गई और फिल्म में दिव्या के रूप में उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें काफी सराहना मिली , जिसने उन्हें सुर्खियों में ला दिया और उन्हें 2004 में अंतरराष्ट्रीय तमिल फिल्म पुरस्कारों में आईटीएफए सर्वश्रेष्ठ नई अभिनेत्री का पुरस्कार दिलाया। 2019 में, उन्हें थडम में एक छोटे अरुण विजय की मां की भूमिका निभाते हुए देखा गया। उन्होंने रविचंद्रन के साथ कन्नड़ में दशरथ में अभिनय किया और तमिल फिल्मों अयोग्या और थानीमाई में बैक-टू-बैक रिलीज हुईं। ■



**सोनिया अग्रवाल**
**जन्म :** 28 मार्च, 1982

## कविता — आज चांद धुंधला क्यों



*वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन, ऊना ( हि. प्र. )*

*__पूर्णिमा__ की रात हो, तारों की बारात हो।*

*फिर कहां गया प्रकाश, आकाश में धुंधला चांद।*

*आश्चर्यजनक है यह बात, दूर बहुत ही दूर क्षितिज।*

*पृथ्वी गगन का हो मिलन, निराशा में यह आशा है।*

*प्रश्न है तो जरूर गंभीर, यह संघर्ष की गहरी रात।*

*प्रकृति भी दे रही दुहाई, आज कैसी काली रात।*

*कुटिल चाल को रोको, सृष्टिकाल भी है बेचैन।*

*धुंधला चांद आज क्यों, कहीं से आ रही पुकार।*

*अंधेरा छंटे उजाला हो, न धुंधला चांद हो।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# मानवीय रिश्तों का बदलता गणित

रिश्ते, प्रेम और अपराध के बीच पनपने वाली तिकड़ी आज भारतीय समाज को व्यवस्थित और चिंतित कर रही है। ऐसा तब हो रहा है जब कि कोई भी व्यक्ति रिश्तों में ही जन्म लेता है, उसी में पलता और उसी के सहारे जीवन-यात्रा में आगे भी बढ़ता है। वस्तुतः इन रिश्तों का जैविक आधार है जो मां के पेट में स्थित गर्भ के साथ अनिवार्य जुड़ाव की व्यवस्था और अवस्था में शुरू होता है। यह एक अटूट, अपरिहार्य और अनिवार्य बंधन में बांधता है। अतः इस रिश्ते को जीवनपर्यंत चलते रहने की प्रासंगिकता बनी रहती है। सच कहें तो नया जीव अपने जनक (पिता) और जननी (माता) का उत्पाद होने के कारण वास्तविक अर्थ में उन दोनों का ऋणी होता है।



**लेखक : गिरीश्वर मिश्र**
विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति

कदाचित इसीलिए भारतीय समाज में ऋण की अवधारणा प्राचीन काल से सबके मन में बसी आ रही है। यह पीढ़ियों के बीच पारस्परिकता की सुदृढ़ आधारशिला रचती है। इसे बनाए रखने में संयुक्त परिवार और अन्य सहायक सामाजिक संस्थाओं और मान्यताओं की सहायक भूमिका थी। पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस तरह की व्यवस्था अधिकांश क्षेत्रों में चलती रही है।

आधुनिक युग में विस्थापन, पलायन, आव्रजन (माइग्रेशन) ने इस तरह की व्यवस्था को चुनौती दी है। जीवन को सुखी बनाने में आर्थिक तत्वों की बढ़ती आत्यंतिक भूमिका के चलते जीवन की परिस्थितियां तेजी से उलट-पलट रही हैं। इन सबके प्रभाव में युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा भ्रमित हो रहा है और रिश्तों की अहमियत को नहीं पहचान पा रहा है। वह इन्हें नजर अंदाज कर रहा है और उसे स्वच्छंदता के दायरे में नए ढंग से परिभाषित करने में जुटा हुआ है। वह माता-पिता पक्ष के तमाम रिश्तों (यथा-मौसेरे, चचेरे, ममेरे, फुफेरे आदि) के लफड़े में नहीं पड़ना चाहता। इस तरह के सभी रिश्तों को अपने लिए अनावश्यक बंधन मानता है और सिर से उतार फेंकना चाहता है। अपने जीवन और कर्म में बाधा समझ कर वह इनसे किनारा रखता है।



वह अक्सर उनकी अवहेलना और उपेक्षा करता है और तो और अब रिश्तों से अलगाव की श्रेणी में माता-पिता भी शामिल होने लगे हैं। इसकी पुष्टि वृद्ध माता-पिता की देखरेख न करने की बढ़ती घटनाओं में आसानी से देखी जा सकती है। बचपन में माता-पिता या किसी प्रौढ़ अभिभावक की देखरेख के अभाव में शिशु के जीवन यानी उसके अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती। एक शिशु माता-पिता के साथ के रिश्तों के केंद्र में रहता है, परंतु उम्र के साथ रिश्तों की दिशा, विस्तार और वरीयता बदलती है। किशोर और युवा होते-होते वह परनिर्भर (डिपेंडेंट) शिशु आत्मनिर्भर (इंडिपेंडेंट) होने लगता है। फिर वह समय भी आता है जब शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के दौरान वह रिश्तों की बागडोर अपने हाथों में लेकर उनकी दिशा बदलने लगता है। इस कार्य में भावनात्मक परिवर्तन ख़ास भूमिका अदा करते हैं, जो किशोरावस्था विशेष रूप से सक्रिय होते हैं।

लड़के और लड़कियां एक-दूसरे के प्रति आकर्षित होते हैं। व्यक्ति के विकास के चरणों का एक क्रम प्रत्येक संस्कृति में मिलता है। इसमें रिश्तों की बनावट और बुनावट केंद्रीय महत्व की होती है। व्यक्ति के विकास के लिए आवश्यक जीवन-रस रिश्तों से ही मिलता है। पिछले कुछ दिनों में ऐसी घटनाओं की खबरें मीडिया में तेजी से आ रही हैं जिनमें निजी रिश्तों में बढ़ती दरारों के चलते बहुत कुछ अवांछित हो रहा है। पारस्परिक अविश्वास के कारण प्रतिशोध, धोखा और असंतोष की भावना तेजी से बढ़ती है। इस प्रसंग में यह भी रेखांकित किया जाना चाहिए कि आक्रामकता को आज एक परिपक्व और प्रौढ़ व्यक्तित्व की निशानी माना जा रहा है। एक सीमा के बाद रिश्तों के बीच उपजा भावनात्मक संघर्ष प्रज्वलित होकर हिंसक रूप लेने लगता है।

हिंसा भड़कने पर बहुत कुछ जीवनविरोधी घटित होने लगता है। आज इस तरह की परिस्थितियों में न केवल आत्महत्याएं हो रही है, बल्कि एक-दूसरे की जान तक ले ली जा रही है। इन स्वयंभू रिश्तों के बीच भावनात्मक उबाल बड़ी आसानी से अकेले व्यक्ति के स्व या आत्म के बोध को प्रभावित करता है। अहम को पहुंच रही चोट की तीव्रता उनमें गहरे मानसिक आघात को जन्म देती है। तब पति, पत्नी, साथी और प्रेमी एक-दूसरे की हत्या तक करने के लिए तैयार हो जाते हैं। मौका पाते ही वे ऐसे जघन्य और आपराधिक कार्य को अंजाम देने में भी नहीं हिचकते। आज सहिष्णुता के सिमटते दायरों के बीच आपसी रिश्तों में दरारें तेजी से बढ़ रही हैं। इस संदर्भ में यह गौरतलब है कि आज तलाक और अलग-अलग जीवन बिताने (सेपेरेशन) के फैसले बड़ी आसानी से लिए जा रहे हैं। ऐसा लगता है मानों विवाह के बाद तलाक अगला संस्कार है। अकेले, स्वतंत्र और अपने ढंग से अमर्यादित जीवन जीने की प्रवृत्ति आधुनिकीकरण की पहचान होती जा रही है।

इसके अंतर्गत जुड़ने और निजी जीवन को अपने पसंदीदा ढंग से जीने की छूट ली जाती है। इसलिए 'लिव-इन रिलेशनशिप' का स्वेच्छाचार स्त्री-पुरुष के बीच अनर्गल शारीरिक संबंध बनाने की पर्याप्त छूट दे देता है। इस पर कोई सामाजिक नियंत्रण नहीं रहता है और अब इसे प्रौढ़ जीवन जीने की एक रिश्तों का गणित कोई अमूर्त बौद्धिक व्यापार न होकर दैनंदिन जीवन की अनिवार्य हकीकत है। इसे समझना और आवश्यकतानुसार समाधान निकालना प्राथमिकता होनी चाहिए। इन्हें राजनीति, शिक्षा, संस्कृति और उन्नति के उद्यमों के बारे में विमर्श के केंद्र में होना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# समुद्र पार सिंगापुर में कैसा है शिक्षा का विस्तार?

सिंगापुर समुद्र से घिरा दक्षिण पूर्व एशिया का एक संप्रभु द्वीप समूह है। इसका क्षेत्रफल (710.2 वर्ग किलोमीटर)इतना छोटा है कि इसे कई बार नगर राज्य भी कह दिया जाता है। भौगोलिक दृष्टि से बात करें, तो यह देश भूमध्यरेखा के उत्तर में एक डिग्री अक्षांश पर स्थित है। इस देश के क्षेत्र में एक मुख्य द्वीप, 63 छोटे उपग्रह द्वीप और एक बाहरी द्वीप समूह है। विश्व में इसका जनसंख्या घनत्व तीसरा सबसे अधिक है। सिंगापुर एक बहुसंस्कृति, बहुभाषी, बहुजातीयता वाला राष्ट्र है।



**लेखक : विनीत युद्धवीर टंडन**
तेलका, चंबा (हि. प्र.)

इस देश में अंग्रेजी, मलय, मंदारिन और तमिल भाषा बोलने वाले बहुतायत में हैं। अंग्रेजी जहां इसकी प्रथम भाषा है तो वहीं मलय इसकी अधिकारिक भाषा है। सिंगापुर का अधिकारिक नाम सिंगापुर गणराज्य है। इस देश के इतिहास की बात की जाए यह मात्र एक सहस्त्राब्दी ही पुराना है जो कि हिमाचल के चंबा जिला से भी कम होगा। इसकी स्थापना दिल्ली से ईस्ट इंडिया कंपनी के अधिकारी के रूप में कंपनी का व्यापार बढ़ाने 1819 में सिंगापुर भेजे गए एक अधिकारी सर स्टेमफोर्ड रेफल्स ने की थी। वैसे तो सिंगापुर अंग्रेजों, जापानियों एवं मलेशिया का गुलाम रहा है, लेकिन इसको इसकी वास्तविक स्वतंत्रता 1965 में मलेशिया से मिली है। एक किंवदंती के अनुसार 14वीं शताब्दी में सुमात्रा द्वीप का एक हिंदू राजकुमार/राजा जब शिकार करने इस द्वीप पर आया तो उसे सर्वप्रथम जो जानवर यहां दिखाई दिया वो सिंह था और इसी के चलते इस देश का नाम संस्कृत भाषा में सिंगापुरा पड़ गया और सिंगापुर इसी का अपभ्रंश है जो कि आज प्रचलन में है।

सिंगापुर विश्व की शीर्ष 10 एवं एशिया की शीर्ष 5 अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है, लेकिन बात अगर यहां के संसाधनों की करें प्रकृति ने सिंगापुर को अगर संसाधनों के नाम पर कुछ दिया है तो वो है मानवीय संसाधन।



यहां पर न ही कोई बड़ी नदी है, न पर्वत और न ही झरना या झील। यहां पानी मलेशिया से, दूध, फल, सब्जियां न्यूजीलैंड व ऑस्ट्रेलिया से, दाल-चावल सहित अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं थाईलैंड व इंडोनेशिया से आयात की जाती हैं।

सिंगापुर में उपलब्ध एकमात्र संसाधन जो कि मानव संसाधन के विकास पर शिक्षा के रूप में सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 20 प्रतिशत खर्च किया जाता है। सिंगापुर में उक्ति बहुत प्रसिद्ध है 'राष्ट्र की सुरक्षा आज के लिए और राष्ट्र की शिक्षा कल के लिए'। यही करण है कि आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD) द्वारा प्रायोजित अंतरराष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन कार्यक्रम (PISA) में सिंगापुर का स्थान बीते काफी समय से सर्वोच्च रहा है। सिंगापुर के शिक्षा में इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए ही हाल ही में हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा एक उत्कृष्ट पहल करते हुए प्रदेश के 60 शिक्षकों के दल को सिंगापुर देश के शैक्षिक भ्रमण पर भेजने का प्रशंसनीय कार्य किया गया। शिक्षकों के इस दल को स्वयं प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर द्वारा शिमला से रवाना किया गया। इस भ्रमण हेतु शिक्षक के रूप में मेरा भी चयन हुआ और मुझे इस शैक्षिक भ्रमण का अवसर मिला। भ्रमण पर जाने से पूर्व पढ़े उपलब्ध साहित्य एवं भ्रमण के दौरान किए अनुभवों के आधार पर ही मैं इस लेख को लिख रहा हूं।

सिंगापुर एक विकसित राष्ट्र है और उसके विकास में सबसे बड़ा योगदान उसकी विकसित एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली का है, लेकिन यहां इस बात का जिक्र करना अनिवार्य है कि उनकी शिक्षा प्रणाली में हुआ यह विकास एकाएक नहीं आया है इसका एक लंबा एवं रोचक सफर रहा है। इस सफर के साक्षी बने वहां के शिक्षक, शिक्षार्थी, अभिभावक एवं संपूर्ण शिक्षा ढांचा। आज जब हम इस सफर के परिणाम देखते हैं तो हमें देखने को मिलती है एक सुदृढ़, स्वावलंबी एवं समृद्ध शिक्षा प्रणाली।

सिंगापुर के प्राथमिक विद्यालयों में आधुनिक सूचना एवं प्रौद्योगिक के साथ परंपरागत शिक्षण तकनीकों को मिलाकर शिक्षार्थियों को शिक्षा प्रदान की जाती है। अतः इस तरह के शैक्षिक भ्रमण और इन पर शिक्षकों के भेजा जाना वास्तव में एक ऐतिहसिक कदम है जिसके दूरगामी परिणाम प्रदेश की शिक्षा प्रणाली में देखने को मिलेंगे, लेकिन इसके लिए हमें उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करना होगा, जो शिक्षक इस भ्रमण से लौटे हैं इनसे विस्तृत रिपोर्ट लेने के साथ ही प्रदेश में गुणात्मक शिक्षा लागू करने का रोड मैप लेना भी सुनिश्चित करना होगा, ताकि उसे धरातल पर उतारा जा सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**किसी** भी देश या प्रदेश का तेज गति से आर्थिक विकास करना है तो हमें अपनी शिक्षा व्यवस्था बेहतर स्तर की बनानी होगी। इस कार्य के लिए मिडल स्तर के ऊपर के छात्रों को वास्तविक जीवन से परिचय करवाइए। उन्हें किसी भी तरह की बेतुकी किताबें न पढ़ाएं। उन्हें जीवन जीना सिखाएं। प्रैक्टिकली बनाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियों में एक समझदार एवं अच्छे समाज का निर्माण हो सके, परंतु यह नैतिकता उनकी अपनी हो, उनके अंदर से आई हो। शिक्षा हमें अपने परिवार, समाज, रीति-रिवाजों, संस्कारों, मूल्यों, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि व हमारे इतिहास आदि से परिचित करवाती है। शिक्षा हमें नैतिकता सिखा कर, हमारे कर्त्तव्यों के बारे में बताकर समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनाने में हमारी मदद करती है। यह सच है कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिसे प्राप्त करके इनसान अपने पैरों पर खड़ा हो सके और अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके, परंतु संपूर्ण शिक्षा का मूल उद्देश्य इनसान को एक चरित्रवान और जिम्मेदार नागरिक बनाना होता है।

**प्रमोध सिंह ठाकुर,धर्मशाला**

# अपना विद्यालय : शिक्षा सुधार में समाज की भागीदारी का अनूठा प्रयास

हिमाचल प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था ने पिछले वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। यहां की सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में अनेक योजनाएं लागू की हैं, जिससे प्रदेश का साक्षरता दर 88 प्रतिशत से अधिक हो गया है।

दूरस्थ क्षेत्रों में भी शिक्षा के लिए स्कूलों का विस्तार हुआ है। सरकारी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, विज्ञान प्रयोगशालाएं, और डिजिटल पुस्तकालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। प्रदेश के छात्र कला उत्सव, खेलकूद व विज्ञान मॉडल प्रतियोगिताओं में भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। शिक्षकों के प्रयासों और सरकार की योजनाओं के चलते हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में देश का एक अग्रणी राज्य बन गया है। अब इसी कड़ी में शिक्षा सुधार के लिए चलाए जा रहे 'अपना विद्यालय' कार्यक्रम ने न केवल विद्यालयों के भौतिक ढांचे में सुधार किया है, बल्कि इसने समाज के विभिन्न वर्गों को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रेरित कर एक व्यापक आंदोलन का रूप भी लिया है। इस कार्यक्रम के तहत विशेष रूप से यह प्रयास किया गया है कि विद्यालयों के विकास में केवल सरकार ही नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की भागीदारी हो—चाहे वे वर्तमान शिक्षक हों, पूर्व छात्र हों, सेवानिवृत्त शिक्षक हों, या फिर अन्य क्षेत्र में सफल व्यक्ति।



**लेखक: रजनीश रांगड़ा**
प्रधानाचार्य, टौणी देवी

अपना विद्यालय कार्यक्रम के तहत मेरा विद्यालय-मेरा गौरव अभियान,जहां व्यक्तियों और संगठनों को करियर परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए अपनी पसंद का स्कूल अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है वहीं छात्रों को विभिन्न परीक्षाओं के लिए कोचिंग देने के लिए उपचारात्मक शिक्षण के लिए विशेष कक्षाएं आयोजित करने के साथ-साथ उनके लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए स्कूल को धन दान एवं मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान कर रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश सरकार ने विद्यालयों को गोद लेने के लिए एक ऐसा मंच तैयार किया है, जहां पूर्व छात्र जो अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिष्ठित मुकाम हासिल कर चुके हैं वे विद्यालय के विकास में अपनी भूमिका निभा सकें। ये पूर्व छात्र अपने अनुभव, संसाधन और मार्गदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर सकते हैं। उदाहरण स्वरूप, यदि कोई पूर्व छात्र डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, उद्यमी या प्रशासनिक अधिकारी बन चुका है, तो वह समय-समय पर अपने विद्यालय आकर छात्रों को प्रेरित कर सकता है। इससे न केवल छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि उन्हें अपने लक्ष्य को लेकर मार्गदर्शन भी मिलेगा। हिमाचल प्रदेश के कई विद्यालयों में ऐसे प्रयासों से छात्रों को करियर काउंसिलिंग का लाभ मिला है, जिससे उनके भीतर बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का जज्बा पैदा हुआ है।





इसके अलावा, सरकार ने विशेष रूप से सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी आमंत्रित किया है कि वे अपने अनुभव का उपयोग कर विद्यालयों में स्वैच्छिक योगदान दें। पहाड़ी इलाकों में, जहां शिक्षक पद खाली रह जाते हैं, वहां सेवानिवृत्त शिक्षक यदि कुछ समय के लिए स्वेच्छा से पढ़ाने का दायित्व संभालें तो बच्चों की शिक्षा यात्रा बाधित नहीं होगी। यह कदम न केवल छात्रों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है, बल्कि उन सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए भी संतोषजनक अनुभव प्रदान करेगा, जिनके पास शिक्षा देने का लंबा अनुभव है। कई विद्यालयों में ऐसे शिक्षकों द्वारा पढ़ाए जाने से छात्रों की शैक्षणिक समझ में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। विद्यालय प्रमुखों को इस कार्यक्रम का एक अभिन्न हिस्सा बनाया गया है।

उन्हें विद्यालयों में सुधार कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने का अधिकार दिया गया है। इसके तहत विद्यालय प्रमुखों को स्थानीय प्रशासन, पंचायत समितियों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ नियमित बैठकें आयोजित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि विद्यालय के विकास में सभी पक्षों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। विशेष रूप से विद्यालय प्रमुखों को अपने क्षेत्र के प्रभावशाली पूर्व छात्रों को विद्यालय से जोड़ने और सेवानिवृत्त शिक्षकों को स्वैच्छिक योगदान देने के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी भी दी गई है। यह सामूहिक प्रयास हिमाचल प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श राज्य बनाने में सहायक सिद्ध हो रहा है। इस कार्यक्रम का व्यापक असर सुदूर ग्रामीण इलाकों में भी देखा गया है। कई विद्यालयों में भूतपूर्व छात्रों द्वारा स्मार्ट क्लासरूम, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब्स और खेलकूद सामग्री उपलब्ध कराई गई है। यह प्रयास दिखाता है कि शिक्षा सिर्फ डिग्री या अंकों का खेल नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी है, जिसमें हर व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। यदि यह पहल इसी तरह आगे बढ़ती रही, तो आने वाले वर्षों में हिमाचल प्रदेश न केवल शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि देश के सामने एक नई मिसाल भी प्रस्तुत करेगा। यह एक ऐसा प्रयास है जो हमें यह सिखाता है कि शिक्षा का असली मकसद ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि समाज को जोड़ना और उसे सशक्त बनाना भी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# क्या महिला किसानों तक पहुंच रही है तकनीक ?

डिजिटल तकनीक और छोटे-मोटे हस्तक्षेपों ने भारतीय कृषि में महिलाओं के लिए परिदृश्य को काफी हद तक बदल दिया है।

इन नवाचारों ने महिला किसानों को भूमि स्वामित्व, बाजार तक पहुंच, वित्तीय समावेशन और ज्ञान के आदान-प्रदान से संबंधित पारंपरिक बाधाओं को तोड़ने में सक्षम बनाया है। डिजिटल उपकरण कृषि में महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं। एप्लिकेशन और हेल्पलाइन वास्तविक समय के मौसम पूर्वानुमान, इष्टतम कृषि तकनीक और वर्तमान बाजार मूल्य प्रदान करते हैं। किसान सुविधा, पूसा कृषि और इफको किसान ऐप जैसे संसाधन महिला किसानों को अच्छी तरह से सूचित विकल्प बनाने में सहायता करते हैं। व्हाट्सएप ग्रुप और यूट्यूब ट्यूटोरियल सहकर्मी सीखने और ज्ञान के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करते हैं।



**लेखिका : प्रियंका सौरभ**
कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार

यूपीआई, डिजिटल वॉलेट और ऑनलाइन बैंकिंग सहित डिजिटल भुगतान प्रणाली महिलाओं को सीधे ऋण और सब्सिडी सुरक्षित करने में सक्षम बनाती है। किसान क्रेडिट कार्ड और डिजिटल माइक्रोफाइनेंस प्लेटफॉर्म, जैसे कि पेटीएम और नाबार्ड के ई-शक्ति, महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं।



ई-एनएएम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) और एग्रीबाजार जैसे प्लेटफॉर्म महिला किसानों को अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को बेचने की अनुमति देते हैं, जिससे बिचौलियों की जरूरत नहीं पड़ती। महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियां अपने जैविक कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए फेसबुक और इंस्टाग्राम का उपयोग कर रही हैं। एआई तकनीकें मिट्टी के स्वास्थ्य, कीटों का पता लगाने और सटीक खेती की तकनीकों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करती हैं। उन्नत सिंचाई प्रणाली और सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप पानी के उपयोग को कम करने और महिला किसानों के शारीरिक कार्यभार को कम करने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को समूह ऋण, प्रशिक्षण और कृषि संसाधनों तक पहुंच से लाभ होता है। तेलंगाना में डेक्कन डेवलपमेंट सोसायटी इन महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियों के माध्यम से बाजरा की खेती का समर्थन करती है। महिलाओं पर बोझ कम करने में मदद करने के लिए बीज बोने वाले, हाथ से चलने वाले ट्रैक्टर और सोलर ड्रायर जैसे सरल कृषि उपकरण उपलब्ध हैं। सरकारी पहल मशीनीकृत उपकरणों के लिए सब्सिडी प्रदान करती है, जो महिलाओं के लिए फायदेमंद है। महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना जैसे एनजीओ और सरकारी कार्यक्रम आवश्यक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। डिजिटल साक्षरता पहल महिला किसानों को नए तकनीकी समाधानों को अपनाने के लिए सशक्त बनाती है। महिलाएं जैविक खेती, पर्माकल्चर और जलवायु-स्मार्ट कृषि पद्धतियों में तेजी से शामिल हो रही हैं। वर्मीकंपोस्टिंग पिट, छत पर बगीचे और कृषि वानिकी जैसे छोटे पैमाने के हस्तक्षेप स्थायी आय में योगदान करते हैं।

टाटा ट्रस्ट्स द्वारा लखपति किसान पहल ने झारखंड में आदिवासी महिलाओं को कृषि प्रौद्योगिकी और ई-कॉमर्स में प्रशिक्षित किया है। एक सहयोगी दृष्टिकोण जो सरकारी नीतियों, सामुदायिक पहलों और निजी क्षेत्र के नवाचारों को जोड़ता है, यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि भारत में महिला किसानों के पास प्रौद्योगिकी तक समान पहुंच हो।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### महादेव में गायक विशाल सैली के भजनों पर झूमे लोग

**भीम बसेड़ू, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के पांडवकालीन शिवालय कहलाने वाले ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थान महादेव में हर वर्ष की भांति इस बार भी प्राचीन शिव मंदिर महादेव के प्रांगण में खाटू श्याम महाराज का विशाल जागरण किया गया। स्थानीय आयोजकों में श्री श्याम ट्रेडिंग देहली ने भी आयोजन समिति में अपनी खास उपस्थिति दर्ज करवाई। इस भव्य धार्मिकता भरे कार्यक्रम में साज बाज बजने पर ही श्रद्धालुओं ने झूमना आरम्भ कर दिया वहीं विशेषकर पटियाला (पंजाब) के मशहूर भजन गायक विशाल सैली ने खाटू श्याम महाराज को नतमस्तक होकर सुंदर भजनों की प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया और खचाखच भरे पांडाल में मौजूद श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस सुंदर धार्मिक नजारे से रूबरू होते हुए बाहरी राज्यों के श्रद्धालुओं ने भी शीश नवाते हुए जयकारे लगाए।

### गलमा पाठशाला ने चलाया प्रवेश अभियान

**आदर्श, नेरचौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलमा का शिक्षक वर्ग इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है कि विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो। इसके लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य तिलक राज शर्मा ने छात्रों के प्रवेश हेतु एक नई पहल शुरु की है। प्रधानाचार्य ने अध्यापकों को पांच टीमों में बांट कर नजदीकी क्षेत्रों में बच्चों को नए सत्र (2025-26) में प्रवेश हेतू प्रेरित करने के लिए भेजा जा रहा है। सभी अध्यापक गलमा पाठशाला के आस पास के क्षेत्रों में बच्चों को दाखिला लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। पाठशाला गलमा में गतिविधि आधारित शिक्षा पर बल दिया जाता है। इसके अनस्थ अंतर्गत भारत और विश्व का मानचित्र, आर्वत सारणी और यातायात के नियमों का वर्किंग मॉडल का निर्माण किया गया है। बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतू पाठशाला में एनएसएस, स्काउट एंड गाइड इको क्लब मेडिटेशन कैंप मोटिवेशनल कैंप एजुकेशनल टूर का आयोजन किया जाता है। गुणात्मक शिक्षा सुनिश्चित करने हेतू विद्यालय में स्मार्ट क्लासेस कयान अटल रोबोटिक लैब लंच अनिवार्य किया गया है। प्रधानाचार्य तिलक राज शर्मा ने सभी स्थानीय अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण हेतू पाठशाला गलमा में दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाए तथा अपने बच्चों को गलमा स्कूल में दाखिल करवाएं। (अनंत ज्ञान)

### उत्सवों में भाग लेने के लिए कलाकारों का हुआ चयन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** प्रदेश में होने वाले अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य व जिला स्तरीय मेलों एवं उत्सवों में भाग लेने वाले कलाकारों के वर्गीकरण के लिए चयन प्रक्रिया संस्कृति सदन मंडी में सम्पन्न हो गई। भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस वर्गीकरण चयन प्रक्रिया में जिला के लगभग 250 कलाकारों ने भाग लिया। जिला भाषा अधिकारी रेवती सैणी ने आज यहां बताया कि चयन प्रक्रिया गायन, वादन, नृत्य, नाटक, लोक गाथा आदि विधाओं में भाग लेने वाले कलाकारों के लिए आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि चयनित कलाकारों को प्रदेश में आयोजित होने वाले विभिन्न मेलों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों व उत्सवों में प्रदर्शन करने का अवसर उपलब्ध करवाया जाएगा। चयनित सभी कलाकारों की वर्गीकरण संबंधी सूची शीघ्र ही जारी कर दी जाएगी। यह सूची विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि जिन कलाकारों ने राज्य स्तरीय मेलों में प्राइम टाइम में सात बार, राष्ट्रीय स्तर पर पांच बार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीन बार अपनी प्रस्तुति दी है तथा हिमाचली कलाकार, जिन्होंने प्रमुख टीवी लाइव शो जैसे इंडियन आईडल, सा रे गामा आदि में विजेता या उप विजेता का स्थान प्राप्त किया है, उन्हें उच्च श्रेणी में शामिल किया गया है।

### राम नवमी महोत्सव 30 मार्च से धूमधाम से होगा शुरू

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सनातन धर्म सभा मंडी के सौजन्य से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। सभा के प्रेस सचिव बालकृष्ण शर्मा ने बताया कि यह उत्सव 30 मार्च से 6 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। भागवताचार्य स्वामी यदुनंदन आचार्य जी महाराज श्री व्यास पीठ को सुशोभित करेंगे तथा श्रद्धालुओं को रामकथा का श्रवण करवाएंगे। 30 मार्च से 5 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रातः 6:30 से 8:30 बजे तक नवाह पाठ (रामचरितमानस पाठ) होगा। वहीं, संध्या 3 से 6 बजे तक कथा प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। 6 अप्रैल को दोपहर 12 बजे आरती, जन्मोत्सव बधाई एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे सनातन धर्म सभा मंदिर से हनुमानघाट तक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 7 अप्रैल को दोपहर 1 बजे से प्रभु इच्छा तक विशाल भंडारा होगा।

### चीफ इंजीनियर कार्यालय में कुत्तों का आतंक

**अनंत ज्ञान, महादेव।** बीबीएमबी (भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड) और पूर्व का नाम बीएसएल परियोजना के सुंदरनगर स्थित चीफ इंजीनियर कार्यालय की बील्डिंग के आरम्भिक तल में आवारा कुत्ते घूमते देखे जा सकते हैं, जिनसे आतंकित हुए बिना नहीं रहा जा सकता और काम से आने जाने वाले लोगों की यहां किसी को कोई परवाह नहीं है। ऐसी स्थिति में भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। मगर अभी तक इस दिशा में किसी किस्म का पक्का नियंत्रण नहीं हो पाया है, जिससे दिक्कतें बढ़ना स्वाभाविक सी बात है।

### सुभाष ठाकुर बने मंडी प्रेस क्लब के नए प्रधान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी प्रेस के चुनाव बुधवार को प्रेस क्लब भवन रामनगर में आयोजित किए गए। जिसमें सुभाष ठाकुर प्रधान पद पर विजयी हुए हैं।इसके अलावा हंसराज सैनी लगातार दूसरी बार महासचिव चुने गए। इसके अलावा मोनिका ठाकुर उपप्रधान और भगत सिंह गुलेरिया कोषाध्यक्ष चुने गए। इस अवसर पर सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी बीआर कौंडल ने चुनाव अधिकारी की भूमिका निभाते हुए चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाए। उनके साथ सहायक की भूमिका राजकमल ने निभाई। इस अवसर पर प्रधान पद के लिए हुए चुनाव में तीन उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। जिसमें विनोद राणा ने अपना नाम वापिस ले लिया। सुभाष ठाकुर और मुनीश सूद के बीच हुए सीधे मुकाबले में सुभाष ठाकुर को 26 और मुनीश सूद को बीस मत पड़े। जिसके चलते सुभाष ठाकुर छह मतों से विजयी घोषित किए गए। वहीं पर महासचिव पद पर भगत सिंह गुलेरिया ने अपना नाम वापस ले लिया। जिसमें हंसराज सैनी और रूपलाल कौंडल के बीच सीधा मुकाबला हुआ, जिसमें बाजी हंसराज सैनी के हाथ लगी। हंसराज सैनी को 29 और रूपलाल कौंडल को 17 मत प्राप्त हुए, जिसके चलते हंसराज सैनी 12 मतों से विजयी घोषित किए गए। उप प्रधान पद पर मोनिका ठाकुर और रजनीश कुमार हिमालयन के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें मोनिका ने जीत का परचम फहराया। मोनिका को 26 और रजनीश को बीस मत प्राप्त हुए। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद के लिए भगत सिंह गुलेरिया और विनोद राणा के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। जिसमें भगत सिंह दो मतों के अंतर से जीत दर्ज करने में कामयाब रहे। बीआर कौंडल ने कहा कि प्रेस क्लब के चुनाव के बाद जो नई कार्यकारिणी बनी है, उससे न केवल पत्रकारों को अपितु समाज को भी उम्मीदें हैं।



#### महिला दिवस पर शुरू हुई 'मिसेज हिमाचल' प्रतियोगिता का नलवाड़ मेले में ग्रैंड फिनाले संपन्न

# सोनिया के सिर सजा मिसेज हिमाचल का ताज

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

- मिसेज हिमाचल क्लासिक में सोलन की नीलम ठाकुर रही विजेता
- मिसेज हिमाचल सुपरा में सुंदरनगर की मंजुला वर्मा ने जीत की दर्ज

हिमाचल प्रदेश में पहली बार प्रशासनिक स्तर पर आयोजित 'मिसेज हिमाचल' प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर में संपन्न हो गया है। जहां इस अनूठे आयोजन को सफलतापूर्वक पूरा करने में डीसी मंडी अपूर्व देवगन और जिला मंडी प्रशासन का अथक प्रयास रहा है।

वहीं ग्राउंड लेवल पर जिले के दो एचएएस अधिकारी एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी और एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी के साथ उनकी बेहतरीन टीम का परिश्रम है। अमर नेगी और स्मृतिका नेगी पति-पत्नी भी है। फाइनल क्राउनिंग में प्रतियोगिता की पहली कैटिगरी मिसेज हिमाचल में हमीरपुर के नादौन की सोनिया, दूसरी कैटिगरी मिसेज हिमाचल क्लासिक में सोलन की नीलम ठाकुर और तीसरी कैटिगरी मिसेज हिमाचल सुपरा में सुंदरनगर की मंजुला वर्मा के सिर ताज सजा है।

इसके साथ स्पेशल कैटागिरी क्राउन डॉ. किरन जसवाल और किरन चौहान को दिया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर बीते 8 मार्च को मंडी जिला के विश्वविख्यात त्रिवेणी संगम धार्मिक एवं पर्यटन स्थल रिवालसर के राज्यस्तरीय छेश्चू मेले से शुरू मिसेज हिमाचल प्रतियोगिता की फाइनल क्राउनिंग राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला में आयोजित ग्रैंड फिनाले में संपन्न हुई है।(अनंत ज्ञान)





मिसेज हिमाचल-2025 को नवाजते हुए मुख्यातिथि व अन्य।

### मिसेज हिमाचल प्रतियोगिता में ये भी रहीं विजेता

**मिसेज** हिमाचल-2025 प्रतियोगिता में मिसेज हिमाचल के दूसरे स्थान पर कोमल और तीसरे पर पूजा, मिसेज हिमाचल क्लासिक के दूसरे स्थान पर दयावती और तीसरे पर डॉ. शिखा तथा मिस हिमाचल सुपरा के दूसरे स्थान पर मंजुला कंवर और तीसरे पर त्रशला शर्मा चुनी गई। सभी विजेताओं को क्राउन के साथ नकद पुरस्कार दिए गए।

### महिलाओं के सर्वांगीण विकास पर ध्यान रहा केंद्रित : कल्पना



मिसेज हिमाचल प्रतियोगिता में बतौर ग्रूमर शिरकत कर रही पूर्व मिसेज एशिया इंटरनेशनल, मिसेज इंडिया और मिसेज हिमाचल कल्पना ठाकुर ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली महिलाएं बहुत टैलेंटेड थीं। इसमें महिलाओं के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा कि मिसेज हिमाचल के आयोजन से प्रशासन ने बहुत ही अच्छी पहल की है।

### महिलाओं ने दिखाया आत्मविश्वास : स्मृतिका



एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी ने बताया कि मिसेज हिमाचल का ग्रैंड फिनाले सुंदरनगर में संपन्न हुआ है। प्रतियोगिता को आयोजित कराने का आइडिया अचानक से आया था। उन्होंने कहा कि शादीशुदा महिलाओं के लिए ऐसे आयोजन नहीं होते हैं। स्मृतिका नेगी ने कहा कि इसी सोच के साथ टीम वर्क से सफल आयोजन किया है। हर वर्ग की महिला शामिल थी और अपने आत्मविश्वास को बखूबी दिखाया है।

### महिलाओं को मिला बड़ा मंच : अमर नेगी



**एसडीएम** एवं अध्यक्ष राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर अमर नेगी ने कहा कि एसडीएम बल्ह के साथ मिलकर प्रदेश भर में पहली बार प्रशासनिक स्तर एक नया इनिशिएटिव लिया था। जहां 'मिसेज हिमाचल' प्रतियोगिता की शुरुआत बल्ह उपमंडल के रिवालसर के राज्यस्तरीय छेश्चू से हुई थी। अमर नेगी ने कहा कि इस आयोजन का लक्ष्य महिला सशक्तिकरण के साथ महिलाओं को एक बड़ा मंच प्रदान करना था।

## नलवाड़ किसान मेले में लगाई पशु प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

राज्यस्तरीय नलवाड़ किसान मेला सुंदरनगर के दौरान नागौण खड्ड मैदान में पशुपालन विभाग द्वारा पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें उप निदेशक पशु स्वास्थ्य और प्रजनन विभाग मंडी, डॉ. मुकेश महाजन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी सुंदरनगर डॉ. घनश्याम भूपल ने बताया कि इस पशु प्रदर्शनी में लगभग 100 विभिन्न जानवर जैसे गाय, बैल, भैंस, बकरे, भेड़ इत्यादि लाए गए थे जिनकी 31 श्रेणियों में प्रतियोगिता भी करवाई गई। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. तमन्ना गुप्ता वैटनरी ऑफिसर पोल्ट्री फार्म सुंदरनगर, डॉ. राधिका वैद्य, वैटनरी ऑफिसर जोनल वैटनरी हॉस्पिटल मंडी, डॉ. अनुपमा ठाकुर ने बहुत बारिकियों के साथ जानवरों का चेकअप करने के उपरांत 31 श्रेणियों में से विजेता जानवरों का चयन किया। प्रतियोगिता में बिलासपुर के गुलाम अली की हॉस्टियन फ्रीजन गाय, सोलन के ललित कुमार का भैंसा, हवानी के अर्जुन धीमान की जर्सी गाय और रोपड़ी के हितेश की पहाड़ी गाय बेस्ट ऑफ द शो रही।

### नुक्कड़ नाटक से दिया नशे से दूर रहने का संदेश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राज्य स्तरीय नलवाड़ किसान मेला सुंदरनगर के दौरान जवाहर पार्क सुंदरनगर मेला मैदान में जालपा कला मंच के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम नशे से दूर रहने का संदेश दिया। सुंदरनगर में राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला नशा मुक्ति की थीम पर आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सौजन्य से जालपा कला मंच स्याह के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं और लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। अध्यक्ष मेला कमेटी एवं एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने क्षेत्र की जनता से आह्वान किया है कि वे नशे को नजर अंदाज न करें और यदि उनके आस पास नशे की कोई घटना दिखाई देती है तो उसकी जानकारी संबंधित जिम्मेदार व्यक्ति को जरूर दें ताकि उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

## महिला हॉकी प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज मंडी विजेता

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी विजेता उपविजेता प्रतिभागियों को मेडल, ट्रॉफी व नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया।

खेलकूद प्रतियोगिताओं के अंतर्गत महिला वर्ग हॉकी प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज मंडी की टीम विजेता और एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर की टीम उपविजेता रही। जबकि पुरुष वर्ग हॉकी प्रतियोगिता में भारत हॉकी हॉस्टल सुंदरनगर की टीम विजेता और हॉकी उन्ना की टीम उपविजेता रही। फुटबॉल प्रतियोगिता में सुंदरनगर सीनियर बॉयज की टीम विजेता और मैजिशियन मंडी की टीम उपविजेता रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शिमला की टीम विजेता और खेलो इंडिया संधोल की टीम उपविजेता रही। महिला वर्ग रस्साकसी में महिला मंडल चच्योट ने प्रथम स्थान हासिल किया।

वहीं पुरुष वर्ग रस्साकस्सी में समकल ने पुलिस विभाग को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। मटका फोड़ प्रतियोगिता में नीता विजयी रही। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में नालनी (ए) प्रथम और नालनी (बी) ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

### बॉक्सिंग प्रतियोगिता का भी हुआ आयोजन

**राज्य स्तरीय** नलवाड़ किसान मेला के दौरान बॉक्सिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें एएसपी बिलासपुर शिव चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण विशेष रूप से उपस्थित रहे। बॉक्सिंग चैंपियनशिप में पुरुष वर्ग के कुल 9 एवं महिला वर्ग के कुल 5 भार वर्गों में प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। पुरुष 46 किलोग्राम भार वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र सुंदरनगर के प्रिंस व महिला वर्ग बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 46 किलोग्राम भार वर्ग में सुंदरनगर की कशिश प्रथम रही।

### डीएवी स्कूल जोगिंद्रनगर में एलएमसी की बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में गुरुवार को स्थानीय प्रबंधन समिति (एलएमसी) की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जोन-सी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी के.एस. गुलेरिया और विद्यालय प्रबंधक आरएस राणा ने की।

बैठक की शुरुआत वैदिक हवन से हुई। इस दौरान विद्यालय में फ्लैट पैनल और प्रोजेक्टर स्थापित करने, जिससे छात्रों में विभिन्न विषयों के प्रति रुचि बढ़े, विद्यालय भवन निर्माण से संबंधित प्रणाली तथा खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन पर गहन चर्चा हुई।

## डेंटल कॉलेज में आज शुरू होगी राष्ट्रीय एकीकृत ऑर्थोडॉन्टिक कौशल कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर में आज से राष्ट्रीय एकीकृत ऑर्थोडॉन्टिक कौशल कार्यशाला का शुभारंभ होने जा रहा है।

इस कार्यशाला का आयोजन 28 से 30 मार्च तक आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में पूरे भारत से 150 से भी अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे तथा देश के विभिन क्षेत्रों से निमंत्रित 25 से भी अधिक उत्कृष्ट वक्ता प्रतिनिधियों को ऑर्थोडोंटिक्स का हुनर अपने व्याख्यान द्वारा तथा हैंड्स-ऑन कार्यशाला के माध्यम से सिखाएंगे। गौरतलब है कि ऑर्थोडोंटिक्स डेंटिस्ट्री की एक विशेष शाखा है जिससे लोगों के टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा किया जाता है।

हर वर्ष इसमें कई नई तकनीक और नवीनीकरण होते है, जिससे अवगत होना एक ऑर्थोडोन्टिस्ट के लिए बेहद लाभकारी होता है। इस कार्यशाला का आयोजन कॉलेज के निदेशक व ऑर्थोडोंटिक्स डिपार्टमेंट के हेड डॉ. अनिल सिंगला के मार्दर्शन में डॉ. हररुपिंदर जज, डॉ. विवेक महाजन, डॉ. इंदु धीमान, डॉ. शिखा ठाकुर व डॉ. तरन्नुम सोनी द्वारा किया जाएगा।

### पीने के लिए मटमैले पानी की हो रही सप्लाई

**मंडी।** लांगणा पंचायत से जल शक्ति विभाग के प्रति बहुत बड़ी लापरवाही की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां लगभग दो वर्ष पहले इस टैंक का लेंटर गिर गया था। जिसके बाद विभाग द्वारा न तो इस टैंक की सफाई करवाई तथा न ही इसमें लेंटल डाला गया।

स्थानीय निवासियों ने शिकायत की है कि उन्हें दूषित और मटमैला पानी सप्लाई किया जा रहा है। जिससे उनके स्वास्थ्य को खतरा है और यह बहुत बड़ी लापरवाही है। लोगों का कहना है कि यह समस्या पिछले कई वर्षों से चल रही है और अधिकारियों ने उनकी शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया है।

## मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर युकां ने मरीजों को बांटे फल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

मुख्यमंत्री सुक्खू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सरकाघाट युवा कांग्रेस की अध्यक्षता में सरकाघाट विधानसभा के हॉस्पिटल में युवा टीम के साथ मिलकर अस्पताल में उपचाराधीन जनता, बुजुर्गों और बच्चों को फल और जूस बांटे।

इस दौरान सबका हाल जाना तथा युवाओं को संदेश देने का प्रयास किया कि युवा जो चिट्टे जैसी महामारी की चपेट में आ रहे हैं उनको अपना ध्यान इस प्रकार समाज सेवा की ओर आकर्षित करना चाहिए।



इस दौरान जिला मंडी महासचिव डीएल राव, ब्लॉक अध्यक्ष अतुल राठौर, मंडलम अध्यक्ष साहिल, युवा नेता पंकज, विक्की, ललित, निशांत कुमार और इनकी समस्त टीम ने एक अच्छा प्रयास समाज के लिए किया।

## तस्करों को न बख्शे पुलिस प्रशासन : चमन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



कार्यशाला में चमन राही को सम्मानित करने के दौरान।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला का आयोजन नवदुर्गा वैष्णवी धर्म कल्याण समिति डोलंगी ग्राम पंचायत सोयरा के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चिट्टे के खात्मे के लिए बल्ह के लोगों का पूर्ण सहयोग मिल रहा है।

कार्यशाला की अध्यक्षता अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद हिमाचल प्रदेश के राज्य प्रवक्ता एवं महासचिव चमन राही ने की। इस कार्यशाला में जिला कल्याण अधिकारी समीर, जिला प्रबंधक एससी एसटी निगम नीलम, सीनियर मेडिकल आफिसर डॉ. मनोज सक्सेना के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर आकर लोगों को जागरूक किया। एसएचओ बल्ह संजय कुमार ने अत्याचार अधिनियम के बारे में लोगों को अवगत करवाया। चमन राही ने चिट्टे के खिलाफ कहा कि पुलिस तस्करों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाए और उन्हें किसी भी सूरत में बचाया नहीं जाए।

## चिट्टा रखने के पांच दोषियों को 14 वर्ष का कठोर कारावास

**अनंत ज्ञान, मंडी**

विशेष न्यायाधीश मंडी की अदालत ने चिट्टा (हेरोइन) के एक अहम मामले में फैसला सुनाते हुए पांच दोषियों राजकुमार पुत्र विधि चंद निवासी जलपेहड जोगिंद्रनगर, छविंद्र पुत्र मनोहर लाल निवासी सुनाग निहरी, प्रदीप सेन पुत्र भीम सेन निवासी धारंडा मंडी, जीत सिंह पुत्र इंद्र सिंह निवासी जनेड, डाकघर रंधाड़ा तहसील मंडी तथा मोहम्मद इरफान पुत्र शुक्रदीन निवासी बथेरी कटोला को व्यावसायिक मात्रा में चिट्टा रखने के दोष में प्रत्येक दोषी को 14 वर्ष के कठोर कारावास के साथ 1,40,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर प्रत्येक दोषी को 16 महीने के अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

जिला न्यायवादी मंडी एवं विशेष लोक अभियोजक विनोद भारद्वाज ने बताया कि यह मात्रा इतनी अधिक है कि यह आम जनता में पहुंचा दी गई होती, तो इससे लगभग 3000 लोगों को नशे की लत लगाई जा सकती थी। जिला न्यायवादी ने कहा कि नशा हमारी युवा पीढ़ी को दीमक की तरह भीतर ही भीतर खोखला कर रहा है।

### हवाणु गांव में पेयजल संकट

**मंडी।** बल्ह के हवाणु गांव में पेयजल संकट गहराने लगा है। जल शक्ति विभाग की पैड़ी पास्ता उठाऊ पेयजल योजना बार-बार बाधित होने से ग्रामीणों को दो किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। इससे ग्रामीण बेहद परेशान है।

गांववासियों निशा, तारा, हंसा, बीणा, मोनिका, रफिया राम, परमदेव, यादविंदर, विनय, करण, सीता, नोखू राम, बबली और चौधरी राम ने बताया कि नलों में कई दिनों से पानी नहीं आ रहा। गर्मी शुरू होने से पहले ही पीने, पशुओं के लिए पानी और शौचालय उपयोग में दिक्कतें आने लगी हैं।

## कायर नहीं फायर है बंबर ठाकुर : एनके पंडित

**अनंत ज्ञान, मंडी**



मंडी सदर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता एनके पंडित ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि बिलासपुर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर कायर नहीं फायर नेता है। बंबर ठाकुर के उपर हुए हमले की एनके पंडित ने कड़े शब्दों में निंदा की है।

एनके पंडित ने आरोप लगाते हुए कहा कि बंबर ठाकुर ने जो चिट्टे के खिलाफ मुहिम शुरू की थी, उनपर चिट्टा माफियों द्वारा कुछ नेताओं के कहने पर हमला करवाया है। बिलासपुर के लोग बंबर ठाकुर द्वारा करवाए गए विकास कार्यो को भूले नहीं हैं। एनके पंडित ने मुख्यमंत्री से मांग की कि नशे के खिलाफ मुहिम शुरू कर शराब पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फेसबुक और इंस्ट्राग्राम को भी इंडिया में पूरी तरह से वैन कर देना चाहिए। फेसबुक, इंस्टाग्राम के दुष्परिणामों का जिक्र करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी में पढ़ने का प्रतिशत 60 प्रतिशत गिरा है, जो पूरे समाज और देश के लिए खतरे की घंटी है।

### किशोरावस्था और नशा निवारण पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला मंडी में किशोरावस्था व नशा निवारण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में प्रधानाचार्य अनिल कुमार, डॉक्टर विकास, पुलिस उपाधीक्षक रश्मि शर्मा ने बच्चों को किशोर अवस्था व ड्रग्स के बारे में जानकारी प्रदान की।

इसके बाद पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने फ्लैग ऑफ किया व शहर में रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंडी शहर के 26 पाठशालाओं के सैकड़ों से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया ने भाग लिया।

**पहल**

#### रिवालसर में भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड ने लगाया जागरूकता शिविर

# जिले में श्रमिक वर्गों के कल्याण पर खर्च होंगे 8.26 करोड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

- जिला मंडी में लगभग 88 हजार श्रमिक व कामगार हैं पंजीकृत

हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड का एक दिवसीय जागरूकता शिविर उपमंडल बल्ह की ग्राम पंचायत लोअर रिवालसर में आयोजित किया गया। शिविर में श्रम एवं कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश में पंजीकृत कामगारों और उन पर आश्रित बच्चों के कल्याण के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की गई है। राज्य सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदेश के जरूरतमंद लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने पर विशेष बल दे रही है।

उन्होंने बताया कि जिला मंडी में लगभग 88 हजार श्रमिक व कामगार पंजीकृत हैं। पिछले एक वर्ष में जिला में लगभग 8 करोड़ 25 लाख 99 हजार रुपए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उपमंडल बल्ह में लगभग 7 हज़ार कामगार पंजीकृत किए जा चुके हैं और सभी पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में पंजीकृत कामगारों और उन पर आश्रित बच्चों के विवाह के लिए प्रदान की जाने वाली सहायता राशि 51-51 हजार रुपए की गई है।

बेटी जन्म उपहार पर 51 हजार रुपए, मातृत्व/पितृत्व प्रसुविधा पर 25 हजार व 7 हजार रुपए, लाभार्थियों के बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए 1 लाख 20 हजार रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। कंवर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर पंचायत में एकल नारी को अपना पक्का मकान बनाने के लिए 4 लाख रुपए की सहायता राशि का प्रावधान किया है।

उन्होंने कहा कि श्रमिक कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण करवाने के लिए भवन एवं अन्य निर्माण कार्य में कार्यरत श्रमिकों की आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा उनके लिए पिछले 12 माह में लगभग 90 दिन काम किया होना अनिवार्य है।

### 40 कलाकारों ने दिए ऑडिशन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एक से पांच अप्रैल तक आयोजित होने जा रहे राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला की चार सांस्कृतिक संध्याओं में भाग लेने के लिए आज जोगिंद्रनगर व पधर उपमंडल से संबंध रखने वाले 40 कलाकारों ने ऑडिशन प्रक्रिया में भाग लिया।

इस ऑडिशन प्रक्रिया के माध्यम से कलाकारों के प्रदर्शन के आधार पर सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए चयन किया जाएगा। इस बात की पुष्टि करते हुए मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए कलाकारों को ऑडिशन के माध्यम से चयन का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

## दुनिया में आयुर्वेद का होगा आने वाला समय : सतीश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**





निदेशक हिमाचल प्रदेश राजस्व प्रशिक्षण संस्थान (आरटीआई) जोगिन्दर नगर सतीश शर्मा ने कहा कि देश व दुनिया में आने वाला समय आयुर्वेद एवं जड़ी बूटियां आधारित चिकित्सा पद्धति का होने वाला है। सतीश शर्मा आज राष्ट्रीय औषध पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय एवं सुगमता केंद्र उत्तरी भारत-एक एवं अनुसंधान संस्थान, भारतीय चिकित्सा पद्धति जोगिंद्रनगर द्वारा संयुक्त रूप से हिमालयी औषधीय एवं सुगंध पौधे चुनौतियां एवं समाधान विषय को लेकर हितधारकों के लिए आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के शुभारंभ में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

दो दिनों तक आयोजित किये जा रहे इस सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के सात जिलों के लगभग 150 से अधिक हितधारक किसान भाग ले रहे हैं। इस मौके पर राजस्व प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त निदेशक संजय कुमार भी विशेष अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। सतीश शर्मा ने कहा कि अब दुनिया आयुर्वेद एवं जड़ी बूटी आधारित चिकित्सा पद्धति की ओर बढ़ रही है।

निदेशक ने हिमालयी औषधीय एवं सुगंध पौधे चुनौतियां एवं समाधान विषय पर आयोजित की जा रहे सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हित धारकों की समस्याओं का व्यापक समाधान कर एक बेहतरीन दिशा देने पर बल दिया तो वहीं सुगंधित पौधों के उत्पादन व व्यापार से जुड़ी अन्य चुनौतियों के व्यापक समाधान करने पर भी जोर दिया। प्रभारी अनुसंधान संस्थान, भारतीय चिकित्सा पद्धति जोगिंद्रनगर उज्ज्वल दीप सिंह ने मुख्यातिथि सहित सभी का आभार जताया।

## न्यूज ब्रीफ

### चैत्र नवरात्र के लिए सजा बाबा पहाड़िया मंदिर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के कुटलैहड़ विस क्षेत्र के ऐतिहासिक और श्रद्धा के केंद्र बाबा पहाड़िया मंदिर पंजेन में इस बार नवरात्र के शुभ अवसर पर भक्तों के लिए विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया है और श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। 30 मार्च को पहले नवरात्र के दिन यहां विशाल जागरण और भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु देश-विदेश से शामिल होंगे। नवरात्र के शुभारंभ के अवसर पर 30 मार्च को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रसिद्ध हिमाचली गायक रवि कुमार बाबा जी की महिमा का गुणगान करेंगे। 30 मार्च को पहले नवरात्र के उपलक्ष्य पर आयोजित विशाल जागरण में विशाल भंडारा भी लगाया जाएगा।

### चिंतपूर्णी पुलिस ने बनाया ट्रैफिक शेडयूल

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** स्थानीय पुलिस ने वीरवार को बाबा श्री माईदास सदन के सभागार में एक मीटिंग का आयोजन किया, जिसमें नशा, साइबर क्राइम और ट्रैफिक रूल्स के प्रति जागरूकता करने के लिए चर्चा की गई। थाना प्रभारी जयराम शर्मा ने लोगों से आग्रह किया कि यदि उनके इलाके में कोई नशे का कारोबार करता है या खुद नशे का आदी है, तो पुलिस को संपर्क करने में देर न करें। उन्होंने टैक्सी चालकों से भी आग्रह किया कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति उनकी टैक्सी में सफर करता है, तो पुलिस को संपर्क करें।

### श्रद्धालुओं को भगवान का स्मरण करने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हरोली के सलोह गांव में स्थापित बाबा गरीब नाथ मंदिर में श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा का समापन हो गया। इस दौरान मातृ शक्ति क्लब द्वारा कथा व्यास अयोध्या दास व टीम को सम्मानित किया गया। कथा व्यास ने श्रद्धालुओं को भगवान का स्मरण करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि काम, क्रोध व लोभ छोड़ कर संत मार्ग पर जीवन को समर्पित कर देना चाहिए। समाजसेवी प्रधान रजनीश शर्मा ने धार्मिक समागम के आयोजन के लिए मातृ शक्ति सेवा मंडल की सेवाओं को सराहनीय करार दिया। इस मौका पर भंडारे का आयोजन भी हुआ। प्रवक्ताओं ने बताया कि 31 मार्च को चंडीगढ़ के सुप्रसिद्ध सिंगर दीपक गोगना मंदिर में जागरण करेंगे व विशाल भंडारा दिन रात चलेगा।

### ट्रिपल आईटी में 'साइबर सुरक्षा' पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) ऊना में 'साइबर सुरक्षा और भारत में इसका भविष्य' विषय पर एक विशेषज्ञ वार्ता और संवाद सत्र आयोजित हुआ। इस सत्र में उन्नत साइबर सुरक्षा उपायों, हाल ही में हुई सुरक्षा घटनाओं और महत्वपूर्ण संरचनाओं (क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर) पर उभरते खतरों पर गहन चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और साइबर सुरक्षा अनुसंधान से जुड़े छात्रों ने भाग लिया। इस सत्र का नेतृत्व आईआईटी कानपुर के प्रो. संदीप शुक्ला ने किया, जो साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ हैं। प्रो. शुक्ला राष्ट्रीय विषय केंद्र (सी थ्री आई सेंटर) और सी थ्री आई हब के संस्थापक हैं, जो साइबर सुरक्षा और महत्वपूर्ण संरचनाओं की सुरक्षा पर कार्य करता है। उनका शोध ब्लॉकचेन तकनीक, हार्डवेयर और नेटवर्क सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित साइबर रक्षा प्रणाली और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा जैसे विषयों पर केंद्रित है। ट्रिपल आईटी ऊना के निदेशक प्रो. मनीष गौड़ ने साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व और इस क्षेत्र में आवश्यक कौशल पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत की साइबर सुरक्षा को सशक्त बनाने, सामाजिक इंजीनियरिंग से निपटने और अगली पीढ़ी की सुरक्षा तकनीकों को विकसित करने के लिए अंतर-विषयक (इंटर डिसिप्लिनरी) अनुसंधान और राष्ट्रीय स्तर की रणनीतियों की आवश्यकता पर बल दिया।

# बंगाणा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं होंगी पूरी

## वर्तमान सुक्खू सरकार करने लगी सुविधाओं में महत्वपूर्ण विस्तार

**राजेश शर्मा, ऊना**



बंगाणा के क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार के अलावा स्थानीय नेता सक्रिय हो गए हैं। इस क्षेत्र की अधूरी स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी करने के लिए कदमताल शुरू हुई है। महिलाओं को प्रसूति की पूरी सुविधा मिलेगी। बंगाणा मेडिकल ब्लॉक में जल्द सोनोग्राफी की सुविधा मिल जाएगी, जिससे गर्भवती महिलाओं को जांच कराने के लिए जिला अस्पताल ऊना पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा।

फिलहाल बंगाणा नागरिक अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा सेवाएं शुरू करने से गर्भवती महिलाओं को सुविधा तो मिल रही है, लेकिन यह सुविधा अभी तक अधूरी है। गर्भवती महिलाओं को अभी तक जांच तो बंगाणा अस्पताल में करवाने की सुविधा है, लेकिन प्रसूति के लिए अथवा ऑपरेशन और आपात स्थिति में ऊना अस्पताल पर ही निर्भर होना पड़ता है। बंगाणा अस्पताल में अभी तक न अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर है और न ही बेहोशी के चिकित्सक के अलावा रेडियोलॉजिस्ट की सुविधा उपलब्ध है। बंगाणा अस्पताल का नया ब्लॉक बन रहा है, जहां अत्याधुनिक तकनीक का ऑपरेशन थिएटर की सुविधा उपलब्ध होगी।

बता दें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानाकलां में सोनोलॉजिस्ट की तैनाती के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसे लेकर अस्पताल प्रबंधन ने उच्च अधिकारियों को प्रस्ताव भेज दिया है। अस्पताल में सोनोलॉजिस्ट की तैनाती होने के बाद गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड अस्पताल में ही संभव हो पाएंग, ऐसे में उन्हें निजी लैब अन्य स्थानों का रुख नहीं करना पड़ेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानाकलां में अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू करने के लिए विभाग ने प्रक्रिया तेज कर दी है। अस्पताल में जहां अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित करने के लिए प्रक्रिया अंतिम चरण में चल रही है। इसके साथ अब सोनोलॉजिस्ट की तैनाती के लिए भी विभाग ने कदमताल तेज कर दी है। उपमंडल बंगाणा के थानाकलां अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बीते दिनों अस्पताल में नई ब्लड टेस्ट मशीन स्थापित होने के बाद अब अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित करने के लिए मंजूरी मिल गई है।

वर्तमान में बंगाणा उपमंडल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा किसी भी सरकारी अस्पताल में नहीं है। ऐसे में मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए जिला मुख्यालय के निजी लैब में जाकर महंगे दामों पर अल्ट्रासाउंड करवाने पड़ रहे हैं। ऐसे में गर्भवती महिलाओं के लिए अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू करने के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं। महिलाओं को यह सुविधा निशुल्क मिलेगी।

इसके लिए अस्पताल में जल्द ही एक सोनोलॉजिस्ट की तैनाती भी की जाएगी, जो गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड रोजाना करेगा। (अनंत ज्ञान)

### जल्द मिलेगी सुविधा : बीएमओ

थानाकलां के बीएमओ का कहना है कि सीएचसी थानाकलां में सोनोलॉजिस्ट की तैनाती के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके अलावा अल्ट्रासाउंड मशीन के लिए भी प्रक्रिया अंतिम चरण में है। जल्द ही लोगों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलना शुरू हो जाएगी।

# चिंतपूर्णी न्यास की एलईडी पर चली दूसरे धर्म की वीडियो



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी/ऊना**

हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में न्यास द्वारा लगाई गई एलईडी स्क्रीन पर ईसाई धर्म से जुड़ी वीडियो डिस्प्ले होने के हड़कंप मच गया। कई लोग इसे देख वीडियो में ही प्रतिक्रिया देते सुनाई दिए। इस पर कई सवाल भी उठने लगे हैं।

बुधवार देर शाम को उस समय हड़कंप मच गया, जब चिंतपूर्णी मंदिर ट्रस्ट द्वारा स्थापित एलईडी स्क्रीन पर अचानक ईसा मसीह और मरियम की वीडियो चलने लगी। यह एलईडी स्क्रीन भरवाई में स्थापित की गई है, जो 24 घंटे श्रद्धालुओं को माता श्री चिंतपूर्णी की पावन पिंडी के दर्शन कराती है। वीडियो के चलते ही प्रशासन हरकत में आया और आनन-फानन में मंदिर प्रबंधन ने वीडियो को बंद कर दिया। हालांकि इस घटना ने श्रद्धालुओं के बीच चर्चा का माहौल बना दिया है।

### डीसी जतिन लाल ने दिए जांच के आदेश

मामले की गंभीरता को देखते हुए ऊना के उपायुक्त जतिन लाल ने इस घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। प्रशासन अब यह पता लगाने में जुटा है कि यह तकनीकी त्रुटि थी या किसी ने जानबूझकर किया था। मंदिर ट्रस्ट की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन यह घटना मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।

### चिंतपूर्णी में नवरात्र में 500 रुपए में होंगे सुगम दर्शन

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** शक्तिपीठ चिंतपूर्णी मंदिर में 30 अप्रैल से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं को लिफ्ट से मंदिर जाने के लिए सुगम दर्शन पास की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। यह सुगम दर्शन पास मंदिर न्यास की बाबा श्री में दास सदन की बिल्डिंग में पहले की तरह बनाए जाएंगे। इन नवरात्र में श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन पास सिस्टम से मंदिर दर्शनों के लिए प्रति व्यक्ति 500 रुपए खर्च करने होंगे। इसके अलावा बुजुर्ग और अपंग श्रद्धालुओं को 100 रुपए पास बनाने के लिए देने होंगे। यह जानकारी अंब के एसडीएम सचिन शर्मा ने दी।

**लाइन व्यवस्था पर न पड़े कोई प्रभाव : एसडीएम**

उन्होंने बताया कि आम दिनों में प्रति व्यक्ति श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन पास 300 रुपए का बनाया जाता ह, लेकिन पिछले कुछ दिनों से भीड़ वाले दिन और नवरात्रों के दौरान सुगम दर्शन सिस्टम से मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं का सुगम दर्शन पास प्रति व्यक्ति 500 रुपए बनाया जाएगा। अंब के एसडीएम सचिन शर्मा ने बताया कि नवरात्रो के दौरान सुगम दर्शन पास प्रणाली से लाइन व्यवस्था पर कोई प्रभाव न पड़े, इसका भी ध्यान रखा जाएगा, जिस कारण बीच-बीच में सुगम दर्शन पास सिस्टम को भीड़ को देखते हुए बंद भी किया जा सकता है।

# पंजाब को लकड़ी ले जा रहे वाहन जब्त

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



बहुमूल्य वन संपदा की तस्करी कर इसे पंजाब ले जा रहे तीन वाहनों को पकड़ने में वन विभाग की टीम ने सफलता हासिल की है। इन वाहनों में से दो वाहनों में प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी तो एक वाहन में बिना वैध कागजात ले जाई जा रही जापानी शहतूत की लकड़ी लदी थी। वन विभाग की टीम ने लकड़ी सहित वाहनों को जब्त कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्रदेश सरकार ने बेशक कई प्रजातियों की लकड़ी के कटान पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा दिया है, बावजूद इसके वन माफिया अपने कृत्यों को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहा है। हालांकि जिन प्रजातियों की लकड़ी कटान के लिए खुली भी है और जिनकी बिक्री पंजाब में परमिट के जरिए की जा सकती है उनके परमिट बनाकर सरकारी खजाने में फीस जमा करवाने से भी वन काटु परहेज कर रहे हैं। वीरवार सुबह पंजाब को बिना वैध कागजात लकड़ी ले जाते तीन वाहन वन खंड अधिकारी अशोक कुमार की अगुवाई में गठित वन विभाग की टीम ने गगरेट में पकड़े।

जांच में पाया गया कि दो वाहनों में जिन प्रजातियों की लकड़ी लदी है, उनका कटान ही पूर्णतया प्रतिबंधित है, जबकि एक वाहन में जिसमें जापानी शहतूत की लकड़ी लदी थी, उसका कोई वैध परमिट तक नहीं बनवाया गया था। जाहिर है कि मुख्यमंत्री प्रदेश में वन क्षेत्र बढ़ाने को लेकर चिंतन कर रहे हैं और वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए पौधरोपण का कार्य महिला मंडलों व युवक मंडलों को देने का जिक्र बजट में भी किया गया, लेकिन वन काटु सरकार के हर आदेश को सिरे से खारिज करते हुए वनों से लदे पहाड़ों को गंजा करने में जरा भी परहेज नहीं कर रहे हैं। न तो उन्हें किसी का डर है और न ही कानून का खौफ।

वन मंडल अधिकारी सुशील राणा ने बताया कि अवैध तरीके से लकड़ी की तस्करी करने वालों के विरुद्ध विभाग सख्त रुख अपना रहा है। इसी का नतीजा है कि लगातार अवैध तरीके से लकड़ी लेकर पंजाब जाने वाले वाहन पकड़े जा रहे हैं।

### सड़क हादसे में कांगड़ा के ततवाणी के व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पुलिस थाना अंब के तहत धुसाड़ा में ट्रक ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गइ, जबकि सड़क किनारे खड़ा एक अन्य व्यक्ति जख्मी हो गया। मृतक व्यक्ति की पहचान अनिल कुमार पुत्र सतीश कुमार निवासी ततवाणी तहसील शाहपुर, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। हादसे में घायल व्यक्ति का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में उपचार जारी है।

पुलिस ने जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं, घायल व्यक्ति की शिकायत पर मौके से फरार ट्रक चालक पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में प्रत्यक्षदर्शी अनिल कुमार निवासी खुंडियां जिला कांगड़ा ने बताया कि वीरवार सुबह कैंटर लेकर अंबाला के लिए चला था। सुबह करीब 7 बजे धुसाड़ा में चाय पीने के लिए रुका था। इसी दौरान सडक़ किनारे खड़ा था, तो अंब की तरफ से एक ट्रक आया और चालक ने एकदम मोड़ दिया। इसके चलते यह घटना हो गई। हादसे के दौरान ट्रक चालक मौका पाकर फरार हो गया, जबकि घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया, जहां पर बाइक चालक अनिल को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे का उपचार जारी है।

## डीसी ने पीएम कृषि सिंचाई योजना के तहत 10 परियोजनाओं के किए लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने विकास खंड बंगाणा की विभिन्न पंचायतों में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना दो के तहत लगभग 50 लाख रुपए की दस परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं में थानाकलां पंचायत के घुगण ककराणा में वर्षा जल संग्रहण टैंक, चैक डैम, वार्ड नं. 4 में बाबड़ी, दोबड़ और मझेड़ में चैक डैम, ग्राम पंचायत खरियालता, ग्राम पंचायत डीहर के गांव बडोआ, चंबोआ, खैरियां और डीहर में चैक डैम शामिल हैं। ये सभी परियोजनाएं वाटर शेड विकास घटक 'यात्रा' के तहत बनाई गई हैं।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकताओं में से एक है। जल ही जीवन का आधार है और यदि इसका विवेकपूर्ण उपयोग नहीं किया गया तो भविष्य में जल संकट गहरा सकता है।

उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जल संरक्षण और प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे जल संकट की समस्या को कम किया जा सके। जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए चैकडैम का निर्माण किया गया है, जिससे वर्षा जल संचयन होगा और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का सुचारु रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को इनका लाभ मिल सके। इस दौरान उपायुक्त ने एक पौधा भी रोपित किया।

कार्यक्रम में बीडीओ ऊना केएल वर्मा, बीडीओ बंगाणा सुशील कुमार, डीपीओ श्रवण कुमार, प्रिंसिपल संजीव पराशर, प्रिंसिपल स्कूल तलमेड़ा जीवन मोदगिल, सदा शिव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा सहित संबंधित पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।




उपायुक्त राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्कूल में पौधरोपण करते हुए।

# हिमुडा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की हिमुडा कॉलोनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर श्रद्धालुओं का महासंगम देखने को मिला। कथा व्यास आचार्य जगमोहन शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मार्मिक वर्णन किया, जिसमें उन्होंने गोवर्धन पर्वत उठाने की अद्भुत कथा सुनाई। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि कैसे भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्रदेव के अहंकार को तोड़ते हुए अपने भक्तों की रक्षा की और गिरधारी लाल के रूप में पूजे जाने लगे।



भक्त कथा का आनंद उठाते हुए।

आचार्य जगमोहन शास्त्री ने कथा में बताया कि जब ब्रजवासी हर वर्ष इंद्रदेव की पूजा करते थे, तब श्रीकृष्ण ने उनसे प्रश्न किया कि वे इंद्रदेव की आराधना क्यों करते हैं? भगवान श्रीकृष्ण ने समझाया कि वर्षा का कारण इंद्रदेव नहीं, बल्कि गोवर्धन पर्वत, गोमाता और प्रकृति है। उनके संरक्षण से ही ब्रजभूमि हरी-भरी रहती है। इस बात को मानते हुए ब्रजवासियों ने इंद्रदेव की पूजा बंद कर दी और गोवर्धन पर्वत की पूजा शुरू कर दी। इंद्रदेव को यह बहुत अपमानजनक लगा और उन्होंने क्रोधित होकर मूसलधार बारिश और आंधी-तूफान भेजकर ब्रजवासियों को दंडित करने का निर्णय लिया। उनकी आज्ञा से पूरे गोकुल में मूसलधार वर्षा शुरू हो गई, जिससे भयभीत होकर सभी गोप-गोपिकाएं श्रीकृष्ण के पास सहायता मांगने पहुंचे।

अपने भक्तों की रक्षा के लिए नन्हे बालक श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी अंगुली पर पूरे गोवर्धन पर्वत को उठा लिया, जिसके नीचे सभी ब्रजवासी और गोमाता आ गईं। इंद्रदेव ने लगातार सात दिनों तक वर्षा कराई, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने पर्वत को अपनी छोटी अंगुली पर धारण किए रखा। अंततः इंद्रदेव को अपनी गलती का एहसास हुआ और उन्होंने श्रीकृष्ण के चरणों में आकर क्षमा मांगी।

इस कथा का वर्णन करते हुए आचार्य जगमोहन शास्त्री जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने इस लीला के माध्यम से हमें यह संदेश दिया कि अहंकार का नाश निश्चित है। इस अवसर पर कथा आयोजिक नरेश कुमार लक्की, पूजा सोनी, राजन सोनी बिक्की, बिंदु सोनी, देसराज मोदगिल, दिनेश खत्री, मनु खत्री, मदन गोपाल बोहरा, मधु बोहरा, तिलक राज बांटा, मधु बाला, ज्योति वर्जाता,हंसराज वर्जाता, बबीता कुटलैहड़िया के अलावा सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद उठाया।

### गुगलैहड़ में आज होगी कलश यात्रा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हरिद्वार में श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा के उपलक्ष्त में शुक्रवार को गुगलैहड़ के शिव मंदिर में परमहंस पुनीत गिरि जी महाराज की अगुवाई में कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालु भाग लेंग, तत्पश्चात हरिद्वार के लिए रवाना हो जाएंगे। बता दें कि 30 मार्च से 5 अप्रैल तक हरिद्वार में श्री महंत प्रेम गिरि जी महाराज व अवधेशानंद जी महाराज के सान्निध्य में भगवान धाम कबीर आश्रम धर्मशाला ट्रस्ट भूपतवाला हरिद्वार में सुबह 10 से 2 बजे तक श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा का आयोजन किया जाएगा।



**कार्यालय ग्राम पंचायत खलारडू (विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत खलारडू विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि.प्र. द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद (सील्ड निविदाएं (कुटेशन) आमंत्रित की जाती हैं। ये निविदायें दिनांक 08/04/2025 को 3 बजे दोपहर तक निविदा शुल्क 1000 रु के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। इस तिथि तक प्राप्त निविदायें दिनांक 10/04/2025 को प्रातः 10:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत खलारडू में पदाधिकारियों की गणपूर्ति व निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष (यदि उपस्थित हो) खोली जायेंगी। प्रशासकीय कारणों से इस तिथि में बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत खलारडू को सुरक्षित होगा इस दशा में सूचना समाचार पत्रों में प्रदर्शित नहीं की जाएगी। सूचना ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत को इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता रहेगी। शर्तें लागू।

**सामग्री का विवरण-** 1. रेत क्रशर -प्रति घन मीटर, 2. बजरी क्रशर 10,20,40एमएम- प्रति घन मीटर, 3. सोलिंग बोल्डर पत्थर-प्रति घन मीटर, 4. पत्थर (कट स्टोन) प्रति पत्थर (6"8 इंच), 5. ईंट मिट्टी के भठे की-प्रति 1000, 6. इंटरलोक टाइल पेवर्स 40,50,60एमएम, व सीमेंट कंक्रीट पाथ टाइल -प्रति पीस प्रति साइज, 7. जेसीबी मशीन द्वारा मिट्टी कटान व बेंकर -प्रति घन मीटर (हार्ड सॉफ्ट रॉक प्रति घंटा), 8. शटरिंग लोहा व लकड़ी -प्रति फुट, 9. हार्डवेयर आइटम (सरिया 8,10,12, 16एमएम, एंगल, चैनलसाइज बार, टाइल, पेंट, रेलिंग लोहा बिल्डिंग फिटिंग, सैनिटरी फिटिंग्स व लेबर रेट आदि) - आइटम वार व प्रति किलो/क्विंटल प्रति पॉइंट, 10. मिक्सचर मशीन-प्रति दिन प्रति घंटा, 11. साईन बोर्ड/वाल राइटिंग/पेंटिंग-साईज वार/अन्य, 12. स्टेशनरी- विभिन्न रजिस्टर कागज इत्यादि सभी आईटम्स, 13. अन्य सामग्री- आईटम वार

**नियम व शर्तें-** 1. निविदादाता (आपूर्तिकर्ता) के पास अपना पंजीकरण TIN NO/CST/GST NO. होना आवश्यक है। 2. रेत बजरी व पत्थर आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से जारी M/X FORM ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करना होंगे M/X FORM उपलब्ध न करवाने पर बिल की अदायगी नहीं की जाएगी तथा साथ में सरकार द्वारा निर्धारित सपथ पत्र साथ जमा करवाना होगा। 3. सभी दरों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगी। 4. सामग्री की आपूर्ति HPPWD की SPECIFICATION के अनुरूप होगी। 5. रेत, बजरी, पत्थर, ईंटों इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल जहाँ तक वाहन योग्य सड़क है तक करवानी होगी तथा ग्राम पंचायत के पूरे क्षेत्राधिकार में एक ही रेट देय होगा। 6. अनुमोदित निविदादाता को सामग्री की आपूर्ति से पूर्व सामग्री की गुणवत्ता की जांच सक्षम तकनीकी कर्मचारी से करवानी होगी, अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 7. अनुमोदित निविदादाता यदि सामग्री की आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री को देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 8. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अस्वीकृत रद्द करने समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए आपूर्ति आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदायें किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 9. सामग्री खरीद का अंतिम मूल्य निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व अनुमोदित निविदाओं के साथ NEGOTITION अनुसार ही किया जाएगा। 10. पारित निविदादाता को मु 20,000/- रुपये धरोहर सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के नाम करवाने होंगे।

प्रधान सचिव ग्राम पंचायत खलारडू, विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि.प्र.

**आयोजन** दो दिवसीय शिवबाड़ी मेले का 26 व 27 अप्रैल को होगा आयोजन, दो सेक्टरों में बंटेगा मेला क्षेत्र

# पहली बार आयोजित हो रही स्टार नाइट होगी मुख्य आकर्षण

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

सुप्रसिद्ध द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी अंबोटा में लगने वाले दो दिवसीय सालाना मेले का इस बार मुख्य आकर्षण पहली बार आयोजित की जा रही स्टार नाइट होगी। स्टार नाइट में पंजाब व हिमाचल के प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। खास बात यह है कि इस स्टार नाइट का आयोजन जन सहयोग से होगा। वीरवार को मंदिर परिसर में इस दो दिवसीय मेले की तैयारियों को लेकर मंदिर ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ ग्राम पंचायत अंबोटा के जन प्रतिनिधियों ने भी विशेष रूप से शिरकत की।

द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी में हर साल बैसाखी के बाद आने वाले दूसरे शनिवार को दो दिवसीय शिवबाड़ी मेले का आयोजन किया जाता है। जब से प्रशासन ने इस मेले का संचालन अपने हाथ में लिया है, तब से इस मेले में कई सुधार देखने को मिल रहे हैं। वीरवार को एसडीएम गगरेट व मंदिर सह आयुक्त सौमिल गौतम की अध्यक्षता में हुई ट्रस्ट की बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार 26 व 27 अप्रैल को आयोजित होने वाले शिवबाड़ी मेले के सफल आयोजन के लिए संपूर्ण मेला क्षेत्र को दो सेक्टर में बांटा जाएगा और प्रत्येक सेक्टर में सेक्टर अफसर तैनात होंगे।

मेले के दौरान मेला वन-वे सिस्टम लागू रहेगा। इस बार मुख्य सड़क मार्ग से आने वाले वाहन वापस अंबोटा गांव से होकर ही जा सकेंगे। मंदिर परिसर को जाने वाले वैकल्पिक मार्ग को पूर्णतया बंद रखा जाएगा। हालांकि, दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए इस मार्ग पर ई-कार्ट चलाए जाएंगे। मेले के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पचास पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे।

इस बार मुख्य सड़क मार्ग पर अस्थाई दुकानें लगाने पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा जबकि मेला ग्राउंड में ही प्रशासन द्वारा अस्थाई दुकानें लगाने के लिए स्थान चिंहित किए जाएंगे। भिन्न-भिन्न दुकानों के लिए शुल्क भी अलग-अलग रखे गए हैं। यानि मेला क्षेत्र में दुकान लगाने के लिए पचास रुपए से लेकर पांच सौ रुपए तक शुल्क अदा करना रहोगा। मेला ग्राउंड में झूलों के लिए भी दाम तय रहेंगे और झूलों के आगे इनके दाम को डिसप्ले भी किया जाएगा। बड़े झूलों के लिए शुल्क साठ रुपए और छोटे झूलों के लिए शुल्क पचास रुपए फिक्स किया गया है।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर तहसीलदार कुलताज सिंह, नायब तहसीलदार जागृति राठौर, बीडीओ सुरेंद्र जेटली, सह थाना प्रभारी रमेश चंद, एसडीओ अभिलाष सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत अंबोटा के प्रधान जगजीत सिंह भी मौजूद रहे।



बैठक में उपस्थित एडीएम सौमिल गौतम और अन्य अधिकारी।

### मेडिकल पोस्ट भी होगी स्थापित

मेला क्षेत्र में मेडिकल पोस्ट स्थापित करने के साथ फायर पोस्ट भी स्तापित की जाएगी। इसके अलावा मेले में आने वाले लोगों के लिए एक हेल्प सेंटर व किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा। शिवबाड़ी मेले में मंदिर की सजावट, लाइट व अन्य किसी प्रकार का दान देने के लिए दानवीर एसडीएम कार्यालय या फिर तहसीलदार कार्यालय में संपर्क कर सकेंगे।

### मेले को जिला स्तरीय मेला बनाने की उठाई मांग

**बैठक** में अंबोटा पंचायत के प्रधान सरदार जगजीत सिंह ने शिवबाड़ी मेले को जिला स्तरीय मेले का दर्जा देने की मांग फिर से उठाई। इस पर एसडीएम सौमिल गौतम ने बताया कि विधायक राकेश कालिया शिवबाड़ी मेले को जिला स्तरीय मेले का दर्जा देने का मुद्दा इस बार विधानसभा में भी उठा चुके हैं। विधायक इस मेले को जिला स्तरीय मेले का दर्जा दिलाने के लिए गंभीर है। हो सकता है कि इस बार इस मेले को जिला स्तरीय मेले का दर्जा मिल सके।



## मनाली-केलांग नेशनल हाईवे पर धुंधी के पास हिमस्खलन, जानमाल का नुकसान नहीं



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

मनाली-केलांग नेशनल हाईवे-3 पर धुंधी में वीरवार को एक बार फिर हिमस्खलन हुआ। हिमस्खलन के बाद मनाली-केलांग सड़क मार्ग के बीच आवाजाही कुछ समय के लिए बाधित रही, लेकिन उसके बाद सड़क से बर्फ हटा दी गई और वाहनों की आवाजाही फिर से शुरू हो गई।

गनीमत रही कि इस घटना में किसी भी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है। पहाड़ों में गर्मी बढ़ते ही अब हिमस्खलन का खतरा बढ़ गया है। वहीं, प्रशासन ने पर्यटकों व यात्रियों से अपील की है कि सावधानीपूर्वक यात्रा करें। किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन या जिला आपदा प्रबंधन को संपर्क करें। इससे पहले भी सोलंगनाला से आगे स्नो गैलरी और धुंधी पुल के बीच में तीन जगह हिमस्खलन हुआ था। मनाली से लाहौल घाटी तक जगह-जगह हिमस्खलन का खतरा बरकरार है।

डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि धुंधी में वीरवार को हिमस्खलन हुआ है। उन्होंने बताया कि इससे किसी भी तरह का कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि कुछ समय के लिए मनाली-केलांग सड़क मार्ग बाधित हो गया था, लेकिन जेसीबी के माध्यम से सड़क पर गिरी बर्फ को हटाकर मार्ग बहाल कर दिया गया है। उन्होंने पर्यटकों व स्थानीय लोगों से इस मार्ग पर सावधानी से सफर करने की हिदायत दी है।

# 13 गांवों को जोड़ने वाली सड़क महीने से बंद

### घाटी के दड़का-भूमतीर वाया बढेई रा-ग्रां सड़क बंद होने से लोगों को झेलनी पड़ रही दिक्कतें



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिले की लगघाटी की दड़का-भूमतीर वाया बढ़ई-रा-ग्रां सड़क करीब एक माह से बंद पड़ी है। इस कारण भूमतीर पंचायत के 13 से अधिक गांवों के लोगों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।

गत एक मार्च को जिला कुल्लू में भारी बारिश के कारण दड़का-भूमतीर वाया बढ़ेई-रा-ग्रां क्षतिग्रस्त हुई थी, लेकिन 28 दिनों का समय बीत जाने के बावजूद लोक निर्माण विभाग इस सड़क को बहाल करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। इस कारण लगघाटी के भूमतीर के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस सेवा बंद है। इस कारण क्षेत्र के ग्रामीण रोजमर्रा के कामकाज को निपटाने के लिए कई किलोमीटर का पैदल सफर करने को मजबूर हैं। हालांकि, इस समस्या के समाधान को लेकर क्षेत्र के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल भूमतीर पंचायत की प्रधान निर्मला देवी के नेतृत्व में कुछ दिन पहले डीसी कुल्लू से भी मिला और ज्ञापन के माध्यम से डीसी कुल्लू से लोक निर्माण विभाग को जल्द इस सड़क को दुरुस्त करने के निर्देश देने की भी मांग रखी थी।

डीसी द्वारा इन्हें आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही सड़क बहाली का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बावजूद इसके आज एक महीना बीत चुका है, लेकिन सड़क पर से मलबा तक नहीं हटाया गया है। वहीं, लोगों में लोक निर्माण विभाग व जिला प्रशासन के प्रति भारी रोष है। भूमतीर पंचायत की प्रधान निर्मला देवी सहित स्थानीय ग्रामीण बुध राम, कर्म सिंह, हुकम राम, शमशेर सिंह, चंद्र किरण, रोशनी देवी, राजकुमारी, दलीप सिंह व किसान विकास समिति के अध्यक्ष रोशन लाल ने बताया कि गत करीब एक माह पूर्व हुई भारी बारिश के कारण सड़क जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हुई है, जिस कारण लोगों का कुल्लू आना-जाना मुश्किल हो गया है, लेकिन इतना समय बीतने के बावजूद इस समस्या का समाधान करने के लिए न तो सरकार की ओर से कोई यहां पहुंचा है और न ही जिला प्रशासन व लोक निर्माण विभाग के अधिकारी।

क्षेत्र के लोगों का जिला मुख्यालय कुल्लू आना जाना मुश्किल हो गया है। दड़का से भूमतीर तक लगभग आठ किलोमीटर सड़क है। लोक निर्माण विभाग द्वारा तीन किलोमीटर तक ही सड़क पर से मलबा हटाया है, लेकिन इसके आगे छलाईनाला में डंगा गिरने से वाहनों की आवाजाही बंद हो चुकी है। सड़क पर कलवर्ट और निकास नालियां बनाने की आवश्यक है। बारिश के दिनों में सड़क पर पानी बहने से यह बार-बार क्षतिग्रस्त हो जाती है। वहीं, भूमतीर पंचायत प्रधान निर्मला देवी ने बताया कि इस समस्या को लेकर वह डीसी सहित लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारी से भी मिल चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। सबसे ज्यादा दिक्कतें स्कूली छात्रों व नौकरी पेशा लोगों को झेलनी पड़ रही हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से आग्रह किया कि जल्द सड़क बहाली का कार्य शुरू करें, ताकि लोगों को सड़क सुविधा मिल सके।

> **दड़का** से भूमतीर सड़क पर गत दिनों हुई बारिश के कारण काफी नुकसान हुआ है। सड़क का डंगा गिर जाने से सड़क को बहाल करना मुश्किल हो गया है। डंगे के निर्माण को लेकर बजट के लिए सरकार को प्रस्ताव भेज दिया है। बजट आने के बाद कार्य शुरू कर दिया जाएगा।
> **बीसी नेगी, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग कुल्लू।**

## बाहंग पार्क के बने बनाए स्ट्रक्चर पर चला दी जेसीबी, लाखों का नुकसान



**अनंत ज्ञान, मनाली**

**मनाली थाने में मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस**

पर्यटन नगरी मनाली के बाहंग में पार्क पर बने स्ट्रक्चर पर जेसीबी चलाने से पार्क संचालक अशोक कुमार को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। अशोक कुमार की शिकायत पर मनाली थाने में मामला भी दर्ज हुआ है। मामला दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

पार्क के संचालक अशोक कुमार ने बताया कि उन्होंने 2011 में लगभग सात लोगों से भूमि लीज पर लेकर करोड़ों रुपए से पार्क का निर्माण किया है। उन्होंने बताया कि वह 2011 से यहां पार्क चला रहे हैं। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि 22 मार्च को रात 12 बजे कांगड़ा निवासी अतुल ने उनके पार्क पर जेसीबी चला दी। 23 मार्च को जमीन मालिकों के साथ समझौता हो गया, लेकिन 25 मार्च शाम को अतुल और विक्रांत ने जेसीबी चलाकर सारा स्ट्रक्चर तोड़ डाला। उन्होंने बताया कि पार्क में बनाए भगवान शिवजी के मंदिर पर भी जेसीबी चलाकर धार्मिक भावना को भी ठेस पहुंचाई है। अशोक ने सरकार सहित पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि उन्हें न्याय दिलाया जाए। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि अशोक कुमार की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय सहिंता 329(1), 324(5) व 3(5) के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### चाइल्ड हेल्पलाइन के महत्व बारे जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, आनी।** चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पीएम श्री विद्यालय आनी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य श्यामानंद की अध्यक्षता में छात्रों को चाइल्ड हेल्पलाइन की उपयोगिता और महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 कुल्लू से काउंसलर कमला देवी ने बच्चों के अधिकारों, नशा निवारण और सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही, उन्होंने छात्रों को यह भी समझाया कि किसी भी आपात स्थिति में वे किस प्रकार से इस हेल्पलाइन का उपयोग कर सकते हैं। कुल्लू से आए अधिकारियों ने बच्चों को कानूनों और उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए, बाल शोषण, वाल विवाह, बाल श्रम, मोबाइल के दुरुपयोग और अन्य आपराधिक गतिविधियों से बचाव के उपाय बताए।

### सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई

**अनंत ज्ञान, मनाली।** राजकीय महाविद्यालय हरिपुर मनाली में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में पांच टीमों ने भाग लिया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वृंदा ठाकुर, धर्मेंद्र, प्रिया की टीम ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर साइमा, यमुना और कृतिका के टीम रही तथा तृतीय स्थान पर अंजलि, सुशमलता, स्वाति तथा ज्योति, आरती, शिवाली की टीम संयुक्त विजेता रही। इस प्रतियोगिता से पूर्व रोड सेफ्टी क्लब के प्रभारी प्रोफेसर सनी ठाकुर ने उपस्थित सभी स्टूडेंट्स को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। विजेताओं को कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर शेफाली द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर दुनी चंद राणा, प्रोफेसर अभिषेक आनंद, प्रोफेसर लालचंद, प्रोफेसर कश्मीर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर शेफाली ने सभी उपस्थित स्टूडेंट्स को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई।

### 30 को सूत्रधार नव संवत समारोह का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सूत्रधार कला संगम कुल्लू की कोर ग्रुप की बैठक संस्था के उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सूत्रधार भवन के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में संस्था उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सूत्रधार कला संगम द्वारा इस वर्ष पहली बार नव संवत्सर विक्रम संवत 2082 के शुभावसर पर 30 मार्च रविवार को प्रथम सूत्रधार नव संवत समारोह का आयोजन सूत्रधार भवन के सभागार में सायं 5 बजे किया जाएगा। इस कार्यक्रम में संस्था के कलाकारों द्वारा गीत-संगीत व नृत्य की प्रस्तुतियां पेश की जाएंगी। कार्यक्रम में विजय सेन, सवाज सेवी व एमडी देवधाम रेस्टोरेंट व कांप्लेक्स बाशिंग मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे तथा रविंद्र सिंह जंवाल, सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। सनातन संस्कृति सबसे पुरानी और परंपराओं को समेटे हुए एक साथ लोगों को लेकर चलने वाली सभ्यता मानी गई है। सनातन धर्म के अपने अलग-अलग नियम और परंपराओं के साथ बहुत सी चीजों का पालन किया जाता है। ऐसे में हिंदू नव संवत्सर भी सनातन धर्म में चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन से माना जाता है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही सृष्टि का आरंभ हुआ था इसलिए इस दिन से ही हम वर्ष आरंभ मानते हैं। इस बार 'सिद्धार्थी' नव संवत्सर 'विक्रम संवत 2082' का आगाज 30 मार्च रविवार को होने जा रहा है। ऐसे में सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा अपने उद्देश्यों के अनुरूप पहली बार प्रथम सूत्रधार नव संवत् समारोह 2082 का आयोजन कर रहा है। बैठक में संस्था उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोंगेंद्र ठाकुर, भंडार प्रभारी तिलक राज चौधरी, विशेष आमंत्रित सदस्य विद्या सागर तथा प्रबंधक उत्तम चंद उपस्थित रहे।



## 80 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मतदान, गिनती आज

**अनंत ज्ञान, मनाली**

हिमाचल प्रदेश की सबसे बड़ी हिम-आंचल टैक्सी ऑपरेटर्स यूनियन मनाली के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व महासचिव के लिए वीरवार को मतदान हुआ।

यूनियन के कुल 2736 मतदाताओं में से 2199 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रधान पद के लिए तीन उम्मीदवार पूर्ण चंद पोलू, पूर्ण चंद उर्फ शाहरुख खान व राज कमल राजा आमने-सामने हैं। उपप्रधान पद के लिए जय चंद व किरण कुमार के बीच मुकाबला है, जबकि महासचिव पद के लिए किशोरी लाल व तेज राम के बीच मुकाबला है। चुनाव प्रभारी एवं नायब तहसीलदार हुक्म राम ने बताया कि 2736 मतदाताओं में से 2199 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि लगभग 80 प्रतिशत मतदान हुआ है। आज सुबह 10 बजे मतों की गिनती शुरू हो जाएगी।

### मनाली व आसपास के क्षेत्रों में होटल, ढाबों व रेस्टोरेंट में कार्रवाई

## 22 घरेलू गैस सिलेंडर किए जब्त

**अनंत ज्ञान, मनाली**



जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले कुल्लू अरविंद शर्मा ने कहा कि पर्यटन नगरी मनाली व आसपास के क्षेत्रों में स्थित होटल, ढाबों व रेस्टोरेंट का विभाग की टीम द्वारा जगह-जगह निरीक्षण किया गया।

मनाली, वशिष्ट व अलेऊ आदि स्थानों में होटल, ढाबों व रैस्टोरेंट द्वारा अवैध रूप से प्रयोग किए जा रहे घरेलू गैस सिलेंडरों पर अंकुश लगाने की दृष्टि से यह निरीक्षण किया गया। निरीक्षण अभियान के दौरान पाया कि 22 रेस्टोरेंट, ढाबों व होटलों द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यापारिक उद्देश्य से अवैध प्रयोग किया जा रहा था। इन सभी 22 घरेलू एलपीजी सिलेंडरों को जब्त कर प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम की गैस एजेंसी मनाली को सौंपा गया है। घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध प्रयोग करने वाले दुकानदारों व रेस्टोरेंट मालिकों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ढाबा, होटल व रेस्टोरेंट मालिकों से अपील की कि वे घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग बिलकुल न करें और साथ ही चेताया कि भविष्य में घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध प्रयोग करने वाले व्यापारियों पर विभाग की निगरानी रहेगी। जिला कुल्लू के विभिन्न क्षेत्रों में समय-समय पर इस प्रकार की चैकिंग का अभियान जारी रहेगा। निरीक्षण अभियान में नवीन कुमार, खाद्य आपूर्ति अधिकारी कुल्लू भी साथ थे तथा प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम की मनाली स्थित गैस एजेंसी द्वारा आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाई गई।

## बुद्धि ठाकुर का आज कुल्लू पहुंचने पर होगा स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** प्रदेश सरकार में नव नियुक्त मिल्क फेडरेशन के चेयरमैन बुद्धि सिंह ठाकुर शुक्रवार को कुल्लू आएंगे। जिला मुख्यालय कुल्लू पहुंचने पर चारों विधानसभा क्षेत्रों के समस्त कांग्रेसियों द्वारा संयुक्त रूप से उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी कुल्लू के 15 वर्षों तक लगातार जिला अध्यक्ष रहे पूर्व जिला परिषद कुल्लू के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर को गत दिनों हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट राज्य दुग्ध सहकारी संघ मिल्क फेडरेशन का चैयरमैन नियुक्त कर कुल्लू जिले को तोहफा दिया है। बुद्धि सिंह ठाकुर पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार जिला मुख्यालय कुल्लू आ रहे हैं।

## तीर्थन के पहाड़ों पर ट्रैकिंग के बाद क्रिकेट का अनोखा रोमांच

### भींडी थाच स्टेडियम तैयार, सात अप्रैल से शहीद लगन चंद मेमोरियल कप सीजन-5 का आगाज

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

जिला कुल्लू की तीर्थन घाटी में 8700 फुट की ऊंचाई पर स्थित भींडी थाच स्टेडियम एक बार फिर से क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए तैयार हो गया है। सात अप्रैल को भींडी थाच स्टेडियम में शहीद लगन चंद मेमोरियल कप सीजन-5 का आगाज होगा। इसको लेकर आयोजकों की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी की दूरदराज पंचायत शिल्ली के सैनिक लगन चंद ने वर्ष 2020 में राजस्थान के बीकानेर में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए शहादत पाई थी। उसी दौरान यहां के स्थानीय लोगों व खेलकूद एवं पर्यटन विकास समिति शिल्ही ने गरूली गांव के शहीद सैनिक लगन चंद की याद में हर वर्ष अप्रैल माह में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करने का फैसला लिया था। इसी कड़ी में गत 4 वर्षों की भांति अब पांचवी बार 7 अप्रैल से भिंडी थाच स्टेडियम में इस अनोखी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होगा। खेलकूद एवं पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष मुरारी कायथ, उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, सचिव केहर सिंह, कोषाध्यक्ष खेम राज आदि ने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर तैयारियां चली हैं। समिति से जुड़े युवक और महिला मंडल के लोग साफ-सफाई में जूट हैं। इसमें हिस्सा लेने वाली टीमों से आवेदन मांगे गए हैं। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए कुछ नियम और शर्तें भी तय की गई और टीमों का पंजीकरण शुरू हो चुका है व 31 मार्च तक पंजीकरण कर सकते हैं। यह क्रिकेट प्रतियोगिता शहीद लगन चंद मेमोरियल कप के नाम से जानी जाती है।



### विजेता को मिलेंगे 1,55,000

**इस** प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इस बार प्रवेश शुल्क 5500 रुपए रखा गया है। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 1,55,000 रुपए नकद और ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 77,000 रुपए नकद और ट्रॉफी और सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली टीमों को 15000 रुपए नकद प्रदान किए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे खिलाडियों को श्रृंखला में मैन ऑफ द टूर्नामेंट, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट गेंदबाज, बेस्ट विकेट कीपर को भी अन्य कई आकर्षक पुरस्कार और उपहार दिए जाएंगे।

### 20 मिनट का पैदल सफर

तीर्थन घाटी की दूरदराज पंचायत शिल्ली का अधिकतर क्षेत्र अभी तक सड़क सुविधा से वंचित है। यहां के ऊंचे पहाड़ों पर गांव गरूली तथा परवाड़ी के समीप घने जंगलों से घिरा एक विशाल खूबसूरत मैदान है, जिसको भिंडी थाच नाम से जाना जाता है। हालांकि, यहां के गरुली गांव तक सड़क पहुंच चुकी है, जो अब सड़क मार्ग से करीब 20 मिनट की ट्रैकिंग करने के बाद यहां आसानी से पहुंचा जा सकता है।

## मनाली के रांगड़ी में बनेगा 15 करोड़ से पुल : भुवनेश्वर

**अनंत ज्ञान, मनाली**

**राइट बैंक से जुड़ेगा लेफ्ट बैंक ट्रैफिक जाम से मिलेगा छुटकारा**



मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि मनाली के रांगड़ी में 15 करोड़ की लागत से भव्य पुल का निर्माण किया जाएगा। यह पुल राइट बैंक को लेफ्ट बैंक से जोड़ेगा। पुल के बनने से मनाली में ट्रैफिक जाम की समस्या कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि वह मनाली के विकास के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 15 वर्षों से मनाली के विकास को जो ग्रहण लगा था, आज वह अब हटने लगा है। मनाली विधानसभा के हर क्षेत्र में विकास के कार्यों ने रफ्तार पकड़ी है। गौड़ ने कहा कि मनाली के विकास की योजना जो मनाली वासियों के साथ मिलकर बनाई है, उसे धरातल पर उतारने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। गौड़ ने कहा कि उनके ऊपर एनएचएआई ने चार मामले दर्ज किए हैं, लेकिन जब तक कुल्लू-मनाली के बीच की सड़क को पूरी तरह ठीक नहीं किया जाता और नालियों सहित फुट ओवरब्रिज का निर्माण नहीं किया जाता, तब तक टोल नहीं लगने दिया जाएगा। गौड़ ने बताया कि पिछले महीने ही एनएचएआई और कुल्लू-मनाली प्रशासन के साथ दौरा किया था और सभी हालात से एनएचएआई को अवगत करवाया था। गौड़ ने कहा कि वह सत्ता सुख भोगने के लिए नहीं आए हैं, वह निरंतर विकास के कार्य कर रहे हैं। मनाली विधानसभा का एक समान विकास उनकी प्राथमिकता में शामिल है।

**इंतजार** 10 वर्षों से सड़क निर्माण पूरा होने का इंतजार कर रहे थे लोग, अप्रैल में होगा ट्रायल

# सड़क निर्माण में लोगों ने दे दी सेब के पौधों की बलि

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

आजादी के 78 वर्षों बाद गांव तक बस पहुंचे, इस सपने को पूरा करने के लिए क्षेत्र के लोगों ने अपने दर्जनों सेब के फलदार बड़े-बड़े पौधों की बलि चढ़ा दी।

लोगों ने अपनी आंखों के सामने सेब की कई-कई पेटियों का उत्पादन करने वाले पेड़ों को पहले खुद काटा और फिर जेसीबी से गिरवा दिया। अब लोगों को इंतजार है कि लोक निर्माण विभाग जल्द सड़क को पास करवाए और सरकार इस सड़क पर बस सेवा शुरू करे। वीरवार को कुल्लू के आनी विधानसभा क्षेत्र के कंडागई से सौर सड़क के निर्माण और बस स्टैंड के लिए करीब 18 से 20 बिस्वा जगह देने के बाद गाड गांव के लौंगू राम ठाकुर, धनी राम ठाकुर, राकेश कुमार ठाकुर, दिनेश कुमार ठाकुर और डीम गांव के ख्याले राम ठाकुर ने अपने करीब दो दर्ज सेब के बड़े-बड़े पौधों को जेसीबी से गिरवा दिया, ताकि सड़क के अंतिम छोर तक बस आ सके और मोड़ी जा सके। (अनंत ज्ञान)



> **कंडागई-सौर** सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। 10 अप्रैल से पहले ही सड़क का ट्रायल करवाने की योजना बनाई गई है, ताकि सड़क को जल्द जनता को समर्पित किया जा सके।
> **मनोज कुमार अधिशाषी अभियंता लोनिवि निरमंड मंडल।**

### 15 गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने की इच्छा पूरी होने जा रही

**शेड्यूल** कास्ट डेवलपमेंट प्लान के तहत करीब डेढ़ करोड़ की लागत से बनने वाली इस 4 किलोमीटर और 800 मीटर लंबी सड़क के लिए तन, मन और धन तक देने वाले लड़ाई लड़ने वाले सशस्त्र सेना बल से बतौर डेप्युटी कमांडेंट रिटायर हुए डीके कौशिक ने बताया कि इस सड़क के निर्माण से सड़क सुविधा से वंचित बयूंगल, जाबप और बखनाओं पंचायतों के कोफरी, शेकटा, गजलांदी, जामुआगे, प्लैनी, ठेरू, जोताहेठे, सौर, बघाड़ी, कांडी, शरण आगे, झटिंगरी, धारण और दड़बेआगे आदि 15 गांवों की सड़क सुविधा से जुड़ने की इच्छा पूरी होने जा रही है। उनका कहना है कि सड़क न होने के कारण कई बार गंभीर मरीजों को कुर्सियों और मंजे पर पीठ पर उठाकर सड़क तक लाना पड़ता था, जबकि कई बार इलाज समय और न मिलने के कारण मौतें भी हुई हैं।

### 2019 में किया था भूमिपूजन

**इस** सड़क के निर्माण की कवायद वर्ष 2015 से शुरू हो गई थी। इसके लिए कई बार पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह से मुलाकात की गई, राज्यपाल से मुलाकात की गई, जबकि वर्ष 2019 में इस सड़क निर्माण का भूमिपूजन भी किया गया था, लेकिन सड़क निर्माण कई गतिरोधों से गुजरता हुआ अब जाकर अंतिम चरण में पहुंचा है। वहीं, देवेंद्र कौशिक सहित सड़क में अपनी जमीन और सेब के पौधे बलिदान करने वाले लौंगू राम ठाकुर, धनी राम ठाकुर, राकेश कुमार ठाकुर, दिनेश कुमार ठाकुर और ख्याले राम के अलावा क्षेत्र की जनता ने सड़क को जल्द पास कर इस सड़क पर बस सेवा चलाने की भी मांग की है, ताकि सेब सीजन से पहले क्षेत्र की सैकड़ों आबादी को इस सड़क का लाभ मिल सके और उनका सेब आसानी से मंडियों में पहुंच सके।

# पतलीकूहल सड़क की हालत खस्ता, लोनिवि नहीं दिख रहा गंभीर



**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

पतलीकूहल सड़क और चौक में बनी निकास नाली के चैंबर की हालत बेहद खस्ता है। इस कारण कभी भी कोई हादसा हो सकता है। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाले निकासी नाली के इस लोहे के चेंबर को दुरुस्त करने की दिशा में लोनिवि गंभीर नहीं दिख रहा है। हालांकि, स्थानीय लोगों ने कई बार इसे ठीक करने के लिए विभाग से आग्रह भी किया, लेकिन विभाग कुंभकर्ण नींद सोया हुआ है।

सड़क इतनी खराब हो चुकी है कि हर जगह गड्ढे ही गड्ढे हैं। बारिश के दिनों में राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बड़े-बड़े गड्ढे होने के साथ ही वाहन चालकों के कई बार कलपुर्जे तक टूट रहे हैं। वहीं, पतलीकूहल चौक के बीचों-बीच निकास नाली के दो लोहे के चैंबर बने हैं, जिनके जाले उखड़ गए हैं। इस कारण कई राहगीर को चोटें भी आई हैं। पतलीकूहल व्यापार मंडल के व्यापारी और स्थानीय लोग संजय, सोमेश रूपेश, नितीश, रविंदर, शिव कुमार, शम्मी, मयूर, राजीव, शंकर, रानु, रघु, विशाल, तीर्थ राम, रमेश ने बताया कि मनाली और कुल्लू के मध्य पतलीकूहल कस्बा एक महत्वपूर्ण स्थान है, जहां हर दिन आस पास के पंचायतों के लोग सैकड़ों की संख्या में अपने रोजमर्रा कार्य करने के लिए आते हैं और कई सरकारी और निजी स्कूलों के छात्रों के वाहन भी यहां से गुजरते हैं। करोड़ों रुपए की लागत से सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए सड़क तो बना दी, लेकिन लोनिवि इसे समय पर दुरुस्त करने में नाकाम है। इस कारण अब इस सड़क पर गड्ढे बन गए हैं। लोगों ने स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ और लोक निर्माण विभाग से आग्रह किया कि जल्द इस सड़क और चौक में बने दोनों चैंबरों को ठीक किया जाए। (अनंत ज्ञान)

> **पतलीकूहल** सड़क पहले राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण विभाग के अधीन थी। एक माह पूर्व ही लोक निर्माण विभाग के अधीन हुई है। दस दिन के भीतर दोनों चैंबर को ठीक किया जाएगा और सड़क का पेच कार्य 20 अप्रैल के उपरांत होगा, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को दिक्कत नहीं होगी।
> **केडी कश्यप, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग कटराई।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत जेहमत (विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत जेहमत विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि.प्र. द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद (सील्ड निविदाएं (कुटेशनें) आमंत्रित की जाती हैं। ये निविदायें दिनांक 11/04/2025 को 3 बजे दोपहर तक निविदा शुल्क 1000 रु के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। इस तिथि तक प्राप्त निविदायें दिनांक 16/04/2025 को प्रातः 10:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत जेहमत में पदाधिकारियों की गणपूर्ति व निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष (यदि उपस्थित हो) खोली जायेंगी। प्रशासकीय कारणों से इस तिथि में बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत जेहमत को सुरक्षित होगा इस दशा में सूचना समाचार पत्रों में प्रदर्शित नहीं की जाएगी। सूचना ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत को इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता रहेगी। शर्तें लागू।

**सामग्री का विवरण-** 1. रेत क्रशर -प्रति घन मीटर, 2. बजरी क्रशर 10,20,40एमएम- प्रति घन मीटर, 3. सोलिंग बोल्डर पत्थर-प्रति घन मीटर, 4. पत्थर (कट स्टोन) प्रति पत्थर (6*8 इंच), 5. ईट मिटटी के भठे की-प्रति 1000, 6. इंटरलोक टाइल पेवर्स 40,50,60एमएम, व सीमेंट कंक्रीट पाथ टाइल -प्रति पीस प्रति साइज, 7. जेसीबी मशीन द्वारा मिटटी कटान व ब्रेकर -प्रति घन मीटर (हार्ड सॉफ्ट रॉक प्रति घंटा), 8. शटरिंग लोहा व लकडी -प्रति फुट, 9. हार्डवेयर आईटम (सरिया 8,10,12, 16एमएम, एंगल, चैनलसाइज बार, टाइल, पेंट, रेलिंग लोहा बिल्डिंग फिटिंग, सैनिटरी फिटिंग्स व लेबर रेट आदि) - आइटम वार व प्रति किलो/क्विंटल प्रति पॉइंट, 10. मिक्सचर मशीन-प्रति दिन प्रति घंटा, 11. साईन बोर्ड/वाल राइटिंग/पेंटिंग-साईज बार/अन्य, 12. स्टेशनरी- विभिन्न रजिस्टर कागज इत्यादि सभी आईटम्स, 13. अन्य सामग्री- आईटम वार

**नियम व शर्तें-** 1. निविदादाता (आपूर्तिकर्ता) के पास अपना पंजीकरण TIN NO/CST/GST NO. होना आवश्यक है। 2. रेत बजरी व पत्थर आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से जारी M/X FORM ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करना होगा M/X FORM उपलब्ध न करवाने पर बिल की अदायगी नहीं की जाएगी तथा साथ में सरकार द्वारा निर्धारित सपथ पत्र साथ जमा करवाना होगा। 3. सभी दरों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगी। 4. सामग्री की आपूर्ति HPPWD की SPECIFICATION के अनुरूप होगी। 5. रेत, बजरी, पत्थर, ईंटों इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल जहाँ तक वाहन योग्य सड़क है तक करवानी होगी तथा ग्राम पंचायत के पूरे क्षेत्राधिकार में एक ही रेट देय होगा। 6.अनुमोदित निविदादाता को सामग्री की आपूर्ति से पूर्व सामग्री की गुणवत्ता की जांच सक्षम तकनीकी कर्मचारी से करवानी होगी, अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 7. अनुमोदित निविदादाता यदि सामग्री की आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 8. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अस्वीकृत रद्द करने समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए, आपूर्ति आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदायें किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 9. सामग्री खरीद का अंतिम मूल्य निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व अनुमोदित निविदाताओं के साथ NEGOTITION अनुसार ही किया जाएगा। 10. पारित निविदादाता को मु 20,000/- रुपये धरोहर सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के नाम करवाने होंगे।

**प्रधान सचिव ग्राम पंचायत जेहमत, विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि.प्र.**

## न्यूज ब्रीफ

### वैभवी ने जेएनवी की प्रवेश परीक्षा की पास

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला के संगड़ाह उपमंडल के दूरदराज क्षेत्र शामरा पंचायत के गराड़ी गांव की वैभवी पुत्री अजय पुंडीर ने जेएनवी कक्षा 9वीं की प्रवेश परीक्षा पास कर अपने माता-पिता व गुरुजनों का नाम रोशन किया है। बाल विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल संगड़ाह के प्रिंसिपल बाबूराम शर्मा ने बताया कि वैभवी बहुत मेहनती व अनुशासित छात्रा है। वैभवी के पिता अपनी डेली नीड्स की शॉप चलाते हैं। वैभवी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व स्कूल अध्यापिका पिंकी शर्मा को दिया।

### अग्निशमन उपकरणों का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अग्निशमन उपकरणों के उपयोग और आपातकालीन स्थितियों में अपनाए जाने वाले उपायों के बारे में मार्गदर्शन और प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण फायर ब्रिगेड के अधिकारियों द्वारा दिया गया इसमें कॉलेज के सभी विधार्थियों ने भाग लिया। इसमें बताया गया आग लगने पर क्या उपाय करना, आग बुझाते समय ऐतिहासिक उपाय अपनाना, आपदा प्रबंधन के बारे में छात्रों के बीच जागरूकता पैदा करना था। प्रधानाचार्या रिजो गीवर्गस ने कहा कि यह जानकारी सबके लिए बहुत जरूरी है और छात्र इस विषय में अधिक जागरूक होने चाहिए कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### कॉलेज की बेहतरी के लिए रचनात्मक सहयोग दें



**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट कॉलेज में पूर्व छात्र संघ की बैठक आयोजित की गई। इसमें कॉलेज की बेहतरी और पूर्व छात्र संघ के विस्तार के लिए विगत सत्र में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों का पंजीकरण करवाने बारे चर्चा की गई। संघ ने कॉलेज में सक्रिय भागीदारी करने तथा भविष्य में सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित करवाने का निर्णय लिया। यह भी निर्णय लिया कि कॉलेज के विकास के लिए संघ नियमित ऑनलाइन बैठकें करता रहेगा। प्रधानाचार्य मदन लाल मनकोटिया ने पूर्व छात्र संघ के सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि कॉलेज की बेहतरी के लिए अपना रचनात्मक सहयोग दें, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके। यह संघ कॉलेज का महत्वपूर्ण घटक है। इसके बिना समग्र विकास कर पाना असंभव नहीं है। इस बैठक में संघ की संयोजक डॉ. सविता सहगल, सदस्य डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. प्रियंका विंटा, पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष निपुण ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### ट्रक के ब्रेक फेल होने से कई वाहन क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन-कुमारहट्टी नेशनल हाइवे पर कार्मल स्कूल के गेट के समीप एक सड़क हादसा हुआ। एक ट्रक जोकि सरिये और एंगल आयरन से लदा था, रात के समय बेकाबू होकर एक घर के डंगे से टकरा गया। हादसे के परिणामस्वरूप वहां खड़ी एक कार क्षतिग्रस्त हो गई और एक अन्य वाहन को भी नुकसान पहुंचा। हादसे का शिकार हुआ ट्रक सरिये और एंगल आयरन से लदा हुआ था और ट्रक की बॉडी टूटते हुए कैबिन में जा घुसी। गनीमत रही कि ट्रक चालक सुरक्षित बच निकला। बताया जा रहा है कि हादसा ट्रक के ब्रेक फेल होने के कारण हुआ। इसके बाद चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई, जहां यह घटना घटी वहां सड़क में उतराई है और पहले भी कई सड़क हादसे हो चुके हैं। नाहन से लेकर बिरोजा फैक्टरी तक लगातार उतराई है और मोड़ भी तीखे हैं। इसके अतिरिक्त सड़क किनारे होने वाली अवैध पार्किंग के कारण सड़कों की चौड़ाई कम हो जाती है, जिससे हादसों का खतरा और बढ़ जाता है।

### हाईवे किनारे नाली में मिला व्यक्ति का शव

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब में वीरवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जब नेशनल हाईवे-7 (देहरादून-चंडीगढ़) पर मालवा कॉटन छोटी ट्रक यूनियन के पास एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पांवटा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को नाली से बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी देवी सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में शव की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी देवी सिंह ने बताया, हमें करीब 12 बजे सूचना मिली कि हाईवे किनारे नाली में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। हम तुरंत मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकाला। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और जांच जारी है। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि व्यक्ति की मौत कैसे हुई। पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि यह हादसा है या फिर किसी साजिश के तहत इस व्यक्ति की हत्या की गई है। पुलिस का कहना है कि शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि अगर किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी है, तो वे पुलिस से संपर्क करें।

### महाराणा पर विवादित टिप्पणी को लेकर प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** आगरा से सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन ने महाराणा सांगा को लेकर विवादित बयान को लेकर राष्ट्रीय देव भूमि पार्टी देवभूमि क्षत्रिय संगठन व स्वर्ण मोर्चा सिरमौर इकाई ने नाहन में सांसद का पुतला लेकर नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। मोर्चा के सदस्यों ने ऐसे सांसदों व विधायकों को पद से हटाने की मांग करते हुए नारेबाजी की। सिरमौर इकाई अध्यक्ष लवली चौहान ने कहा कि देश के महा पुरुषों के खिलाफ दिए बयान बिलकुल गलत हैं और सरकार को ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाई करनी चाहिए।

# 57 स्कूलों में बनेगी डिजिटल लाइब्रेरी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

ऑनलाइन पढ़ाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिमाचल के सरकारी स्कूलों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसके तहत जिला सोलन के 57 स्कूलों में डिजिटल लाइब्रेरी बनेगी।

इस दिशा में शिक्षा विभाग काम कर रहा है। उच्च अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल 9 स्कूलों में पीएमश्री योजना के तहत डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएगी, जबकि अन्य 43 स्कूलों में भी स्टूडेंट्स को सुविधा प्रदान करने के मकसद से स्टेट गवर्नमेंट ने यहां लाइब्रेरी बनाने का फैसला किया है। इसके अलावा पांच डे-बोर्डिंग स्कूलों में भी डिजिटल लाइब्रेरी बनेगी। कुल मिलाकर जिला सोलन में 57 डिजिटल लाइब्रेरी बनाने का प्रपोजल है। हालांकि, यह अलग-अलग योजनाओं के तहत है, लेकिन इसका फायदा सीधा बच्चों को मिलने वाला है। जानकारी के अनुसार डिजिटल लाइब्रेरी बनाने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से सोलन शिक्षा विभाग के पास आदेश पहुंच चुके हैं। इसमें कहा गया है कि स्कूलों में 500 स्क्वायर फिट कमरे का स्पेस डीजिटल लाइब्रेरी के लिए यूज होगा। (अनंत ज्ञान)



### कॉलेज भी डिजिटल लाइब्रेरी से दूर

**फिलहाल** प्रदेश के अधिकतर डिग्री कॉलेज में भी डिजिटल लाइब्रेरी नहीं है। कॉलेज कैंपस में लाइब्रेरी तो छात्रों के लिए है, लेकिन वहां ऑनलाइन पढ़ाई के लिए कप्यूटर व अन्य ऑनलाइन उपकरण नहीं हैं।

> **सरकार** से आदेश हैं कि छात्रों की पढ़ाई के लिए डिजिटल लाइब्रेरी बनाने की तरफ आगे बढ़ा जाए। सोलन जिले में 9 पीएमश्री स्कूलों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने के अलावा कुल 57 स्कूलों में लाइब्रेरी बनाने पर विभाग ने काम किया है। इसमें 5 डे-बोर्डिंग स्कूल भी शामिल हैं। **गोपाल सिंह चौहान, डिप्टी डायरेक्टर, हायर एजुकेशन, सोलन।**

### पीएमश्री के तहत मिलेंगे 18-18 लाख

**जिला** सोलन के 9 स्कूलों में पीएमश्री योजना के तहत डिजिटल लाइब्रेरी बनेगी। इन स्कूलों में डिजिटल लाइब्रेरी के लिए सरकार द्वारा 18-18 लाख रुपए प्रत्येक स्कूल के लिए जारी किए जाएंगे। खास बात यह होगी कि यह सभी लाइबेरी एक तरीके से पब्लिक लाइब्रेरी बनेगी।

### 5 डे बोर्डिंग स्कूलों में भी बनेगी लाइब्रेरी

पीएमश्री और एक्सीलेस स्कूल के अलावा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बनने वाला 5 डे-बोर्डिंग स्कूल में भी डिजिटल लाइब्रेरी बनाने का प्रपोजल है। जिले में दून नालागढ़, अर्की और सोलन में तो जगह चयनित कर ली गई है, लेकिन कसौली में अभी मामला लंबित है। यहां अब तक कोई भी जगह या स्कूल फाइनल नहीं हुआ है। हालांकि, सूत्र बताते है कि यहां लगभग टकसाल में डे-बोर्डिंग स्कूल बनाया जा सकता है, लेकिन यहां लैंड की समस्या है। नियमों के मुताबिक लाभता 20 बीघा जमीन के बाद ही डे-बोर्डिंग स्कूल बनाया जा सकता है।

# सोलन की पूजा बनी इंडिया नेक्स्ट फैशन मॉडल विनर

**अनंत ज्ञान, सोलन/नाहन**



पालमपुर में आयोजित मिस एंड मिसिज इंडिया नेक्स्ट फैशन मॉडल के ग्रैंड फिनाले के रैंपवॉक एवं क्यू एंड ए सेशन के आधार पर ज्यूरी हैड मृदुला कपूर और मुस्कान ने सोलन की बेटी पूजा ठाकुर को इंडिया नेक्स्ट फैशन मॉडल का विनर घोषित किया।

फिनाले के अंतिम क्षणों में सम्मान वितरित किए गए, जिसमें कंपनी के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर पंडित विशाल शर्मा ने पूजा को मोमेंटो और क्राउन देकर सम्मानित किया और इसके साथ उन्हें आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दीं। पूजा ठाकुर गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ओचघाट में अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। अध्यापक के साथ मॉडलिंग में उनकी रूचि ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता मिस इंडिया नेक्स्ट फैशन मॉडल खिताब तक पहुंचाया है। इससे पहले पूजा मिस शान ए हिमाचल का खिताब भी अपने नाम कर चुकी हैं। पूजा ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता के होने से हमें हमारे अंदर छुपी हुई प्रतिभाओं को बाहर लाने का मौका मिलता है।

# सोलन से पुलवाहल जा रही बस का स्टीयरिंग हुआ लॉक

**अनंत ज्ञान, सोलन**



सोलन से पुलवाहल जा रही एचआरटीसी की बस का स्टीयरिंग लॉक होने से बस पहाड़ी से टकरा गई। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया। बस में 42 यात्रियों की जान हलक में अटक गई, जब जटोली के पास मालो गांव में बस अचानक अनियंत्रित हो गई और पहाड़ी से जा टकराई।

बस में बैठे यात्रियों के लिए यह कुछ पलों का डरावना सपना बन गया। बस के अचानक पहाड़ी से टकराने के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आईं, लेकिन कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। यह घटना बसों की मेंटेनेंस पर भी सवाल खड़े कर रही है यदि बस का चलती सड़क पर स्टीयरिंग लॉक हो सकता है, तो क्या यह यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं है?

### पहाड़ी से टकराई बस, बड़ा हादसा टला, 42 यात्री थे सवार

प्रशासन को इस मामले की गहन जांच करनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को टाला जा सके।

चालक के अनुसार, बस का स्टीयरिंग अचानक लॉक हो गया, जिससे वाहन पर से उसका नियंत्रण हट गया। बस धीमी रफ्तार में थी, वरना यह हादसा एक बड़े खौफनाक हादसे में बदल सकता था।

# गहनों से भरा बैग लेकर चोर फरार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन जिले के धर्मपुर में एक चोरी की वारदात हुई, जिसमें चोर एक दुकानदार के घर से गहनों से भरा बैग ले गया। यह पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में रिकॉर्ड हो गई है।

चोरी की यह घटना राजेश ठाकुर के घर हुई, जो धर्मपुर स्कूल के समीप किराये के मकान में रहते हैं और धर्मपुर में दुकानदारी करते हैं। चोर ने घर का दरवाजा तोड़कर घर में रखे गहने चोरी किए, जिनकी कीमत 5 से 7 लाख रुपए बताई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में चोर घर के अंदर और बाहर जाता हुआ साफ दिखाई दे रहा है, जब वह घर से बाहर जाता हुआ दिखाई दे रहा है, तो उसके हाथ में गहनों वाला बैग भी साफ देखने को मिल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

### घटना सीसीटीवी फुटेज में रिकॉर्ड

# तीन युवकों से 800 नशीले कैप्सूल बरामद



**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस थाना सदर सोलन की पुलिस टीम सोलन शहर में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम ने दोहरी दीवार के पास नाकाबंदी की थी। रात को 9.20 पर रबौण की तरफ से तीन लड़के आ रहे थे, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे।

पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया, जिनके नाम व पत्ते विशाल सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी गांव राम नगर तह. डाखा व तह. नैनीताल जिला काशीपुर उत्तराखंड हाल रिहायिश वार्ड नं.-3 बाईपास कथेड़ सोलन तहसील व जिला सोलन हिप्र उम्र 21 वर्ष, अमन कुमार पुत्र मन बहादुर मूल निवासी नेपाल, हाल निवास समीप अपैक्स अस्पताल कोटलानाला सोलन तह. व जिला सोलन हिप्र उम्र 20 वर्ष व सोनू पुत्र अजय निवासी वार्ड नं. 3 कथेड़ तह. व जिला सोलन हिप्र उम्र 19 वर्ष थे। इनके कब्जे से 800 कैप्सूल बरामद किए गए, जिस बारे तीनों आरोपी कोई भी वैध लाईसेंस/दस्तावेज पुलिस के समक्ष पेश न कर सके। उक्त आरोपियों से पकड़ी गई नशीली दवाइयां ड्रग एंड कॉमेटिक एक्ट के अंतर्गत प्रतिबंधित हैं। पुलिस द्वारा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### चंबाघाट में दो युवकों से 270 नशीली दवाइयां बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला पुलिस की विशेष अन्वेषण ईकाई की टीम सोलन शहर में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि शमलेच की तरफ से एक ऑटो चंबाघाट की तरफ आ रहा है, जिसमें कैलाश जोशी व युगल किशोर नाम के दो व्यक्ति सवार हैं, जो भारी मात्रा में मादक पदार्थ व अवैध नशीली दवाइयां सप्लाई करने के लिए ले जा रहे हैं। इस सूचना पर उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चंबाघाट फलाई ओवर के पास नाकाबंदी कर उक्त ऑटो को रोककर चैक किया गया तथा उसमें बैठे दो व्यक्तियों, जिनके नाम व पत्ते युगल किशोर पुत्र स्व. विद्या दत शर्मा निवासी गांव मंसार डाकखाना सलोगड़ा तह. व जिला सोलन उम्र 36 वर्ष व कैलाश जोशी पुत्र गोविंद वल्लभ जोशी निवासी गांव कठार डाकखाना बसाल तह. व जिला सोलन उम्र 42 वर्ष मालूम हुए, उन्हें 270 टेबलेटस नशीली दवाइयां सहित गिरफ्तार किया गया, जिस बारे वह कोई भी वैध लाईसेंस/दस्तावेज पुलिस के समक्ष पेश न कर सके। दोनों के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है।

# काजल ने 4 परीक्षाओं में बाजी मार बनाया रिकॉर्ड

**अनंत ज्ञान, नाहन।** लगन और कुछ कर गुजरने के इरादे से नाहन शहर की काजल चौधरी ने आरिक्षत श्रेणी में होने के बावजूद भी एक नहीं, बल्कि एक के बाद एक चार बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में अव्वल आकर आज उन युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं, जो एक हार के बाद निराश हो जाते हैं।

आरक्षित श्रेणी में होने के बावजूद काजल ने इसका लाभ न उठाते हुए सभी परीक्षाएं सामान्य श्रेणी में पास की हैं। काजल अब एम्स ऋषिकेश में बतौर नर्सिंग ऑफिसर सेवाएं देंगी। इससे पहले उन्होंने मई 2024 में मिलिट्री नर्सिंग लेफ्टिनेट की परीक्षा पास की थी। बड़े स्तर की परीक्षा पास करने के बाद परिवार व संबधियों ने सेवाएं देने के लिए दबाव बनाया, लेकिन काजल का सपना एम्स में सेवाएं देने का था, जिसके बाद उन्होंने इस पद पर ज्वाइनिंग नहीं की। इस बीच उन्होंने इएसआईसी में नर्सिंग ऑफिसर की परीक्षा उत्तीर्ण की फिर एसजेपीजीआई लखनऊ में भी नर्सिंग ऑफिसर की परीक्षा पास की, इसकी 30 मार्च को ज्वाइनिंग है। इसी दौरान उन्होंने एम्स ऋषिकेश में भी नर्सिंग ऑफिसर की परीक्षा उत्तीर्ण कर रिकॉर्ड बना दिया।

# वार्ड-12 के लोगों ने नगर निगम के समक्ष रखी समस्याएं



**अनंत ज्ञान, सोलन**

नगर निगम सोलन ने स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान के अंतर्गत वार्ड-12 में समाधान शिविर आयोजित किया।

इसमें स्थानीय लोगों ने नगर निगम अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। महापौर उषा शर्मा सहित नगर निगम के अधिकारी व संबंधित कर्मचारी भी इस समाधान शिविर में उपस्थित रहे। निगम के अधिकारियों ने लोगों की जनसमस्याओं को सुनकर उनके निपटारे का आश्वासन दिया। नगर निगम सोलन की माहापौर उषा शर्मा ने बताया कि समाधान शिविर के माध्यम से जनता की समस्याएं सुनी जाती हैं। उन्होंने कहा कि सीवरेज, पानी सहित कई तरह की समस्याएं लोगों ने उनके समक्ष रखी हैं, जो आज तक नहीं रखी गई थी। उन्होंने कहा कि इसका निपटारा तुरंत किया जाएगा। वहीं, स्थानीय जनता ने बताया कि समाधान शिविर में उन्होंने अपनी समस्याओं को रखा है। उन्होंने कहा कि उनकी जो भी समस्यां हैं, उसका निपटारा होना चाहिए।

### महापौर ने दिया समस्याओं के समाधान का आश्वासन

# विकास कार्यों में भ्रष्टाचार पर कठवाड़ प्रधान बर्खास्त

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विकास कार्यों में वित्तीय गड़बड़ियों और सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप में कठवाड़ पंचायत के प्रधान महेंद्र सिंह को उनके पद से हटा दिया गया है। प्रशासन की जांच में दोषी पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। इसके अलावा उन्हें छह वर्षों तक किसी भी पंचायत पद के लिए अयोग्य भी करार दिया गया है। कठवाड़ पंचायत के ग्रामीणों ने विकास कार्यों में अनियमितताओं को लेकर शिकायत दर्ज करवाई थी। प्रारंभिक जांच में गड़बड़ियां सामने आने के बाद उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया, मगर उनका उत्तर संतोषजनक नहीं पाया गया। नियमित जांच में आरोप सिद्ध होने पर डीसी कार्यालय की ओर से प्रधान को 5,30,566 की राशि पंचायत खाते में जमा करवाने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही निर्देश दिए गए कि उनके पास पंचायत से जुड़ी कोई भी नकद राशि, अभिलेख, स्टॉक या मोहर हो, तो उसे तुरंत ग्राम सचिव को सौंपा जाए।

# एसडीएम ने अपना विद्यालय योजना के तहत बद्दी स्कूल को लिया गोद



**अनंत ज्ञान, बद्दी**

उपमंडलाधिकारी बद्दी विवेक महाजन ने अपना विद्यालय योजना के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बद्दी को गोद लिया। उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि पाठशाला में विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय प्रबंधन ने उनसे विद्यालय परिसर में बास्केटबॉल कोर्ट बनवाने की मांग की थी। बास्केटबॉल का कोर्ट निर्माण के लिए उचित स्थान का चयन कर लिया गया है। इस संदर्भ में डॉ. रेड्डी लैब कंपनी के सहयोग से सामुदायिक सामाजिक दायित्व निधि (सीएसआर) के माध्यम से लगभग 10 लाख रुपए की लागत से बास्केटबॉल कोर्ट का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। एसडीएम ने कहा कि भारी वर्षा के कारण बद्दी स्कूल को भी नुकसान हुआ था, इस नुकसान की भरपाई और स्कूल को अधिक क्षति से बचाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सहयोग से यहां डंगे का निर्माण करवाया गया। उन्होंने विद्यालय में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए डॉ. रेड्डी लैब कंपनी और डंगा लगाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का आभार व्यक्त किया।

# राजगढ़ रोड पर जानवरों की हड्डियां मिलने से लोगों में दहशत

**अनंत ज्ञान, सोलन**



सोलन में ओल्ड डीसी ऑफिस के नजदीक राजगढ़ रोड पर वीरवार को नाली में किसी जानवर की हड्डियां मिलने से लोगों में दहशत फैल गई।

एसपी सोलन गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस थाना को दूरभाष से सूचना प्राप्त हुई कि पलक साड़ी सोलन के पास किसी जानवर के हड्डी/मांस के टुकड़े मिले हैं, इसके पश्चात पुलिस टीम मौका पलक साड़ी राजगढ़ रोड सोलन पहुंची, तो मौके पर काफी लोग मौजूद थे। पुलिस के मुताबिक कुछ शरारती तत्व लोगों को उकसाने का कार्य भी कर रहे थे, इसके पश्चात मौका का गहनता से निरीक्षण किया गया। पलक साड़ी के सामने गंदे पानी की नाली के पास किसी जानवर की हड्डियां बरामद हुईं। उक्त हड्डियों मे मांस चिपका हुआ पाया गया तथा उसी स्थान से सामने पलक साड़ी के बाहर टेलीफोन के खंबे के पास रोड पर भी उसी प्रकार की हड्डियां बरामद हुईं तथा उस स्थान से 10-15 मीटर दूर बघाट बैंक के बाहर भी हड्डियां बरामद हुईं। तीनों स्थान से बरामद की गईं हड्डियों को अलग- अलग प्लास्टिक लिफाफे में बंद कर सभी प्लास्टिक लिफाफों को भी अलग-अलग प्लास्टिक के डिब्बों में बंद कर सभी डिब्बों को नियमानुसार पुलिस ने कब्जे में लिया, जिस जगह पर हड्डियां बरामद हुई हैं उसके साथ ही जायका बिरयानी के नाम से एक ढाबा है, जिसकी तलाशी नियमानुसार ली गई थी कोई भी संदिग्ध वस्तु वहां पर बरामद न हुई साथ ही जिला खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम द्वारा उक्त ढाबे से सैंपल लिए गए हैं। हड्डियों को प्रयोगशाला एसएफएल जुन्गा परीक्षण के लिए भेजा गया व नतीजा आने पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**रौनक** नकदी फसलों से लोगों की आर्थिकी में आया क्रांतिकारी बदलाव

# मटर के दामों में उछाल, किसानों के खिले चेहरे

**बीआर चौहान, राजगढ़**



मटर के दाम में उछाल आने से किसानों के चेहरे पर रौनक आई है। बता दें इन दिनों राजगढ़ क्षेत्र से पहाड़ी मटर प्रदेश की सबसे बड़ी सब्जी मंडी सोलन तथा चंडीगढ़ व पानीपत मंडियों में पहुंचना शुरू हो गया है।

सीजन के शुरूआती दौर में मटर का दाम केवल 25 से 30 रुपए तक रहा था, लेकिन बीते दो तीन दिन से मटर का रेट बढ़कर 45 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गया है। बता दें कि इस बार सर्दियों में कम बारिश होने के चलते मटर की फसल काफी प्रभावित हुई है। क्षेत्र में इन दिनों मटर का सीजन पीक पर है प्रगतिशील किसान दयाराम वर्मा और प्रीतम ठाकुर ने बताया कि सर्दियों में इस वर्ष कम बारिश होने से मटर की फसल की पैदावार औसतन हुई है। मटर की फसल इस बार तय समय से करीब एक पखवाड़ा पहले तैयार हो गई थी। विनोद कुमार आढ़ती का कहना है कि वीरवार को मटर के दामों में काफी उछाल आया है। शिमला व सिरमौर क्षेत्र का मटर 45 से 50 रुपए प्रति किलोग्राम बिका। कई क्षेत्रों में ओलावृष्टि होने से मटर की फलियों का रंग सफेद हो गया है, जिससे किसानों को अच्छे दाम नहीं मिल पा रहे हैं।

ट्रांस्पोर्टर प्रदीप ब्रागटा ने बताया कि गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष मटर की फसल कुछ कम हुई है, लेकिन किसानों को दाम अच्छे मिल रहे हैं। हर वर्ष मार्च के अंतिम व अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में राजगढ़ क्षेत्र में मटर की पहली फसल निकलना आरंभ होती है। इसके उपरांत टमाटर, शिमला मिर्च, फ्रांसबीन का सीजन आरंभ हो जाएगा। पहाड़ी मटर की देश की मंडियों में काफी मांग रहती है। कृषि विभाग के अनुसार इस वर्ष विभाग द्वारा राजगढ़ क्षेत्र में करीब 76 क्विंटल मटर का बीज उपदान पर उपलब्ध करवाया गया है। इनका कहना है कि नकदी फसलों से राजगढ़ क्षेत्र के लोगों की आर्थिकी में क्रांतिकारी बदलाव आया है। सब्जी मंडी के प्रभारी सौरव हिमराल ने बताया कि अधिकतर फसलें सीधे तौर पर निजी मंडियों में बिक रही हैं। (अनंत ज्ञान)

# शूलिनी विवि के पारिस्थितिक पार्क की आधारशिला रखी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने शिक्षा और अनुसंधान में सहयोग के लिए यूके के एबरडीन विश्वविद्यालय के एक प्रतिष्ठित प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। इस यात्रा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारी को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। इसमें छात्र विनिमय कार्यक्रम, संकाय सहयोग और दोहरी डिग्री पहल पर केंद्रित चर्चाएं हुईं। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एबरडीन विश्वविद्यालय के प्रिंसिपल और कुलपति प्रोफेसर जॉर्ज बॉयने और एबरडीन विश्वविद्यालय के लोगों की निदेशक डेबी डाइकर ने किया। उनकी यात्रा ने वैश्विक जुड़ाव और अकादमिक उत्कृष्टता के लिए एबरडीन विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। एबरडीन विश्वविद्यालय वर्तमान में क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में प्रभावशाली 236 रैंक रखता है। यात्रा के हिस्से के रूप में, प्रोफेसर जॉर्ज बॉयने ने स्थिरता और हरित पहल के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए शूलिनी विश्वविद्यालय के पारिस्थितिक पार्क की आधारशिला रखी।

# शूलिनी यूनिवर्सिटी में लिटफेस्ट 28 मार्च से

**अनंत ज्ञान सोलन।** शूलिनी यूनिवर्सिटी का आने वाला लिटरेचर फेस्टिवल, जो शब्दों, विचारों और रचनात्मकता का उत्सव है, एक यादगार अनुभव बनने जा रहा है। इस फेस्ट में विभिन्न सत्रों, कार्यशालाओं और प्रस्तुतियों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल होगी। लिटफेस्ट के पांचवें संस्करण में कई प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल होंगी। 28 से 30 मार्च तक आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव के मुख्य आकर्षणों में से एक है।

कार्यालय ग्राम पंचायत परसदा हवाणी (विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश)
निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत परसदा हवाणी विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि.प्र. द्वारा वित् वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यो के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद (सील्ड निविदाएं (कुटेशनें) आमंत्रित की जाती है। ये निविदायें दिनाक 08/04/2025 को 3 बजे दोपहर तक निविदा शुल्क 1000 रु के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। इस तिथि तक प्राप्त निविदायें दिनाक 10/04/2025 को प्रातः 10:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत परसदा हवाणी में पदाधिकारियों की गणपूर्ति व निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष (यदि उपस्थित हों) खोली जायेंगी। प्रशासकीय कारणों से इस तिथि में बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत परसदा हवाणी को सुरक्षित होगा इस दशा में सूचना समाचार पत्रों में प्रदर्शित नहीं की जाएगी। सूचना ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत को इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता रहेगी। शर्तें लागू।

**सामग्री का विवरण-** 1. रेत क्रशर -प्रति घन मीटर, 2. बजरी क्रशर 10,20,40एमएम- प्रति घन मीटर, 3. सोलिंग बोल्डर पत्थर-प्रति घन मीटर, 4. पत्थर (कट स्टोन) प्रति पत्थर (6*8 इंच), 5. ईंट मिट्टी के भटे की-प्रति 1000, 6. इंटरलोक टाइल पेवर्स 40,50,60एमएम, व सीमेंट कंक्रीट पाथ टाइल -प्रति पीस प्रति साइज, 7. जेसीबी मशीन द्वारा मिट्टी कटान व ब्रेकर -प्रति घन मीटर (हार्ड सॉफ्ट रॉक प्रति घंटा), 8. शटरिंग लोहा व लकड़ी -प्रति फुट, 9. हार्डवेयर आईटम (सरिया 8,10,12, 16एमएम, एंगल, चैनलसाइज बार, टाइल, पेंट, रेलिंग लोहा बिल्डिंग फिटिंग, सैनिटरी फिटिंग्स व लेबर रेट आदि) - आइटम वार व प्रति किलो/क्विंटल प्रति पॉइंट, 10. मिक्सचर मशीन-प्रति दिन प्रति घंटा, 11. साईन बोर्ड/वाल राइटिंग/पेंटिंग-साईज वार/अन्य, 12. स्टेशनरी- विभिन्न रजिस्टर कागज इत्यादि सभी आईटम्स, 13. अन्य सामगी- आईटम वार

**नियम व शर्ते-** 1. निविदादाता (आपूर्तिकर्ता) के पास अपना पंजीकरण TIN NO/CST/GST NO. होना आवश्यक है। 2. रेत बजरी व पत्थर आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से जारी M/X FORM ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करना होंगे M/X FORM उपलब्ध न करवाने पर बिल की अदायगी नहीं की जाएगी तथा साथ में सरकार द्वारा निर्धारित सपथ पत्र साथ जमा करवाना होगा। 3. सभी दरों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगी। 4. सामग्री की आपूर्ति HPPWD की SPECIFICATION के अनुरूप होगी। 5. रेत, बजरी, पत्थर, ईंटो इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल जहाँ तक वाहन योग्य सड़क है तक करवानी होगी तथा ग्राम पंचायत के पूरे क्षेत्राधिकार में एक ही रेट देय होगा। 6. अनुमोदित निविदादाता को सामग्री की आपूर्ति से पूर्व सामग्री की गुणवत्ता की जांच सक्षम तकनीकी कर्मचारी से करवानी होगी, अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 7. अनुमोदित निविदादाता यदि सामग्री की आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 8. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अस्वीकृत रद्द करने समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए आपूर्ति आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदायें किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 9. सामग्री खरीद का अंतिम मूल्य निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व अनुमोदित निविदाताओं के साथ NEGOTITION अनुसार ही किया जाएगा। 10. पारित निविदादाता को मु 20,000/- रुपये धरोहर सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के नाम करवाने होंगे।

प्रधान सचिव ग्राम पंचायत परसदा हवाणी, विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि.प्र.

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा में 31 मार्च को छुट्टी नहीं

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने ईद-उल-फितर को लेकर प्रदेश में छुट्टी की घोषणा रद्द कर दी है। ऐसे में अब सोमवार को प्रदेश में छुट्टी नहीं होगी। आगामी 31 मार्च को राजपत्रित अवकाश के बजाय अनुसूची-2 के अंतर्गत प्रतिबंधित अवकाश घोषित किया गया है। हरियाणा सरकार की तरफ से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है।

### बेकाबू कार दुकानों में घुसी; 2 की मौत, 2 घायल

**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** पंचकूला के माजरी चौक मार्केट में बेकाबू टीयूवी-300 कार दो दुकानों में जा घुसी। कार फास्ट फूड की दुकान को तोड़ते हुए मेडिकल स्टोर में घुस गई। इस हादसे में चार लोग कार की चपेट में आ गए। आसपास के लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से सेक्टर-6 सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने सेक्टर-21 निवासी बुजुर्ग दौलत राम गोयल और हिमाचल निवासी नवजोत (14) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, हिमाचल निवासी घायल गुरमीत, पुह लाल और मनिंदर सिंह का इलाज चल रहा है।

### रक्तदान शिविर में 105 लोगों ने किया रक्तदान



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** फेविकोल चैंपियंस क्लब द्वारा पिडीलाइट के सहयोग से सेक्टर 30 में वीरवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की, डिप्टी मेयर तरुणा मेहता, पार्षद प्रेमलता, विक्रम यादव और पिडीलाइट के उत्तर भारत के जोनल मैनेजर अंकित कवाड़ ने शिविर में पहुंचकर डोनर को प्रोत्साहित किया। लक्की ने कहा कि रक्तदान शिविर समाज सेवा और मानवता की दिशा में एक सराहनीय कदम है। ऐसे शिविर न केवल जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराते हैं, बल्कि समाज में जागरूकता भी फैलाते हैं कि रक्तदान एक महादान है। डिप्टी मेयर ने बताया कि इस शिविर में स्थानीय नागरिकों, क्लब के सदस्यों और अन्य संगठनों ने भाग लिया। ऐसे आयोजनों से रक्तदान के प्रति लोगों में रुचि बढ़ती है और रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों को सहायता मिलती है। लगभग 105 लोगों ने रक्तदान किया। अंकित कवाड़ ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह किसी की जान बचा सकता है। हमें इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। फेविकोल चैंपियंस क्लब के अध्यक्ष गुलाबचंद यादव ने कहा कि पीजीआई के सहयोग से इस शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और प्रोत्साहन के रूप में सराहना पत्र भी प्रदान किए गए।

### कॉलेज भवन के लिए 3235.81 लाख का प्रस्ताव पारित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि करनाल जिले के गांव निगधू में राजकीय महाविद्यालय के भवन के निर्माण कार्य के लिए 3235.81 लाख रुपए की राशि का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसे जल्द ही स्वीकृत कर दिया जाएगा। इसके अलावा, विभिन्न शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों की भर्ती के लिए एचपीएससी/एचएसएससी को मांग भेजी जा चुकी है। वहीं, ढांडा ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय, फतेहाबाद के निर्माण के लिए सेक्टर-5 फतेहाबाद में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की 8.05 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। इस महाविद्यालय का भवन हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा कार्य आवंटन की तिथि से 36 माह के भीतर निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। मंत्री वीरवार को विधानसभा बजट सत्र में सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे।

# राज्य सरकार प्राकृतिक खेती के उत्पादों के प्रमाणीकरण, ब्रांडिंग के लिए उठाएगी कदम

## कृषि मंत्री बोले-किसानों को उत्पादों की बेहतर कीमत दिलाने में करेंगे मदद

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती योजना के पहले चरण में किसानों और अधिकारियों के लिए जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जबकि दूसरे चरण में प्राकृतिक खेती के उत्पादों के प्रमाणीकरण, ब्रांडिंग/पैकेजिंग और विपणन के लिए व्यापक कदम उठाएगी। इसके अलावा, राज्य सरकार किसानों को उनके प्राकृतिक रूप से उत्पादित उत्पादों की बेहतर कीमत दिलाने में मदद करने के लिए हैफेड और हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कोर्पोरेशन (एचएआईसी) को कृषि उपज संगठनों/प्राकृतिक कृषि समूहों के साथ जोड़ेगी। राणा वीरवार को हरियाणा विधानसभा में प्राकृतिक खेती के महत्व से संबंधित ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का उत्तर दे रहे थे।

कृषि मंत्री ने बताया कि प्राकृतिक खेती के उत्पादों के प्रमाणीकरण के लिए भारत सरकार द्वारा हरियाणा राज्य बीज प्रमाणीकरण एजेंसी को नामित किया गया है। राज्य सरकार ने प्राकृतिक खेती उत्पादों के लिए एमएसपी के फार्मूले/निर्धारण का पता लगाने या किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की शुरुआत में उपज के नुकसान की भरपाई के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए एक समिति भी गठित की है।

उन्होंने प्राकृतिक खेती की दिशा में किसानों का रुझान पैदा करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा उठाए कदमों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार वर्ष 2022-23 से राज्य योजना सतत कृषि रणनीतिक पहलों को बढ़ावा देने और किसान कल्याण कोष के तहत प्राकृतिक खेती को लागू कर रही है, ताकि किसानों को रसायन मुक्त कृषि अपनाने के लिए जागरूक किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ावा देना, खेती की लागत में कमी लाना और खेती को एक स्थायी आजीविका विकल्प बनाना, मिट्टी की उर्वरता, सूक्ष्म वनस्पतियों और जीवों, जल धारण क्षमता आदि अपनाने के लिए कृषक समुदाय में जागरूकता पैदा करना है।

उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती योजना के इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार ने बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान, किसान गोष्ठियां, कार्यशालाएं, प्राकृतिक खेती मेले, अधिकारियों और किसानों के लिए एक्सपोजर विजिट शुरू किए हैं। वर्ष 2022 से अब तक 720 किसान गोष्ठियां, 22 कार्यशालाएं, एक राज्य स्तरीय मेला आयोजित किया जा चुका है और इन कार्यक्रमों में 35,000 से अधिक किसानों ने भाग लिया है।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती की पद्धतियां प्रचलित रसायन आधारित खेती से काफी अलग हैं, इसलिए नई प्रणाली को अपनाने में आने वाली चुनौतियों को देखते हुए किसानों को व्यापक प्रशिक्षण की आवश्यकता है। राज्य सरकार ने वर्ष 2025-26 के बजट में प्राकृतिक खेती के अंतर्गत 1.00 लाख एकड़ का लक्ष्य निर्धारित किया है। (अनंत ज्ञान)

# आबकारी नीति की टेंडरिंग प्रक्रिया की ईडी और सीबीआई जांच कराने की मांग



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ वाइन कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन (सीडब्ल्यूसीए) ने चंडीगढ़ की आबकारी नीति वर्ष 2025-26 की टेंडरिंग प्रक्रिया की ईडी और सीबीआई द्वारा जांच की मांग की है, जबकि कुछ शराब कारोबारी शराब के कारोबार पर एकाधिकार/कार्टेलाइजेशन करना चाहते हैं। हम मांग करते हैं कि इस पैसे के स्रोत की जांच की जाए कि चंडीगढ़ में शराब के कारोबार को कार्टेलाइज करने के लिए यह पैसा कहां से आया। आबकारी नीति 2025-26 में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है, कि अधिकतम 10 ठेके ही व्यक्तियों के फर्म कंपनी एसोसिएशन को आवंटित की जाएंगी, लेकिन यहां एक ही व्यक्ति के परिवार को 33 ठेके दे दिए गए है, जिसमें एक को व्यक्ति 8 ठेके, उनकी पत्नी को 9 ठेके और बेटे को 7 ठेके दिए गए। दूसरी कंपनी जिसमें व्यक्ति निदेशक था, उसे 9 ठेके दिए गए।

दर्शन सिंह कलेर ने बताया कि कुल 97 दुकानें वेंड थे, उनमें से 87 वेंड केवल 2 या 3 व्यक्तियों को आवंटित की गईं, जो अलग-अलग फर्मों के तहत या उनके रिश्तेदारों, सहयोगियों और उनके कर्मचारियों के माध्यम से काम कर रहे थे। इसके अलावा, पूरी टेंडरिंग प्रक्रिया के आवेदकों द्वारा जमा की गई बयाना राशि को तुरंत आवेदकों को वापस कर दिया गया, जबकि इस मामले में सफल आवंटियों द्वारा कोई सुरक्षा राशि जमा नहीं की गई, जबकि आम तौर पर यह प्रथा थी कि सफल आवंटियों द्वारा सुरक्षा राशि जमा किए जाने तक आवेदकों को बयाना राशि वापस नहीं की जाती है, जिससे यह सवाल उठता है कि इन व्यक्तियों को शराब की दुकानें आवंटित करने की इतनी जल्दी क्यों थी।

एईटीसी और कुछ अन्य अधिकारियों की भूमिका सवालों के घेरे में है, क्योंकि इस निविदा प्रक्रिया में आबकारी नीति 2025-26 और प्रतिस्पर्धा अधिनियम 2002 का उल्लंघन किया गया, जिससे शराब के पूरे कारोबार को कार्टेलाइज क्यों किया गया। निविदा प्रक्रिया के आवेदकों ने वित्तीय बोली खुलने के दौरान गुटबाजी का सवाल उठाया था तथा कलेक्टर आबकारी एवं अन्य अधिकारियों को लिखित में ज्ञापन भी दिया था, लेकिन आवेदकों की इस मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया गया तथा अधिकारियों ने वित्तीय बोली खोलने की जल्दबाजी में अन्य आवेदकों के ज्ञापन को नजरअंदाज कर दिया।

# नागरिक अस्पताल में 'दुर्घटना और ट्रॉमा केयर सेवाओं' को किया जाएगा अपग्रेड

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि जिला नूह के गांव मांडीखेड़ा स्थित नागरिक अस्पताल में 'दुर्घटना और ट्रॉमा केयर सेवाओं' को अपग्रेड किया जाएगा। इस अस्पताल को 100 बिस्तर क्षमता से बढ़ाकर 200 बिस्तरीय भी किया जाएगा, इसके लिए मंजूरी प्रदान कर दी गई है।

स्वास्थ्य मंत्री आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रही थी। उन्होंने बताया कि गांव मांडीखेड़ा में 100 बिस्तरीय अल-आफिया जिला नागरिक अस्पताल वर्ष 2005 से कार्यरत है। अस्पताल की कुल भूमि 16 एकड़ और 8 मरला है। सरकार ने 100 बिस्तरीय अल-आफिया (मांडीखेड़ा) जिला नागरिक अस्पताल को 200 बैड में अपग्रेड करने के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति जुलाई 2024 को प्रदान कर दी है। वर्तमान में 135 स्वास्थ्य सुविधाएं जिला नूंह में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि नूंह की कुल जनसंख्या 15,48,460 है, जिसमें 14,41,724 ग्रामीण तथा 1,06,736 शहरी जनसंख्या शामिल है। इन 135 स्वास्थ्य सुविधाओं में जिला नूह में एक जिला नागरिक अस्पताल 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 17 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 111 उप स्वास्थ्य केंद्र है। इनके अलावा, जिला नूह में एक मेडिकल कालेज है।

## पुरानी जगाधरी-सहारनपुर सड़क पर 4.5 किमी लंबा रिवर फ्रंट होगा विकसित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सदन में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि बाढ़ी-माजरा पुल से पुरानी जगाधरी-सहारनपुर सड़क तक पश्चिमी यमुना नहर के पश्चिमी किनारे पर छठ पूजा घाट तथा रिवर-फ्रंट विकसित करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। यह कार्य आवश्यक स्वीकृतियों के बाद लगभग 6 महीने में शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य के लिए 12.87 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। सदन के सदस्य द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए गोयल ने कहा कि बाढ़ी-माजरा पुल से पुरानी जगाधरी-सहारनपुर सड़क तक 4.5 किलोमीटर लंबा रिवर फ्रंट विकसित किया जाएगा।

# जितेंद्रपाल ने गृह मंत्री शाह से की मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भाजपा चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा ने वीरवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस बैठक में चंडीगढ़ में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, नगर निगम और अन्य सरकारी विभागों को पेपरलेस बनाने, प्रशासनिक सुधार, पारदर्शिता और नशा रोकथाम पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के दौरान शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। मल्होत्रा ने बताया कि चंडीगढ़ में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने, शिक्षक प्रशिक्षण को आधुनिक बनाने और छात्रों के लिए नवाचार कार्यक्रम लागू करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है।

स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन पर चर्चा हुई। गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

बैठक में नगर निगम चंडीगढ़ और अन्य सरकारी विभागों को पूरी तरह पेपरलेस बनाने पर सहमति बनी। डिजिटल प्रक्रियाओं को अपनाने से प्रशासनिक कार्यों को सरल, पारदर्शी और सुचारु रूप से संचालित किया जा सकेगा। इसके अलावा, नागरिक सेवाओं को बेहतर करने और सरकारी कार्यों की दक्षता बढ़ाने के लिए नई योजनाएं लागू करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में चंडीगढ़ में बढ़ती नशे की समस्या पर भी गंभीर चर्चा हुई। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने गृह मंत्री से इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए कठोर कदम उठाने की मांग की।

### लखनऊ में फूड प्वॉइजनिंग से चार बच्चों की मौत

**लखनऊ।** लखनऊ के पैरा इलाके में स्थित एक सरकारी पुनर्वास केंद्र में कथित तौर पर विषाक्त भोजन करने से चार बच्चों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य बीमार हो गए। अधिकारियों ने इस केंद्र के करीब 20 बच्चे अचानक बीमार पड़ गए, जिन्हें लोक बंधु राज नारायण संयुक्त अस्पताल ले जाया गया। जहां दो लड़कियों और दो लड़कों की मौत हुई है। इनकी उम्र 12 से 17 वर्ष के बीच है।

### मणिपुर में सुरक्षाबलों ने किए 5 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्वी जिलों से सुरक्षाबलों ने घाटी क्षेत्र में सक्रिय प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इंफाल पश्चिम के डिंगकू रोड इलाके से प्रतिबंधित 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी' के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों ने इंफाल पूर्वी के माखा लेईकाई से प्रतिबंधित पीआरईपीएके के दो सदस्यों को भी गिरफ्तार किया।

### मणिपुर में पांच किलोग्राम हेरोइन बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में पुलिस ने एक लावारिस वाहन से करीब पांच किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन बरामद की है। अधिकारियों ने बताया कि वाहन में 419 साबुनदानियों में हेरोइन छिपाकर रखी गई थी। 5.5 किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन पाउडर की बरामदगी के साथ ही तीन मादक पदार्थ तस्करों की गिरफ्तारी के बाद मणिपुर पुलिस ने एक और वाहन को पकड़ा, जिसे इंफाल पूर्वी जिले में लावारिस छोड़ दिया गया था। विहन की जांच करने पर 419 साबुनदानियों में लगभग पांच किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन पाउडर मिला।

# अमेरिकी सेना ने किए यमन की राजधानी सना पर हवाई हमले

**एजेंसी, सना**

**यमन** की राजधानी सना पर अमेरिकी सेना ने कई हवाई हमले किए हैं।

हूती की ओर से संचालित अल-मसीरा टीवी के अनुसार, तीन हवाई हमले सना के दक्षिणी हिस्से में सानहान जिले के जरबन क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए, दो हवाई हमले सना के उत्तर-पूर्व में बानी हुशायश जिले के अल-जुमायमा क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए। साथ ही दो अन्य हवाई हमले सना के उत्तरी हिस्से में अल-दायलामी वायु सेना अड्डे को निशाना बनाकर किए गए। ये सभी लक्षित क्षेत्र जाने-माने सैन्य स्थल हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है।



## इसराइली हमले में हमास प्रवक्ता अब्देल-लतीफ अल-कनौआ ढेर

**गाजा पट्टी।** इसराइल के हवाई हमले में आतंकवादी समूह हमास के प्रवक्ता अब्देल-लतीफ अल-कनौआ की मौत हो गई। इसराइली सुरक्षा बलों ने उत्तरी गाजा के जबालिया में एक तंबू में रह रहे कनौआ को निशाना बनाकर बमों की बरसात की। इस हमले में आसपास के लोग भी चपेट में आ गए। हमास के समाचार चैनल 'अल-अक्सा टेलीविजन' ने अब्देल-लतीफ अल-कनौआ के मारे जाने की पुष्टि की है।

## देश-विदेश

# ट्रंप ने आयातित कारों पर लगाया 25 फीसदी टैरिफ

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

**संयुक्त** राज्य अमेरिका में अब आयातित कारों और ट्रकों को 25 प्रतिशत टैरिफ के दायरे में लाया गया है। यह घोषणा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की। इससे इंपोर्टेड वाहन की कीमत बढ़ने की पूरी संभावना है। संयुक्त राज्य अमेरिका में बिकने वाले वाहनों में से लगभग आधे आयातित होते हैं। नया ट्रैफिक तीन अप्रैल से प्रभावी हो जाएगा। ट्रंप की इस घोषणा का उद्देश्य अमेरिका की ऑटो विनिर्माण क्षमता का विस्तार करना है। मुक्त व्यापार समझौते के कारण कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका के ऑटोमेकर्स अब तक ट्रैफिक की किचकिच से दूर थे। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि हम प्रभावी रूप से 25 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे। शुल्क से व्हाइट हाउस को सालाना 100 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व मिलने की उम्मीद है।

## टैरिफ से टाटा मोटर्स के शेयर में 5.38 फीसदी गिरावट



सेंसेक्स 317 अंक चढ़कर 77,606 पर बंद

**सेंसेक्स** वीरवार को 317 अंक चढ़कर 77,606 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 105 अंक की तेजी रही, ये 23,591 के स्तर पर बंद हुआ। बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी और इंडसइंड बैंक सेंसेक्स के टॉप गेनर्स रहे। इनमें करीब 3 फीसदी की तेजी रही। वहीं टाटा मोटर्स, सनफार्मा और एचयूएल में गिरावट रही। टाटा मोटर्स 5.38 फीसदी नीचे बंद हुआ। सेक्टोरल इंडाइसेज में निफ्टी ऑटो में सबसे ज्यादा 1.04 फीसदी की गिरावट रही, जबकि सरकारी बैंक 2.50 फीसदी, मीडिया 1.52 फीसदी और रियल्टी सेक्टर 1.35 फीसदी ऊपर बंद हुए। ट्रंप ने विदेशों से आयात होने वाली कारों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। इसका असर भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर पर दिख रहा है। जगुआर और लैंडरोवर कार बेचने वाली कंपनी टाटा मोटर्स के शेयर में आज 5.38 फीसदी की गिरावट रही।

# आत्महत्या की धमकी देना या कोशिश करना क्रूरता, यह तलाक का वैध आधार: बंबई हाईकोर्ट

**एजेंसी, मुंबई**

**बंबई** हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान व्यवस्था दी कि जीवनसाथी की ओर से आत्महत्या की धमकी देना या प्रयास करना 'क्रूरता' के समान है और यह तलाक का वैध आधार है। हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ के न्यायमूर्ति आर एम जोशी ने पिछले महीने अपने आदेश में एक दंपती के विवाह को भंग करने संबंधी पारिवारिक अदालत के आदेश को बरकरार रखा।

महिला ने पारिवारिक अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। पति ने पारिवारिक अदालत में तलाक की अर्जी देते हुए आरोप लगाया था कि पत्नी ने उसे और उसके परिवार को आत्महत्या करके जेल भेजने की धमकी दी थी। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि पति और अन्य गवाहों की ओर से पारिवारिक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत साक्ष्य पर्याप्त रूप से यह प्रदर्शित करते हैं कि पति द्वारा क्रूरता का किया गया दावा सही है।

## पश्चिमी नेपाल में लगे भूकंप के झटके, 4.5 रही तीव्रता

**काठमांडू।** नेपाल के उत्तर-पश्चिमी हुमला जिले में बुधवार रात को भूकंप के हलका झटके महसूस किए गए। भूकंप से किसी प्रकार के नुकसान की कोई खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप की 4.5 मापी गयी। भूकंप का केंद्र काठमांडू से 425 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित हुमला जिले के कालिका क्षेत्र में था। इसके बाद फिर भूकंप का झटका महसूस किया गया। इसकी तीव्रता 5.5 मापी गई।

# भारत और चीन संबंधों को फिर से सुधारने का कर रहे प्रयास: जयशंकर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़पों से तनाव के बाद संबंधों को फिर से स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि तनावपूर्ण संबंध किसी भी पक्ष के लिए फायदेमंद नहीं होंगे। जयशंकर ने कहा कि निकट भविष्य में भी भारत और चीन के बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन उन्हें विवाद नहीं बनना चाहिए। गलवान घाटी में हुई झड़पों का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि 2020 में जो कुछ हुआ, वह 'वास्तव में रिश्ते के लिए बहुत अफसोसजनक था। एशिया सोसाइटी के अध्यक्ष और सीईओ तथा दक्षिण कोरिया के पूर्व विदेश मंत्री क्यूंग-व्हा कांग की ओर से संचालित सत्र में उन्होंने कहा कि यह केवल टकराव नहीं था, यह लिखित समझौतों की अवहेलना थी, जिन शर्तों पर सहमति बनी थी, उनसे काफी दूर चले गए।

## हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025

# सबसे अमीर 10 लोगों की लिस्ट से मुकेश अंबानी बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**पिछले** साल की तुलना में कर्ज बढ़ने के कारण मुकेश अंबानी की संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपए की गिरावट आई है। इसके कारण वे दुनिया के शीर्ष 10 सबसे अमीर लोगों की सूची से बाहर हो गए हैं। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025 में यह जानकारी दी गई है।

इस लिस्ट के अनुसार, टेस्ला के सीईओ एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर शख्स बने हुए हैं। उनकी कुल संपत्ति में 82 फीसदी या 189 बिलियन डॉलर की आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है और यह 420 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई। दूसरी ओर, एचसीएल की रोशनी नादर जिनके परिवार की कुल संपत्ति 3.5 लाख करोड़ रुपए है, दुनिया की पांचवीं सबसे अमीर महिला बन गई हैं। दुनिया की शीर्ष 10 अमीर महिलाओं में जगह बनाने वाली वह पहली भारतीय महिला हैं। उनके पिता शिव नादर ने हाल ही में एचसीएल में 47 फीसदी हिस्सेदारी उन्हें हस्तांतरित कर दी थी।

## अमेजन, फ्लिपकार्ट के गोदामों पर छापेमारी

**नई दिल्ली।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने अमेजन तथा फ्लिपकार्ट के गोदामों पर छापेमारी की और ऐसे हजारों उत्पादों को जब्त जिनका उचित गुणवत्ता प्रमाणपत्र नहीं था। सरकार ने वीरवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक बयान के अनुसार, मोहन सहकारी औद्योगिक क्षेत्र में अमेजन सेलर्स प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम में 19 मार्च को 15 घंटे की कार्रवाई में बीआईएस अधिकारियों ने गीजर और फूड मिक्सर सहित 3,500 से अधिक इलेक्ट्रिकल उत्पाद जब्त किए, जिनकी कीमत करीब 70 लाख रुपए है। फ्लिपकार्ट की अनुषंगी कंपनी इंस्टाकार्ट सर्विसेज के गोदाम में भी छापेमारी की गई। वहां से 590 जोड़ी 'स्पोर्ट्स फुटवियर' जब्त किए गए जिन पर आवश्यक विनिर्माण चिह्न नहीं थे।

# भारतीय सेना की बढ़ेगी ताकत 307 हॉवित्जर तोपों की होगी खरीद



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**रक्षा** मंत्रालय ने भारतीय सेना की डिफेंस कैपेसिटी को बढ़ाने के लिए 6900 करोड़ रुपए की डील साइन की। इसके तहत अब 307 एडवांस्ड टोव्ड आर्टिलरी गन सिस्टम यानी हॉवित्जर तोपों को खरीदा जाएगा।

यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में स्वदेशी तोपें खरीदी जा रही हैं। यह डील भारत फोर्ज और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ हुई है। इसमें भारत फोर्ज 60 फीसदी तोपों का निर्माण करेगी, जबकि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स 40 फीसदी का प्रोडक्शन करेगी। टोव्ड गन यानी ऐसी तोप है जिसे ट्रक से खींचा जाता है। हालांकि, यह गोला दागने के बाद बोफोर्स की तरह कुछ दूर खुद ही जा सकती है। इस तोप का कैलिबर 155एमएम है। मतलब यह कि इस आधुनिक तोप से 155एमएम वाले गोले दागे जा सकते हैं।

# विकसित भारत के सपने की ओर बढ़ने की कुंजी इनोवेशन : गोयल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्रीय** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 'इनोवेशन' देश के 'विकसित भारत' सपने की ओर बढ़ने की कुंजी है। इसके साथ ट्रेडमार्क सर्च और बौद्धिक संपदा (आईपी) प्रवर्तन में मॉडर्न टेक्नोलॉजी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स की जरूरत बनी हुई है।

केंद्रीय मंत्री ने इनोवेटर्स और व्यवसायों के हितों की रक्षा के लिए मजबूत कॉपीराइट सुरक्षा उपायों के महत्व पर भी जोर दिया। 'राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पुरस्कार 2024' कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने विधायी परिवर्तनों, प्रशासनिक सुधारों और इनोवेशन और रिसर्च को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई पहलों के जरिए आईपी इकोसिस्टम को मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। गोयल ने कहा कि इनोवेशन हमेशा से हमारे डीएनए में रहा है। हमें बहुत गर्व है कि 'शून्य' की उत्पत्ति भारत से हुई है। शतरंज को भी अब एक खेल के रूप में पहचाना जा रहा है, जिसकी उत्पत्ति हमारी प्राचीन परंपरा चतुरंग से हुई है। 'इनोवेशन' देश के विकसित भारत बनने की यात्रा को परिभाषित करेगा। रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गोयल ने कहा कि कोई भी देश इनोवेशन, नए विचारों, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन प्रगति पर ध्यान केंद्रित किए बिना विकसित होने का दावा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हमारे अमृतकाल में जैसा कि हम भारत को एक लचीली अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, आरएंडडी की एक महत्वपूर्ण होगी। हम नई टेक्नोलॉजी और विचारों का एक पावर हाउस बनने की ओर बढ़ रहे हैं।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**ईशान किशन**
106




पर्पल कैप
**नूर अहमद**
04



सिक्सर किंग
**श्रेयस अय्यर**
09

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हैदराबाद | 01 | 01 | 00 | 02 |
| 2. | बेंगलुरु | 01 | 01 | 00 | 02 |
| 3. | पंजाब | 01 | 01 | 00 | 02 |
| 4. | चेन्नई | 01 | 01 | 00 | 02 |
| 5. | दिल्ली | 01 | 01 | 00 | 02 |
| 6. | कोलकाता | 02 | 01 | 01 | 02 |
| 7. | लखनऊ | 01 | 00 | 01 | 00 |
| 8. | मुंबई | 01 | 00 | 01 | 00 |
| 9. | गुजरात | 01 | 00 | 01 | 00 |
| 10. | राजस्थान | 02 | 00 | 02 | 00 |

## आईपीएल

### स्पिन का सामना करना हमेशा से कोहली की बल्लेबाजी का मजबूत पक्ष नहीं रहा

# चेन्नई में जीत के 17 साल के इंतजार को खत्म करने उतरेगा आरसीबी

**एजेंसी, चेन्नई**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में जब चेन्नई सुपरकिंग्स से भिड़ेगा तो टीम की नजरें यहां जीत के 17 साल के इंतजार को खत्म करने के लिए अपने अनुभवी बल्लेबाजों पर टिकी होंगी। आरसीबी ने चेपक में सुपरकिंग्स को सिर्फ एक बार हराया है और वह भी 2008 में टूर्नामेंट के पहले सत्र में। आरसीबी की मौजूदा टीम में सिर्फ स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ही उस मैच का हिस्सा थे और अब वह दूसरी बार सुपरकिंग्स के किले को भेदना चाहेंगे।

हालांकि, आरसीबी की राह आसान नहीं होगी। हमेशा की तरह चेन्नई की टीम स्पिनरों की मददगार पिच पर अपने घरेलू मैचों में विरोधी टीमों को कड़ी टक्कर देने को तैयार होगी। टीम के पास अनुभवी रविंद्र जडेजा हैं जो लंबे समय से टीम का हिस्सा हैं, जबकि पिछले साल खिलाड़ियों की नीलामी के जरिए उन्होंने अपने 'पुराने खिलाड़ी' रविचंद्रन अश्विन को टीम के साथ जोड़ा है। चेन्नई की टीम ने अफगानिस्तान के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद को भी टीम में शामिल किया है और इस तिकड़ी ने कुछ दिन पहले पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। मुंबई के खिलाफ तीनों ने मिलकर 11 ओवर फेंके और 70 रन देकर पांच विकेट लिए।



इस मैच में भी चेन्नई की पारंपरिक पिच देखने को मिलेगी और कोहली की अगुवाई में आरसीबी के बल्लेबाजों को अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण को मात देने के लिए अपने खेल को बेहतर करना होगा। आरसीबी के बल्लेबाजी क्रम को सुपरकिंग्स के तीन आयामी स्पिन आक्रमण के खिलाफ पूरी तरह से आक्रामक होने की जगह अधिक चतुर होना होगा और कोहली को उनका नेतृत्व करना होगा। स्पिन का सामना करना हमेशा से कोहली की बल्लेबाजी का मजबूत पक्ष नहीं रहा है, लेकिन पिछले दो वर्षों में उन्होंने इस विभाग में काफी सुधार दिखाया है। इस बदलाव का मुख्य कारण स्पिनरों के खिलाफ अधिक स्वीप और स्लॉग स्वीप खेलने की उनकी इच्छा है और कोहली को शुक्रवार शाम को होने वाले मैच में अपनी सारी विशेषज्ञता दिखानी होगी। कोहली को साथ ही फिल सॉल्ट, कप्तान रजत पाटीदार, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों से समर्थन की जरूर होगी। चेपक की पिच को देखते हुए आरसीबी संभवतः टिम डेविड की जगह जैकब बेथेल को एकादश में शामिल कर सकता है जो बाएं हाथ से स्पिन गेंदबाजी का विकल्प भी देते हैं।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**चेन्नई सुपरकिंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र धोनी, रविंद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रविंद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुड्डा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी और आंद्रे सिद्धार्थ।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, यश दयाल, जोश हेजलवुड, फिल सॉल्ट, जितेश शर्मा, लियाम लिविंगस्टोन, रसिख सलाम, सुयश शर्मा, कृणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वस्तिक चिकारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह और मोहित राठी।

### आरसीबी के लिए चेपक में खेलना बड़ी चुनौती: वाटसन



**ऑस्ट्रेलिया** के पूर्व ऑलराउंडर शेन वाटसन ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को शुक्रवार को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ अपने दूसरे आईपीएल मैच में चेपक की पिच की जरूरत के अनुसार अपने टीम संयोजन में बदलाव करना होगा। आरसीबी ने कोलकाता नाइट राइडर्स पर शानदार जीत दर्ज की, लेकिन वाटसन का मानना है कि चेन्नई के खिलाफ उन्हें बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। वाटसन ने कहा, ''आरसीबी के लिए चेपक में खेलना एक बड़ी चुनौती होगी, विशेषकर सुपरकिंग्स के पास मौजूद बेहतरीन गेंदबाजों को देखते हुए। सुपरकिंग्स की ताकत का मुकाबला करने के लिए आरसीबी को अपने टीम संयोजन में बदलाव करने की जरूरत होगी। लेकिन कोई गलती नहीं करें -चेपक एक किला है।'' अपने आईपीएल करियर में सुपरकिंग्स और आरसीबी दोनों के लिए खेलने वाले वाटसन ने चेन्नई के पास बेहतरीन स्पिनरों की मौजूदगी को घरेलू मैदान पर उनके दबदबे का मुख्य कारण बताया।

## डीसी इलेवन ने इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट टूर्नामेंट खिताब जीता



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर के लुहणू मैदान में चल रहे इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-3 का फाइनल मुकाबला डीसी इलेवन और एसपी इलेवन के बीच खेला गया, जिसमें डीसी इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। फाइनल मैच में एसपी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 157 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसी इलेवन की शुरुआत कुछ अच्छी नहीं रही, लेकिन डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सदिक और शुभम ने अपनी आक्रामक बेटिंग करते हुए चारों ओर शानदार शॉट लगाए। डीसी सादिक ने 82 रन और शुभम ने भी 62 रन बनाए।

डीसी इलेवन ने 18 ओवरों में 8 विकेट से जीत लिया। टूर्नामेंट के समापन पर विजेता टीम को सम्मानित किया गया और उनके शानदार खेल की सराहना की गई।

### आईपीएल-18 सीजन का 7वां मैच

# सनराइजर्स पर सुपर जॉयंट्स हुए हावी

**एजेंसी, हैदराबाद**

आईपीएल का 7वां मैच सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच खेला गया। एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, जो कि उनके लिए फायदेमंद साबित हुआ।

प्रिंस यादव ने ट्रैविस हेड को बोल्ड कर दिया, हेड ने 28 गेंदों में 47 रन बनाए। शार्दुल ठाकुर ने अभिषेक शर्मा और ईशान किशन को कैच कराया। अभिषेक ने मात्र 6 गेंदों में 6 रन बनाए, जबकि ईशान किशन खाता भी नहीं खोल सके। सनराइजर्स हैदराबाद ने 11 ओवर के बाद 3 विकेट के नुकसान पर 110 रन बना लिए थे। समाचार लिखे जाने तक नितिश रेड्डी (26) क्लासेन (28) बनाकर खेल रहे थे और अपनी टीम को मजबूत स्कोर प्रदान कर रहे थे।



## स्पोर्ट्स विंडो

### इंपेक्ट प्लेयर नियम पर फिलिप्स बोले-ऑलराउंडर को हो सकता है नुकसान

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड और गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स का मानना है कि आईपीएल में इंपेक्ट प्लेयर नियम फिलहाल काम कर रहा है लेकिन यह कभी ना कभी ऑलराउंडर के विकास में समस्याएं खड़ी कर सकता है। इस नियम पर लोगों की राय अलग-अलग है, लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसे कम से कम 2027 के सत्र तक लागू किया है। इंपेक्ट प्लेयर के रूप में अतिरिक्त बल्लेबाज मिलने से लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को पहली ही गेंद से आक्रामक रुख अपनाने का मौका मिलता है। इसी तरह बाद में गेंदबाजी करने वाली टीम ऑलराउंडर की जगह अतिरिक्त विशेषज्ञ गेंदबाज को खिला सकती है। फिलिप्स ने पीटीआई से कहा, ''मैं न तो इसके पक्ष में हूं और न खिलाफ। यह निश्चित रूप से टीम को अलग-अलग चीजें करने की अनुमति देता है, लेकिन मुझे लगता है कि किसी स्तर पर ऑलराउंडर बाहर हो सकते हैं और इसका स्पष्ट रूप से अंतरराष्ट्रीय मैच, अंतरराष्ट्रीय टी20, अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय मुकाबले पर असर पड़ सकता है।'' उन्होंने कहा, ''तो अभी के लिए, यह क्रिकेट का एक बेहतरीन मनोरंजक ब्रांड है। लेकिन मुझे लगता है कि आईपीएल ने जो अच्छा काम किया है, वह है कि नियमों को माहौल के अनुसार बदलना।''

### एलिस की खूबसूरती के आगे एक्ट्रेस भी फेल

**इंग्लैंड।** इंग्लैंड की ऑलराउंडर खिलाड़ी एलिस केप्सी भी खूबसूरती में किसी से कम नहीं हैं। एलिस अपनी खूबसूरती से बॉलीवुड एक्ट्रेस को कड़ी टक्कर देती हैं। एलिस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी तस्वीरें भी शेयर करती रहती हैं।




### पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला ने जीती हैंडबॉल चैंपियनशिप

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी हैंडबॉल चैंपियनशिप का वीरवार को सुंदरनगर में समापन हो गया है। इसका आयोजन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के तत्वावधान में गायत्री कॉलेज द्वारा बीबीएमबी कॉलोनी के स्कूल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर एसपीयू मंडी के कुलपति प्रोफेसर ललित कुमार अवस्थी बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर एसपीयू मंडी की प्रति कुलपति प्रो. अनुपमा सिंह ने शिरकत की। ओवरऑल चैंपियनशिप में पहला पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला, दूसरा एचपीयू शिमला और तीसरा स्थान जीएनडीयू अमृतसर किया।

## अर्जेंटीना को मेस्सी के 2026 विश्व कप तक खेलने की उम्मीद

**एजेंसी, ब्यूनस आयर्स**



अर्जेंटीना यह साबित कर रहा है कि अगर स्टार खिलाड़ी लियोनल मेस्सी किसी भी कारण से 2026 विश्व कप में नहीं खेलने का फैसला करते हैं तो भी वह जीत सकता है। अर्जेंटीना ने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली है और अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या 37 वर्षीय मेस्सी अपने छठे टूर्नामेंट में खेलेंगे और लगातार दो विश्व कप जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगे। अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कोलोनी ने कहा, ''हम देखेंगे कि क्या होता है, अभी बहुत समय है।''

उन्होंने कहा, ''हमें एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहिए, नहीं तो हम पूरे साल एक ही बात के बारे में बोलते रहेंगे। हमें उसे अकेला छोड़ देना चाहिए, हम देखेंगे। वह जब चाहे तब फैसला करेगा।'' मंगलवार को विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के कुछ घंटों बाद अर्जेंटीना ने ब्राजील को विश्व कप क्वालीफाइंग में अब तक की सबसे बुरी 1-4 से शिकस्त दी। अर्जेंटीना ने कुछ दिन पहले उरुग्वे को 1-0 से हराया था। इन दोनों ही मैच में मेस्सी नहीं खेले थे। आठ बार के बेलोन डिओर विजेता मेस्सी जांघ की मांसपेशियों में चोट के कारण बाहर हैं। कतर में 2022 विश्व कप में खिताबी जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी करने वाले मेस्सी को चोट की चिंताओं के कारण इस सत्र में इंटर मियामी ने कई मैच से बाहर रखा है।

## ईगा स्वियातेक को हराकर एलेक्सांद्रा सेमीफाइनल में

**एजेंसी, अमेरिका**



एलेक्सांद्रा इयाला ने मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एक और उलटफेर करते हुए क्वार्टर फाइनल में पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन और दूसरी वरीय ईगा स्वियातेक को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। बाएं हाथ की 19 साल की खिलाड़ी एलेक्सांद्रा ने स्वियातेक को एक घंटे और 37 मिनट में 6-2, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। महिला पेशेवर टूर पर फिलिपींस का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र खिलाड़ी एलेक्सांद्रा को इस डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता के लिए वाइल्ड कार्ड मिला है और वह दुनिया की 140वें नंबर की खिलाड़ी हैं।

### करमाकर के निलंबन पर चर्चा की जाएगी: एनआरएआई

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने वीरवार को कहा कि अर्जुन पुरस्कार विजेता जॉयदीप करमाकर को पश्चिम बंगाल में सभी निशानेबाजी गतिविधियों से निलंबित किए जाने के बारे में उचित स्तर पर चर्चा की जाएगी। पश्चिम बंगाल राइफल संघ (डब्ल्यूबीआरए) ने राइफल कोच करमाकर को राज्य में निशानेबाजी से संबंधित गतिविधियों से प्रतिबंधित करने का कदम तब उठाया जब इस ओलंपियन ने साल के शुरू में उत्तराखंड में आयोजित 2025 राष्ट्रीय खेलों के लिए चयन पर सवाल उठाए थे। एनआरएआई सचिव राजीव भाटिया ने कहा, ''इस पर उचित स्तर पर चर्चा की जाएगी।

## ऐसे व्यक्ति के साथ गेंदबाजी करने का आदी हूं जो **मेरे से बेहतर** है: मोईन अली

**एजेंसी, गुवाहाटी**



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान सुनील नारायण की जगह सफलतापूर्वक लेने वाले मोईन अली ने कहा कि वह ऐसे व्यक्ति के साथ गेंदबाजी करने के आदी हैं जो उनसे बेहतर है। मोईन ने बुधवार को भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के साथ मिलकर बीच के ओवरों में रॉयल्स के गेंदबाजों पर शिकंजा कसा और विरोधी टीम को नौ विकेट पर 151 रन पर रोक दिया।

मोईन ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''मेरा काम रन गति पर लगाम कसना है जिससे कि वह दबाव बना सके और विकेट ले सके। मैं ऐसे व्यक्ति के साथ गेंदबाजी करने का आदी हूं जो मेरे से बेहतर है और जिसमें मेरे से अधिक विविधता है। मेरा काम जितना हो सके उतनी कसी हुई गेंदबाजी करना है और उम्मीद है कि इससे दबाव बनेगा और वह व्यक्ति विकेट ले सकेगा।'' उन्होंने कहा, ''जैसा कि हम जानते हैं कि वरुण बेहतरीन गेंदबाजी कर रहा हैं और वह एक शानदार गेंदबाज है। पिछले दो-तीन वर्षों में उसमें बहुत सुधार हुआ है। ऐसे गेंदबाज के साथ गेंदबाजी करना अद्भुत है।'' मोईन ने रॉयल्स के खिलाफ चार ओवर में 23 रन पर दो विकेट चटकाए, जबकि उनके युवा स्पिन साथी चक्रवर्ती ने भी चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

नारायण बीमारी के कारण गुवाहाटी में मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे जिससे केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे को मैच से कुछ घंटे पहले इंग्लैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को एकादश में शामिल करना पड़ा। केकेआर के स्पिनरों के विपरीत रॉयल्स के स्पिनर महेश तीक्षणा और वानिंदु हसरंगा धीमे गेंदबाजों की मदद करने वाली पिच पर उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके।

रॉयल्स के स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने कहा, ''हमारे पास हसरंगा और तीक्षणा जैसे स्पिनर हैं जो निश्चित रूप से विश्व स्तरीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। कई बार (मैच के दौरान) मुझे लगा कि उन्होंने शॉर्ट गेंदबाजी की, जबकि अगर वह ऐसा नहीं करते तो स्पिनरों को निश्चित रूप से मदद मिलती।'' तीक्षणा को कोई विकेट नहीं मिला और उन्होंने चार ओवर में 32 रन दिए जबकि हसरंगा ने रहाणे का विकेट लेते हुए तीन ओवर में 34 रन दिए।

बहुतुले ने कहा, ''लेकिन फिर मुझे लगता है कि वे अभी-अभी आईपीएल में आए हैं इसलिए अब मुझे यकीन है कि आने वाले मुकाबलों में उनका प्रभाव पड़ेगा।'' उन्होंने कहा, ''मुझे टीम के सभी स्पिनरों, सभी गेंदबाजों पर भरोसा है। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि यह एक युवा टीम है, बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिहाज से बहुत ही प्रभावशाली टीम। मुझे यकीन है कि वे आने वाले मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।''

## एएफसी महिला एशियाई कप क्वालीफायर में भारत को ग्रुप-बी में मिली जगह

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम को एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए बृहस्पतिवार को ग्रुप-बी में थाईलैंड, मंगोलिया, तिमोर लेस्ते और इराक के साथ जगह मिली। टूर्नामेंट का ड्रॉ कुआलालंपुर में एएफसी हाउस में आयोजित किया गया। थाईलैंड 23 जून से पांच जुलाई के बीच केंद्रीकृत एकल राउंड रोबिन प्रारूप में क्वालीफायर के ग्रुप-बी की मेजबानी करेगा। ग्रुप विजेता फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे, जिसका आयोजन एक से 26 मार्च 2026 तक ऑस्ट्रेलिया के तीन शहरों में किया जाएगा। ड्रॉ के लिए छह मार्च की फीफा महिला विश्व रैंकिंग के आधार पर टीमों को वरीयता दी गई। महाद्वीप की शीर्ष प्रतियोगिता के 21वें सत्र के लिए आठ स्थान दांव पर लगे हैं जिसके लिए 34 टीम चुनौती पेश करेंगी। मेजबान ऑस्ट्रेलिया और एएफसी महिला एशियाई कप भारत 2022 की शीर्ष तीन टीमें गत चैंपियन चीन, उप विजेता दक्षिण कोरिया और तीसरे स्थान पर रहने वाले जापान को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश मिला है। एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 से शीर्ष छह टीम फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### समारोह | बिलासपुर अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग फिएस्टा-2025 का समापन

# दक्षिण कोरिया की यूनयोंग चो ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग फिएस्टा-2025 का समापन बिलासपुर में भव्य समारोह के साथ हुआ। इस प्रतिष्ठित आयोजन में भारत, इराक, दक्षिण कोरिया, सऊदी अरब, नेपाल सहित भारतीय वायु सेना के पायलट्स ने भाग लिया और अपने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में उपायुक्त बिलासपुर अबिद हुसैन सादिक मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, मत्स्य निदेशक विवेक चंदेल, सहायक आयुक्त नरेंद्र अहलूवालिया आदि उपस्थित रहे। विभिन्न वर्गों में विजेताओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक के साथ नकद पुरस्कार भी दिए गए। महिला वर्ग में दक्षिण कोरिया की यूनयोंग चो ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता, जबकि जंगमिन कांग को रजत पदक और नेहल अलहिलाल को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। टीम श्रेणी में भारत की 'चलो चंबा' टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक और एक लाख, द्वितीय स्थान पर रही योंगह्वा कोर इंडिया टीम को रजत पदक और 75,000 रुपए, जबकि तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रोजेक्ट 777 टीम (भारत और नेपाल) को कांस्य पदक और 50,000 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।




ओवरऑल श्रेणी में भारत के अक्षय कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक और एक लाख रुपए, दक्षिण कोरिया की यूनयोंग चो को रजत पदक और 75,000 रुपए, जबकि डोवान कांग (दक्षिण कोरिया) तृतीय स्थान पर रहे और उन्हें कांस्य पदक तथा 50,000 रुपए का नकद इनाम मिला।

मुख्यातिथि अबिद हुसैन सादिक ने प्रतियोगिता में योगदान देने वाले निर्णायकों, टेक्निकल टीम और आयोजन समिति के महत्वपूर्ण पदाधिकारियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि इस आयोजन से बिलासपुर में एडवेंचर और वॉटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय पर्यटन और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने इस प्रतियोगिता को भविष्य में और बड़े स्तर पर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

उपायुक्त ने इस आयोजन की सफलता पर सभी आयोजकों, पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन, प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में इसे और भव्य रूप से आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।